*	ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 152

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







# हजारीबाग में कोयला तस्करों ने पांच को रौंदा

## खैरा गांव में अवैध बालू लदे हाइवा ने मचाया कोहराम

- हादसे की शिकार चार लड़कियां पुलिस बहाली की तैयारी कर रही थी
- दो लड़कियों की हालत गंभीर, रांची रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** हजारीबाग जिले में बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी लगातार जारी है। तस्करी को लेकर हर कुछ समय पर अलग-अलग घटनाएं सामने आती रहती हैं। इसी क्रम में गुरुवार कोयला तस्करों ने बड़ी घटना को अंजाम दे दिया। खैरा-बरकट्ठा मुख्य सड़क के कारीचट्टान के पास गुरुवार सुबह अवैध बालू लदा हाइवा ने पांच को रौंद दिया। इनमें चार लड़कियां और एक महिला शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना था कि चारों लड़कियां पुलिस में बहाली के लिए तैयारी कर रही थी। वह दौड़ने के लिए निकली थीं। घटनास्थल टाटीझरिया थाना क्षेत्र से महज 14 किलोमीटर दूर है।

गौरतलब है कि हर दिन काफी संख्या में महिला-पुरुष, युवक-युवितियां खैरा-कारिचट्टान की तरफ मॉर्निंग वाक करने जाते हैं। युवक-युवतियां दौड़ भी लगाती हैं। गुरुवार को भी काफी संख्या में सभी मार्गिन वाक के लिए निकले थे। तभी बालू से लदा हाइवा तेज गति से आया एक महिला और चार लड़कियों को रौंद दिया। इससे चारों तरफ अफरा-तफरी मच गयी। घटना के बाद हाइवा चालक तत्काल वहां से फरार हो गया। हाइवा की चपेट में आने से नंदनी कुमारी, मानसी कुमारी, रिया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी घायल हो गयीं। वहीं एक महिला पूजा देवी भी घायल हैं। ग्रामीणों की मदद से सभी को अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि हाइवा को आते देख लड़कियां सड़क किनारे हट गयीं, बावजूद इसके अवैध कोयला लेकर जा रहे चालक ने हाइवा को लड़कियों के ऊपर चढ़ा दिया।



### ग्रामीणों ने अवैध बालू लदे वाहनों को रोका

घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। उन्होंने एक हाइवा और चार ट्रैक्टर को कुछ दूरी पर रोक दिया। सभी में अवैध बालू लदा हुआ था। उनका आरोप था कि इस रास्ते पर हर दिन बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी होती है। अवैध बालू बराकर नदी से उठा कर इसी रास्ते से इचाक, खैरा, झरपो, नारायणपुर, भराजो जाता है, परंतु हैरान करनेवाली बात यह है की जितने भी हाइवा चल रहे हैं, किसी गाड़ी में नंबर नहीं हैं, बावजूद पुलिस उन्हें नहीं पकड़ती। स्थानीय लोगों ने कहा कि टाटीझरिया थाना को सुबह छह बजे सूचना मिली और पुलिस बिलंब से घटनास्थल पहुंची।

# अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार

- दो घंटे की पूछताछ के बाद इडी की कार्रवाई
- हाइकोर्ट से नहीं मिली थी राहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। इडी की टीम गुरुवार शाम 7 बजे केजरीवाल के घर 10वां समन और सर्च वारंट लेकर पहुंची थी। जांच एजेंसी ने दो घंटे तक पूछताछ के बाद रात 9 बजे यह कार्रवाई की। इडी टीम के साथ दिल्ली पुलिस के डीसीपी स्तर के अधिकारी मौजूद थे। इधर, केजरीवाल की लीगल टीम ने सुप्रीम कोर्ट में भी अपील की है। इससे पहले गुरुवार को दोपहर 2.30 बजे हाइकोर्ट ने दिल्ली केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज कर दी थी। केजरीवाल ने कोर्ट से ये भरोसा मांगा था कि अगर वे पूछताछ के लिए इडी के पास जाते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाये। कोर्ट ने साफ किया कि केजरीवाल को इडी के सामने पेश होना होगा, उनकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं है। गौरतलब है शराब नीति मामले में इडी केजरीवाल को नौ बार समन भेज चुकी थी, लेकिन वह एक बार भी पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए।

उधर, केजरीवाल के घर के बाहर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जुट गये। उन्होंने प्रदर्शन भी किया। पूरे इलाके में धारा 144 लागू की गयी। भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किये गये हैं। जगह-जगह बैरिकेटिंग की गयी है। उधर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि इडी ने अरविंद केजरीवाल को अरेस्ट कर लिया है। हम पहले भी कह चुके हैं कि केजरीवाल जेल से सरकार चलायेंगे। केजरीवाल दिल्ली के सीएम बने रहेंगे। हमने सुप्रीम कोर्ट ने केस दायर किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट से अर्जेंट सुनवाई की मांग की है।



## सीता सोरेन को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली



**रांची (आजाद सिपाही)।** शिबू सोरेन की बड़ी बहू और पूर्व विधायक सीता सोरेन को केंद्र सरकार ने जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। जेड श्रेणी में 22 कर्मियों की सुरक्षा होती है, जिसमें 4-6 एनएसजी कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होते हैं। झारखंड पुलिस की विशेष शाखा में राज्य सुरक्षा वर्गीकरण समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक के दौरान झारखंड के विशिष्ट, अति विशिष्ट व्यक्तियों के आसन्न खतरे की समीक्षा की गयी। समीक्षा के बाद जेड प्लस, जेड, वाई प्लस, वाई और एक्स कैटेगरी की सुरक्षा में सभी लोगों को रखा गया है।

# सब इंस्पेक्टर मीरा सिंह के घर इडी की रेड

- 12.50 लाख कैश और कई मोबाइल फोन मिले
- कांग्रेस नेता लाल मोहितनाथ के ठिकानों पर भी छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/हटिया।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने गुरुवार सुबह रांची में छापेमारी की। यह छापेमारी तुपुदाना ओपी प्रभारी सब इंस्पेक्टर मीरा सिंह के आवास पर की गयी। इसके अलावे कांग्रेस नेता के तौर पर जाने जाने वाले जमीन कारोबारी लाल मोहितनाथ शाहदेव के घर पर भी रेड पड़ी है। छापेमारी के पीछे की वजह अवैध बालू और जमीन का धंधा बताया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक छापेमारी की कार्रवाई जारी थी। इडी ने आधिकारिक रूप से छापेमारी में क्या मिला, इसकी जानकारी नहीं दी है। सूत्रों के मुताबिक सब इंस्पेक्टर मीरा सिंह के घर से 12.50 लाख कैश मिलने की खबर है। साथ ही आठ मोबाइल फोन भी जब्त किये गये हैं।

### चर्चित पुलिस अधिकारी रही हैं मीरा सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। तुपुदाना ओपी की थाना प्रभारी मीरा सिंह चर्चित पुलिस अधिकारी रही हैं। मीरा सिंह रिश्वत लेने के आरोप में पहले जेल जा चुकी हैं। जानकारी के मुताबिक मीरा सिंह वही पुलिस अफसर हैं, जिन्हें खूंटी में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया था। मीरा के खिलाफ जांच अब भी एसीबी में लंबित है। खूंटी महिला थाना की तत्कालीन थाना प्रभारी रहते हुए मीरा सिंह को 25 फरवरी 2021 को एसीबी ने 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। मीरा सिंह पर आरोप था कि दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को बचाने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। पहली किश्त के तौर पर 15 हजार रुपये मांगे थे। इसके बाद रिश्वत की पहली किस्त लेते समय एसीबी की टीम ने मीरा को रंगेहाथों गिरफ्तार किया था।

## न्यूज रील्स

### एसबीआइ ने इलेक्टोरल बांड की पूरी जानकारी सौंपी

नयी दिल्ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 21 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में बताया कि उसने चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बांड से जुड़ी सारी जानकारी सौंप दी है। नयी जानकारी में बांड्स के सीरियल नंबर भी शामिल हैं। पिछली बार इनकी जानकारी नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआइ के चेयरमैन को फटकार लगायी थी। 18 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने इडी को आदेश दिया था कि 21 मार्च की शाम 5 बजे तक हर बांड का अल्फान्यूमेरिक नंबर और सीरियल नंबर, खरीद की तारीख और राशि सहित सभी जानकारियां दें।

### भाजपा ने लोकसभा के लिए तीसरी लिस्ट जारी की

नयी दिल्ली। भाजपा की तीसरी लिस्ट गुरुवार को आ गयी है। इसमें तमिलनाडु के नौ उम्मीदवारों का ऐलान किया गया है। इसमें तेलंगाना की राज्यपाल रहीं तमिलिसाई सुंदरराजन को चेन्नई साउथ से टिकट दिया गया है। राज्य के भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई को कोयंबटूर और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को नीलगिरि से उतारा गया है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं, इनमें से भाजपा ने 10 पट्टाली मक्कल काची को दी हैं। पार्टी अब तक 276 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है।

### विज्ञापन केस में पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापन मामले में अब कंपनी ने कोर्ट से अपनी गलती की माफी मांगी है। पतंजलि आयुर्वेद और उसके एमडी आचार्य बालकृष्ण ने गुमराह करने वाले भ्रामक दवा विज्ञापन देने के लिए सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। इस माफीनामे में विज्ञापन को फिर से प्रसारित न करने का भी वादा किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण को 2 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने को कहा है।

# बिल्डर नीरज सहाय ने की आत्महत्या

- घर में ही लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को मार ली गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में एक चर्चित बिल्डर ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। घटना डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित हिनू में घटी है। गुरुवार सुबह गोली की आवाज सुन कर परिजन तुरंत पहुंचे। पुलिस के आने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती काराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नीरज सहाय रांची के मशहूर बिल्डर थे। उन्होंने आत्महत्या क्यों की, पुलिस इसकी जाच कर रही है। हालांकि कहा जा रहा है कारोबार में नुकसान के कारण उन्होंने आत्महत्या की।

नीरज की आत्महत्या के तुरंत बाद पुलिस को परिजनों ने सूचना दी। परिजनों ने बताया कि उन्होंने अंदर से दरवाजा बंद कर रखा था। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला तो अंदर नीरज का शव पड़ा था। उनकी लाइसेंसी पिस्तौल उनके हाथ में थी। परिजनों ने बताया कि देर रात तक सब ठीक था। नीरज को देख कर यह नहीं लग रहा था कि उन्हें कुछ तनाव था। वह घर में सबके साथ अच्छे से बातचीत भी कर रहे थे। अचानक क्या हुआ कि उन्होंने आत्महत्या कर ली, इसका जवाब किसी के पास नहीं है।



### कारोबार में हुआ था नुकसान

पुलिस की जांच में यह बात सामने आ रही है कि उन्हें कारोबार में नुकसान हुआ था। हालांकि यह नुकसान कितना बड़ा था, इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल सकी है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। एफएसएल टीम ने पूरे कमरे की भी जांच की है। चर्चा है कि नीरज सहाय पिछले कुछ समय से अपने व्यापार में आयी गिरावट और इन्वेस्टर्स का प्रेशर झेल रहे थे। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा था, एक प्रभावशाली नेता और एक महिला नेता के पति नीरज सहाय पर पैसा लौटाने के लिए दबाव बना रहे थे। नीरज ने अपने इन्वेस्टर्स से साफ कह दिया था कि फिलहाल वह पैसा वापस करने की स्थिति में नहीं हैं, क्योंकि रकम बहुत बड़ी है। नीरज सहाय को लगातार पैसा वापस करने का प्रेशर दिया जा रहा था।

# कांग्रेस बोली, कार्रवाई नियमों के खिलाफ

- आयकर विभाग ने किया है कांग्रेस का बैंक खाता फ्रीज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग के द्वारा अपने बैंक खाते फ्रीज करने के मामले में कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगायी है। सुप्रीम कोर्ट जाने से आधे घंटे पहले मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेस की। तीनों नेताओं ने एक सुर में कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले बैंक खातों को फ्रीज करवा कर केंद्र सरकार देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को कमजोर और पंगु बनाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में फ्री और फेयर इलेक्शन की बात कैसे हो सकती है। इस पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस हार के डर से बहाने ढूंढ़ रही है।

# राजद ने चतरा और पलामू से उम्मीदवार उतारे

- कांग्रेस पसोपेश में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में इंडी अलायंस के सीट शेयरिंग के औपचारिक एलान से पहले राजद ने पलामू और चतरा सीट से अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इसके बाद अब चतरा या पलामू में किसी एक सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना बन गयी है। झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा से अपनी उम्मीदवारी का एलान करते हुए कहा कि पार्टी ने पलामू से ममता भुइयां को टिकट दिया है।

इंडी अलायंस में झारखंड के बारे में तय हुआ है कि यहां कांग्रेस सात सीटों पर, झामुमो पांच सीटों पर और राजद तथा माले एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारेगा। राजद को चतरा या पलामू में से कोई एक सीट और माले को कोडरमा सीट दिये जाने की बात हुई है। इंडी अलायंस में सीट बंटवारे को लेकर मामला यहीं फंस रहा है। सत्यानंद भोक्ता ने सोशल मीडिया में भी पोस्टर जारी किया है, जिसमें खुद को राजद की ओर से चतरा लोकसभा संसदीय सीट का प्रत्याशी बताया है। पोस्टर में एक तरफ लालू प्रसाद और दूसरी तरफ शिबू सोरेन की तस्वीर है। भोक्ता के एलान को लेकर अब तक इंडी अलायंस से किसी तरह का जवाब नहीं आया है।




श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सोशल मीडिया में जारी किया पोस्टर।


# लिटिल विंग्स स्कूल में नारी उत्सव : महिलाओं को सम्मान

## भोजपुरी गायिका देवी के हाथों महिलाओं को मिला सम्मान

**लिटिल विंग्स स्कूल (बूटी मोड़)** में 'नारी उत्सव, 2024' मनाया गया. नारी उत्सव 2024 के तहत विद्यालय से जुड़ी सभी महिलाएं, चाहे वे विद्यालय में कार्यरत हों या विद्यार्थियों के परिवार की सदस्य हों, सबको सम्मानित किया गया. इन महिलाओं के लिए आयोजित **'बेस्ट सेल्फी अवार्ड'** में चयनित 11 बेस्ट सेल्फीज को मुख्य अतिथि भोजपुरी की सिंगर देवी द्वारा पुरस्कृत किया गया. वहीं अन्य सभी सेल्फीज को सांत्वना पुरस्कार दिया गया. विशिष्ट अतिथि डुमरदग्गा पंचायत की मुखिया काजल देवी और पूर्व मुखिया जुगुन मुंडा थे. इस अवसर पर अंडर 16 साउथ एशिया फेडरेशन महिला फुटबॉल चौंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करके झारखंड का मान बढ़ाने वाली ओरमांझी की दिव्यानी लिंडा और उनके कोच अनवारूल हक को भी सम्मानित किया गया.










### 11 बेस्ट सेल्फी कांटेस्ट में शामिल विजेताओं के नाम



Mother of Kairav Arya | Mother of Adya Kumari Singh | Mother of Sweksha Singh | Mother of Aakriti Ojha | Mother of Kiyan Sarawagi | Mother of Aditi Bharti & Aaradhya Bharti | Mother of Aradhya Kumari | Mother of Snehashish Kar | Mother of Lavanya Kumari | Mother of Subhangi Pathak | Mugdha Bandhopadhyay

### सांत्वना पुरस्कार की सूची

- Mother of Aarav Kumar Mahto & Atharv Kumar Mahto
- Mother of Rehansh Raj
- Mother of Anshika Arya
- Mother of Vinamra Pandey
- Mother of Arya Shri
- Mother of Upsarg Ajay
- Mother of Yuvraj Thakur
- Mother of Aryan Kumar
- Mother of Yashita Kumari
- Mother of Gyanvi
- Mother of Vivaan Kumar
- Mother of Yati Kumari
- Mother of Shreya Lakra
- Mother of Ritika Kumari
- Mother of Aarav Prasad Sahu
- Mother of Palak Priya & Aastha Priya
- Mother of Araina Pradhan
- Mother of Avyan Singh
- Mother of Hardik Ojha
- Mother of Akshita Kumari
- Mother of Saksham Bishnoi
- Mother of Akriti Kumari
- Mother of Shivansh Shaswat
- Mother of Aadvik Vatsh
- Mother of Maitri
- Mother of Chetna Kumari Mishra
- Mother of Shristi Kumari Sharma
- Mother of Sejal Rani
- Mother of Anuska & Suruchi
- Mother of Ankush Mahto
- Mother of Ayush & Aradhya
- Mother of Ritvik Raj Ohdar
- Mother of Aryan Singh
- Mother of Lakshya Kumar
- Mother of Aarishi Mishra
- Mother of Mahima Bharti & Saksham Kashyap
- Mother of Karan Raj
- Mother of Divyanshu Soni
- Mother of Devansi Kumari
- Mother of Ahaan Anwar
- Mother of Jyoti Ranjan
- Mother of Pranisha Mishra
- Mother of Advik Sharma
- Mother of Annu Salvi
- Mother of Lakshya Prakash
- Mother of Shivi Kushwaha
- Mother of Kumari Aditi Adya
- Mother of Aditya Kumar
- Mother of Aryan Singh




दिव्यानी लिंडा सम्मानित

### हर महिला खास, उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती : नीता सिंह

**लिटिल विंग्स स्कूल** के प्रांगण में महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मान समारोह 'नारी उत्सव', 2024 का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य विद्यालय से जुड़ी हर महिला का सम्मान करना है। आज समय है हर महिला की उपलब्धि को उत्सव की तरह मनाने का, क्योंकि आज हर महिला खास हैं। परिवार हो या समाज या कोई भी कार्य क्षेत्र, इनकी भागीदारी अनदेखी नहीं की जा सकती है। किसी बच्चे के सर्वांगीण विकास में टीचर के साथ-साथ उनके परिवार की महिलाओं का भी पूरा योगदान होता है। इस कार्यक्रम का आयोजन हमारी ओर से एक कोशिश है इस विद्यालय से जुड़ी हर महिला को उनके हक का सम्मान देने की, उनकी सराहना करने की।

### अभिभावकों ने कहा




विद्यालय के छात्र कायरव आर्या की मम्मी ने कहा मुझे बहुत ही खुशी हुई. मेरे पास शब्द नहीं है अपने अनुभव को बयान करने का. साथ ही भोजपुरी स्टार सिंगर देवी के हाथ सम्मानित होने की खुशी बहुत हुई. जिस तरह विद्यालय महिलाओं को सम्मानित करने का जो आयोजन किया वह हमारे लिए बहुत ही गौरवपूर्ण है. मैं चाहूंगी कि विद्यालय इस तरह का आयोजन हमेशा करता रहे और हम महिलाओं को गौरवांवित महसूस कराता रहे. छात्र कियान सरावगी की मम्मी ने कहा मुझे बहुत अच्छा लगा और देवी सिंगर के हाथों सम्मानित होकर मुझे खुद पर बहुत ही गौरव महसूस हुआ है. मैं विद्यालय के निदेशक रमेंद्र कुमार तथा प्राचार्या नीता सिंह का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने इस तरह का आयोजन किया. काफी खुशी हुई. मैं सभी को धन्यवाद देना चाहूंगी और ये भी चाहूंगी कि विद्यालय ऐसा आयोजन हमेशा करता रहे।

Advt.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 61,900 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# खूंटी में अर्जुन के सामने 1.13 लाख छिटके वोटों को जोड़ने की चुनौती

## ■ लोकसभा के बाद विधानसभा चुनावों में पूरी तरह बदल गयी थी तस्वीर

## ■ अपने इस गढ़ को बचाने के लिए भाजपा को उठाना पड़ेगा कुछ ठोस कदम

**संसदीय लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गयी है। झारखंड की 14 संसदीय सीटों में से एक खूंटी में 13 मई को मतदान होना है। खूंटी लोकसभा सीट का इतिहास शुरू से काफी रोमांचक रहा है और इस बार इस सीट के रोमांच में और बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद जतायी जा रही है। इस लोकसभा चुनाव के दौरान खूंटी काफी रोमांचक चुनावी रणक्षेत्र के रूप में तब्दील हो सकता है। भाजपा ने यहां से अर्जुन मुंडा को लगातार दूसरी बार मैदान में उतारा है। उनके प्रतिद्वंद्वी कौन होंगे, यह अभी तय नहीं है, लेकिन पिछली बार जिस तरह कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने उन्हें नजदीकी मुकाबले में फंसाया था, उससे यही लगता है कि इस बार कांग्रेस फिर से उन पर दांव चलायेगी। हालांकि एक नाम दयामनी बारला का भी उभरा है। अर्जुन मुंडा केंद्रीय मंत्री हैं और झारखंड के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। हाल के दिनों में उनके सियासी कद में वृद्धि भी हुई है। हाल के दिनों में उन्होंने खूंटी को बहुत कुछ दिया है। खूंटी को भाजपा का गढ़ माना जाता है, इसलिए ऊपरी तौर पर तो कहा जा सकता है कि भाजपा के लिए मुकाबला आसान रहेगा, लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को खूंटी के छह विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के मुकाबले जो 1.13 लाख वोट कम मिले थे, उन्हें फिर से अपने पाले में करना अर्जुन मुंडा के लिए चुनौती है। अर्जुन मुंडा फिलहाल लाभ की स्थिति में हैं, क्योंकि उनके पास इस कमी को पाटने का भरपूर मौका है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इसमें कितने सफल हो पाते हैं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तमाम समीकरणों के साथ पिछले चुनावी आंकड़ों का विश्लेषण इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि यह एक वीआइपी सीट है। हाल ही में अर्जुन मुंडा के कद में प्रधानमंत्री ने बड़ा ओहदा जोड़ा है, जिसकी छतरी में अर्जुन मुंडा ने किसानों को भी बहुत कुछ दिया है। सड़कों की जाल भी वह बिछा रहे हैं। भाजपा को उम्मीद है कि इसका लाभ उन्हें निश्चित रूप से मिलेगा। क्या है खूंटी संसदीय सीट का परिदृश्य और क्या कहते हैं आंकड़े, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

झारखंड में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित पांच संसदीय सीटों में से एक खूंटी इस बार भी रोमांचक चुनावी संघर्ष का गवाह बनने के लिए तैयार हो रहा है। यहां 13 मई को मतदान होगा। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को लगातार दूसरी बार यहां से प्रत्याशी बनाया है। पहले जनजातीय मामलों के मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद अब वह कृषि मंत्री भी हैं। इस लिहाज से झारखंड की वीआइपी सीटों में खूंटी को गिना जा सकता है।

खूंटी जिला अक्सर सुर्खियों में रहता है। संयुक्त बिहार में इसे पहला अनुमंडल बनाया गया था। मुंडा बहुल इस जिला में बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरुद्ध उलगुलान किया था। वर्ष 1890 से लगभग 10 वर्ष तक चले बिरसा आंदोलन का प्रमुख केंद्र खूंटी ही था। कोयलकारो बांध का विरोध भी इसी इलाके में हुआ था। झारखंड गठन के बाद भी इलाके में जनांदोलन होते रहे। मित्तल कंपनी के स्टील प्लांट और सीएनटी-एसपीटी एक्ट में संशोधन के खिलाफ हुए आंदोलनों के लिए भी खूंटी जाना जाता है। हॉकी के धुरंधर मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जनस्थली भी खूंटी ही रही है।

खूंटी लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर 2009 से लगातार भाजपा जीत रही है। हालांकि 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने उसे कड़ी टक्कर दी थी। उस चुनाव में भाजपा के अर्जुन मुंडा ने बेहद नजदीकी मुकाबले में 1435 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।



### लोकसभा और विधानसभा चुनावों का आंकड़ा

खूंटी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें खूंटी, तोरपा, तमाड़, सिमडेगा, कोलेबिरा और खरसावां शामिल हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को खूंटी से 51410 वोट मिले थे, जबकि तोरपा से 43964, तमाड़ से 86352, सिमडेगा से 66122, कोलेबिरा से 44866 और खरसावां से 88852 वोट मिले थे। इस तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा को कुल 381566 वोट मिले थे। उसी साल दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को खूंटी से लगभग आठ हजार वोट लोकसभा की बनिस्बत ज्यादा वोट मिले। उसे खूंटी से विधानसभा चुनाव में 59198 वोट मिले। लेकिन सिमडेगा से 60366 वोट, तोरपा में 43482, तमाड़ में 18082, कोलेबिरा से 36236 और खरसावां से 50546 वोट, मिले, यानी इन छह विधानसभा क्षेत्रों में वह कुल 267910 वोट ही ला सकी। इसमें से दो सीट, खूंटी और तोरपा विधानसभा सीट जीतने में वह कामयाब रही थी। विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को तमाड़ में हुआ। लोकसभा चुनाव में भाजपा तमाड़ से लगभग 43 हजार वोटों से आगे थी, लेकिन विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को सिर्फ 18 हजार वोट ही हासिल हुए। झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा के खाते में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित जो दो सीटें आयी थीं, वे खूंटी से ही थीं। इस तरह साफ है कि लोकसभा चुनाव के मुकाबले विधानसभा चुनाव में भाजपा को 1.13 लाख वोट कम मिले थे। जाहिर है अर्जुन मुंडा इस कमी को हर हाल में पाटना चाहेंगे।

### खूंटी का सियासी इतिहास

खूंटी सीट पर भाजपा ने साल 1989 के लोकसभा चुनाव में पहली बार अपना खाता खोला था। उस चुनाव में कड़िया मुंडा सांसद चुने गये थे। बाद में कड़िया मुंडा 1991, 1996, 1998 और 1999 में लगातार पांच बार यहां से सांसद बने। इसके बाद वह 2009 और 2014 में भी भाजपा के टिकट पर लोकसभा पहुंचे। साल 2004 में कांग्रेस की सुशीला केरकेट्टा ने खूंटी से जीत दर्ज करने में कामयाबी हासिल की थी। वहीं 1962 और 1967 में झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह मुंडा और 1971 और 1980 में एनइ होरो यहां से सांसद बने थे। 1977 में कड़िया मुंडा जनता पार्टी के टिकट पर भी लोकसभा पहुंचे थे। 1984 में यह सीट कांग्रेस के साइमन तिग्गा के हिस्से में गयी थी।

### खूंटी का सामाजिक ताना-बाना

खूंटी लोकसभा सीट पर मुंडा जनजातियों की बाहुल्यता है। कुछ मान्यताओं के मुताबिक खूंटी का नाम महाभारत की कुंती से भी जोड़ा जाता है। इसके अलावा इस क्षेत्र को महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के नाम से जाना जाता है। यहां पर एससी समुदाय की आबादी 6.44 प्रतिशत, जबकि एसटी समुदाय की आबादी 64.85 प्रतिशत है। खूंटी का नाम पूरी दुनिया में उस समय चर्चित हुआ था, जब यहां के ग्रामीण इलाके में पत्थलगड़ी नामक आंदोलन बड़े पैमाने पर शुरू हुआ था। नक्सलियों के गढ़ में इस तरह के आंदोलन को अलगाववादी आंदोलन कहा गया और सरकार की सख्ती ने इसे दबा दिया।

### क्या है इस बार का परिदृश्य

2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवार के नाम की घोषणा तो हो गयी है, लेकिन कांग्रेस यहां अपने उम्मीदवार के नाम को लेकर अभी तक सस्पेंस बनाये हुई है। कालीचरण मुंडा और दयामनी बारला के नामों के कयास कई दिनों से लगाये जा रहे थे, लेकिन इस बीच खूंटी लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस की तरफ से कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के भी नाम की चर्चा जोरों पर है। अब इन तीन नाम के चर्चे के बीच मैदान में कौन रहेगा, यह तो कांग्रेस आलाकमान ही साफ करेगा। इस बार पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने भी अपनी झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को खूंटी लोकसभा सीट से चुनाव लड़वाने की घोषणा की है, हालांकि अभी तक उसके उम्मीदवार का नाम सामने नहीं आया है। लेकिन इस लोकसभा सीट का इतिहास बता रहा है कि अगर एनोस एक्का ने यहां से अपना उम्मीदवार उतराा, तो उससे अर्जुन मुंडा को राहत हो सकती है। वैसे इस बार भी चुनावी दंगल के समीकरण काफी रोमांचक रहेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

**कहा, चुनाव नजदीक, नये कानून पर रोक लगायी तो सिस्टम बिखर जायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दो नये चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर रोक लगाने वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि 2023 का फैसला नहीं कहता कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए सिलेक्शन पैनल में ज्यूडीशियल मेंबर होना चाहिए। याचिका कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर और एनजीओ एशियन डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने दाखिल की थी।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने कहा कि वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति अधिनियम 2023 पर फिलहाल रोक नहीं लगा सकती, क्योंकि इससे अव्यवस्था फैल जायेगी। नये चुनाव आयुक्तों के खिलाफ भी कोई आरोप नहीं हैं। हालांकि कोर्ट ने कानून को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं की जांच करने का आश्वासन दिया है।

बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा कि सिलेक्शन पैनल को उम्मीदवारों के नाम पर विचार करने के लिए वक्त क्यों नहीं दिया गया। कोर्ट ने 2023 अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सरकार से 6 हफ्ते में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी।

इससे पहले केंद्र सरकार ने बुधवार 20 मार्च को हलफनामा दायर किया था। सरकार ने कहा था कि ये दलील गलत है कि किसी संवैधानिक संस्था की स्वतंत्रता तभी होगी, जब सिलेक्शन पैनल में कोई ज्यूडिशियल मेंबर जुड़े। इलेक्शन कमीशन एक स्वतंत्र संस्था है।

# पीआइबी की फैक्ट चेक यूनिट बंद करें: सुप्रीम कोर्ट

**कोर्ट ने कहा ये अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ**

**केंद्र ने एक दिन पहले ही नोटिफाई किया था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआइबी) के तहत फैक्ट चेक यूनिट बनाने को लेकर केंद्र की अधिसूचना पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है। इस फैक्ट चेक यूनिट को केंद्र सरकार के बारे में फर्जी खबरों की पहचान करने और उसे रोकने के लिए बनाया गया था। सीजेआइ चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें फैक्ट चेकिंग यूनिट बनाने पर रोक लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आइटी मंत्रालय ने 20 मार्च को सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के तहत फैक्ट चेक यूनिट को नोटिफाई किया था। 2023 अप्रैल में सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन किये गये थे। नये नियमों के तहत अगर फैक्ट चेक यूनिट को ऐसे किसी भी पोस्ट के बारे में पता चलता है, जो फर्जी या गलत है या जिसमें सरकार के कामकाज को लेकर भ्रामक तथ्य हैं तो वह इसे सोशल मीडिया मध्यस्थों के पास भेज देगा। इसके बाद ऑनलाइन मध्यस्थों को ऐसे कंटेंट हटाने होंगे।

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने इसके खिलाफ बॉम्बे हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिकाकताओं ने केंद्र को फैक्ट चेक यूनिट को अधिसूचित करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की थी। याचिकाकताओं ने इससे जुड़े नियमों को मनमाना और असंवैधानिक बताया था।

# चुनाव आयोग का केंद्र को निर्देश विकसित भारत मैसेज रोकें

## चार राज्यों के 5 कलेक्टर, 8 एसपी का भी ट्रांसफर



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को तकनीकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को वॉट्सऐप पर भेजे जा रहे विकसित भारत मैसेज तुरंत रोकने का निर्देश दिया है। आयोग को शिकायत मिली थी कि लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बावजूद सरकार की योजनाएं बताने वाले मैसेज आम लोगों को भेजे जा रहे हैं। हालांकि, मंत्रालय ने आयोग को दिये जवाब में कहा था कि ये मैसेज आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गये थे, लेकिन ये सिस्टम और नेटवर्क समस्या की वजह से देर से पहुंचे हैं। इससे पहले, आयोग ने 4 राज्यों गुजरात, पंजाब, ओड़िशा और असम में नॉन कैडर अधिकारियों के ट्रांसफर ऑर्डर जारी किये। इनमें 5 कलेक्टर और 8 एसपी शामिल हैं। असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के भाई एसपी सोनितपुर सुशांत बिस्वा सरमा और पंजाब में खडूर साहिब से कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह गिल के भाई एसएसपी भटिंडा हरनानबीर सिंह गिल को हटाया है।

# मनी लांड्रिंग मामले में आरोपी महावीर प्रसाद रूंगटा की डिस्चार्ज पिटीशन पर इडी ने जवाब के लिए मांगा समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 4.33 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी महावीर प्रसाद रूंगटा की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। मामले में इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की, जिस पर कोर्ट ने समय प्रदान करते हुए 6 अप्रैल को सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। बता दे कि महावीर प्रसाद रूंगटा रामगढ़ स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक हैं। इन पर लौह अयस्क (आयरन ओर) की तस्करी करने, फर्जी चालान और ट्रांसपोर्टेशन कर मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है। मामले में मेसर्स बालाजी तिरुपति और मेसर्स एपिकल एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक राकेश कुमार सिंघानिया भी आरोपी है। पीएमएलए की विशेष अदालत द्वारा महावीर प्रसाद रूंगटा और राकेश कुमार सिंघानिया के साथ उनकी कंपनियों के खिलाफ इडी द्वारा दायर चार्जशीट पर संज्ञान लिया जा चुका है। बता दें कि वर्ष 2010 में लौह आयरन की तस्करी मामले में सीबीआइ ने इनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में इडी ने भी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है।

# हाइकोर्ट ने इडी के अधिकारियों के खिलाफ गोंदा पुलिस के नोटिस पर लगायी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शिकायत पर इडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआइआर को चुनौती देनेवाली इडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने इडी के अधिकारियों को गोंदा पुलिस के 41 ए के तहत दिये गये नोटिस पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा है कि अगले आदेश तक पुलिस इडी अधिकारियों को 41 ए का नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है। पुलिस के द्वारा इडी के अधिकारियों को दिये गये 41ए के नोटिस को लेकर इडी की ओर से दाखिल हस्तक्षेप याचिका पर जवाब के लिए राज्य सरकार की ओर से एक सप्ताह के समय की मांग की गयी। कोर्ट ने राज्य सरकार को समय देते देते हुए एक सप्ताह के बाद मामले की सुनवाई की तिथि निर्धारित की।

कोर्ट ने इडी अधिकारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने संबंधी आदेश जारी रखा है। इडी की ओर से एएसजीआइ एसवी राजू एवं अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। यह एफआइआर झारखंड पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी/एसटी पुलिस थाना में दर्ज की है। यह एफआइआर हेमंत सोरेन सोरेन के दिल्ली आवास पर इडी द्वारा की गयी तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गयी है। इडी की ओर से इस केस को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। एफआइआर में इडी के सीनियर अधिकारियों पर दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर की गयी तलाशी के दरम्यान अपमानित करने का आरोप लगाया गया है। इस एफआईआर में ईडी के अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और अनुमान कुमार और अमन पटेल के साथ-साथ अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

No 1 Channel

आजाद सिपाही Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.4 °C | 13.8 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.00 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.51 बजे |



### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव की तैयारियों की बाबत की समीक्षा

# मतदान केंद्र पर सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य

**शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त लोक सभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने में पदाधिकारी कार्य-योजना बना कर करें काम : के. रवि कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष लोक सभा निर्वाचन 2024 को सम्पन्न कराने में पदाधिकारी कार्ययोजना बनाकर काम करें । निर्वाचन अवधि के दौरान विधि व्यवस्था संधारण में पूरी मुस्तैदी रखें । दुर्गम स्थानों पर अवस्थित मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी एवं आवश्यक सेवाओं के लिए आवागमन की व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सभी बूथों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बूथों पर पेयजल, शौचालय, बिजली जैसी मूलभूत व्यवस्था होना अनिवार्य है। वे आज गुमला के समाहरणालय सभागार में गुमला, लोहरदगा, खूंटी, राँची एवं सिमडेगा जिले के पुलिस, सीआरपीएफ, वन विभाग एवं संबंधित जिला प्रशासनों के पदाधिकारियों के साथ इन जिलों में लोक सभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने समीक्षा के क्रम में इन जिलों के संवेदनशील मतदान केन्द्रों के लिए निर्वाचन से संबंधित समुचित व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने कहा सभी अनुमानित हैलिपैड को चिन्हित कर उनके सुदृढीकरण का कार्य कर लें ताकि पोलिंग पार्टी एवं इमरजेंसी सेवाओं में इनका इस्तेमाल हो सके ।साथ ही वन विभाग द्वारा पेड़ों की छटाई, स्मोक आदि की भी व्यवस्था कर लें। संवेदनशील बूथों पर सीआरपीएफ एवं पुलिस बल के पर्याप्त संख्या में जवानों की तैनाती का आकलन कर लें।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी.होमकर के द्वारा विशेष रूप से विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से की गई तैयारी, स्वच्छ, भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव की तैयारियों का अनुश्रवण आदि का बिंदुवार समीक्षा किया गया। इसके अलावा रीलोकेटेड बूथों से संबंधित मतदाताओं को समय पूर्व जागरूक करने से भी संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ साथ हथियार जब्ती ,अवैध शराब एवं नशे की प्रतिबंधित सामग्रियों के आवागमन पर पूर्णतया रोक लगाते हुए अभियान चलाकर इसे जब्त करने की प्रक्रिया को तेज किए जाने का निदेश दिया गया।

इसके पूर्व रांची के बुंडू स्थित राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय जरिया एवं बेड़ो के मतदान केंद्रों का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया, वहां के बी एल ओ द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। ब्लॉक अवेरनेस ग्रुप के सदस्यों की सूची, बूथों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का भी उन्होंने जायजा लिया। साथ ही जिन मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव था उसे त्वरित रूप से पूर्ण करने के निदेश दिए। वहीं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने भी गुमला के भरनो एवं जुरा स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों पर स्थित मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।

समीक्षा बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए. वी. होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, डीआईजी दक्षिणी छोटानागपुर रेंज, प्रमंडलीय आयुक्त, डीआईजी जगुआर, डीआईजी जंगल वारफेयर, डीआईजी सीआरपीएफ सहित गुमला, राँची, खूंटी, सिमडेगा एवं लोहरदगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, आरक्षी अधीक्षक,जिला नोडल पुलिस अधीक्षक, एवं सीआरपीएफ के कमांडेंट सहित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

रांची (आजाद सिपाही)। पीएमएलए कोर्ट ने बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद हेमंत सोरेन को गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत में न्यायिक हिरासत की अवधि हेमंत सोरेन और बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद की 4 अप्रैल तक बढ़ा दी है। अब, अगली पेशी 4 अप्रैल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जायेगी। ज्ञातव्य है कि प्रवर्तन निदेशालय ने 31 जनवरी को पूछताछ के बाद देर रात गिरफ्तार हेमंत सोरेन को किया था। अगले दिन 1 फरवरी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया था। तब से वह जेल में हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

शुद्धिपत्र सूचना संख्या: 39-GS-DHN-2023-24

निविदा सूचना संख्या 39-GS-DHN-2023-24 का प्रकाशन करते समय, अनुसूची A4 - इलेक्ट्रिकल–टीआरडी के लिए गैर–अनुसूचित मदों के मद संख्या 06 और 35 संख्या की बोली इकाई में मुद्रण संबंधी त्रुटि के कारण इस अनुसूची के मद संख्या 06 और 35 को हटा दिया गया है और इन दो मदों के बदले में दो नई मदें अर्थात मद संख्या. 84 एवं 85 को इस अनुसूची में जोड़ा गया है। ई–निविदा सूचना संख्या 39-GS-DHN-2023-24 दिनांक 05.03.2024 में मौजूद अन्य सभी विवरण, नियम और शर्तें अपरिवर्तित और स्थिर रहेंगी। मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/02606/डीएचएनजीएस/एमईसीएच/सी/23–24/20



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है । ई निविदा सं.–TRD/OT/20/Remv-Span-23-24, क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : "Dhanbad Division Removal of old type head span OHE at GMO, KTH, DHN and PEH station" कार्य समापन की अवधि – (12) बारह माह (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रूपया 3,63,89,387.75 निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/– (3) बीड सिक्युरिटि– रू० 3,32,000/– (4) ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि 12.04.2024 को 11.00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 12.04.2024 को 11.30 बजे। (5) वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०/धनबाद

पीआर/2607/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23-24/32


# किस निर्लज्जता से ये बात कहते हैं कि झुकेगा नहीं : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर फिर एक बार झामुमो पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अवैध बालू लदे ट्रक से हजारीबाग में छह बेटियां कुचल दी गयीं, लेकिन ये कहेंगे झुकेगा नहीं। अवैध बालू से लदे तुपुदाना में बीते दिनों बस की टक्कर हो गयी, एक पत्रकार की पत्नी और बेटी की जान चली गयी। ये कहेंगे झुकेगा नहीं। उन्होंने कहा कि गौ तस्करों ने आदिवासी परिवार की दारोगा बिटिया संध्या टोप्पो को कुचल कर मार दिया। ये कहेंगे झुकेगा नहीं। आज बालू तस्करी से उगाही के लाखों रुपये घूसखोरी में जेल गयी चार्जशीटेड थाना प्रभारी मीरा सिंह के एजेंट के यहां से मिलने की खबर आ रही है। इससे साबित होता है कि अवैध धंधों का पैसा एजेंटों के जरिये थानेदारों और बड़े अफसरों के जरिये सत्ताधारी नेताओं तक पहुंच रहा। लेकिन ये कहेंगे झुकेगा नहीं। मरांडी ने कहा कि आप झुकिए नहीं, भ्रष्ट होकर पैसों के बल पर सीना तान खड़े रहिए। लेकिन हत्यारे मत बनिए। आज बेटियों को कुचल दिया गया, जो पुलिस में बहाल होना चाहती थीं। रोजगार आप दे नहीं पाते, आपकी अवैध बालू, कोयला लदी गाड़ियां उन्हें कुचल रहीं। इससे शर्मनाक और चुल्लू भर पानी में डूब मरने वाली बात और क्या हो सकती है?

## हजारीबाग सड़क हादसे से सीख लें सीएम चंपाई सोरेन

**रांची । हजारीबाग सड़क हादसे में छह लड़कियों के घायल होने की खबर पर बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को इससे सीख लेने की सलाह दी है। बता दें कि हजारीबाग में अवैध बालू लदे वाहन ने छह युवतियों को कुचल दिया है। मरांडी ने सीएम चंपाई से कहा है कि हेमंत सोरेन की दुर्गति से कुछ सबक लीजिए। नदियों के प्रवाह तंत्र और जानमाल की सुरक्षा के लिए बालू के अवैध कारोबार पर रोक लगायें। बाबूलाल ने लड़कियों के घायल होने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि ईश्वर से इनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन के संरक्षण में अवैध बालू ढुलाई कर रहे वाहन यमराज के रूप में सड़कों पर दौड़ रहे हैं। राज्य सरकार को तत्काल इस पर रोक लगाने की जरूरत है।**




**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1), ई–निविदा सं०– पूमरे–मुप्रअ–नि–द– ईटीईएन–75–23–24, कार्य का नाम:** धनबाद डिवीजन में सोन नगर से अंडाल मल्टी ट्रैकिंग तक डीएफसी मार्ग में तीसरी और चौथी नई बीजी लाइन के निर्माण के संबंध में गोमो फ्लाई ओवर और आरएफओ, वायाडक्ट और अन्य संबंधित कार्यों के शेष कार्यों के निर्माण के लिए आरओबी, आरयूबी और अन्य पुल कार्यों का निर्माण। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 181,27,93,729.40, **निविदा प्रपत्र का लागत (रू.) :** 0.00, **अग्रधन राशि (रू.) :** 92,14,000/–, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 12.04.2024 at 15.30 hrs. ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/2611/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/23-24/44


# एनआइए ने भाकपा माओवादी पोलित ब्यूरो सदस्य विनोद मिश्रा को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद के धनसार से राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) को पुनर्जीवित और मजबूत करने की साजिश रचने के मामले में वांछित एक माओवादी को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने बताया कि बिनोद मिश्रा उर्फ विनोद मिश्रा भाकपा (माओवादी) के पोलित ब्यूरो का सदस्य है और वह फरार चल रहा था। इसी क्रम में उसकी गिरफ्तारी की गई है। बिनोद मिश्रा को एजेंसी की एक टीम ने झारखंड के धनबाद जिले के धनसार क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। धनबाद में छिपा था विनोद एनआईए को विनोद के धनबाद में छिपे होने की सूचना मिली थी। विनोद मिश्रा को प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) को बिहार के मगध क्षेत्र में पुनर्जीवित और मजबूत करने की साजिश रचने के मामले में एनआईए ने गिरफ्तार किया है। मामले से जुड़ी एक प्राथमिकी में बिनोद मिश्रा नामजद है, और वह पिछले आठ महीने से फरार था। एनआईए जांच के अनुसार, बिनोद मिश्रा भाकपा (माओवादी) के उत्तरी क्षेत्र के ब्यूरो प्रमुख एवं पोलित ब्यूरो सदस्य का करीबी सहयोगी और दूर का रिश्तेदार है और उसने संगठन के वरिष्ठ सदस्यों को अपने घर में आश्रय दिया था।

### एनआइए 31 अगस्त, 2023 से कर रही मामले की जांच

एनआईए के बयान के अनुसार, एनआईए 31 अगस्त, 2023 से मामले की जांच कर रही है, और अब तक पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा उर्फ सोहन दा उर्फ बनवारी जी उर्फ बीबी जी उर्फ बाबा और भाकपा (माओवादी) के उप-क्षेत्र समिति के सदस्य अनिल यादव उर्फ अंकुश उर्फ लवकुश के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। दोनों को इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी के अनुसार, बिहार पुलिस ने पिछले साल 10 अगस्त को विनोद मिश्रा के घर से इन दोनों की गिरफ्तारी किये जाने के बाद मामला दर्ज किया था। वे दोनों मगध क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन को फिर से पुनर्जीवित और मजबूत करने की साजिश रच रहे थे। मगध क्षेत्र में गया और औरंगाबाद जिले आते हैं।

# मारवाड़ी भवन हरमू रोड में हास्य कवि सम्मेलन कल

**नामी-गिरामी कवि भाग लेंगे**

**तीन हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश नि:शुल्क**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी में 23 मार्च को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह आयोजन हास्य कवि सम्मेलन समिति द्वारा किया गया है। समिति ने मारवाड़ी भवन हरमू रोड में गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन शनिवार को रात नौ बजे से मारवाड़ी भवन में होगा। इस वर्ष कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र दुबे, अनिल अग्रवाल 'अग्रवंशी', राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी, साक्षी तिवारी और अन्य अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया विगत कई वर्षों मे रांची में समिति द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त काका हाथरसी, निर्भय हाथरसी, शैल चतुर्वेदी, सुरेंद्र शर्मा, अशोक चक्रधर, प्रदीप चौबे, प्रभा ठाकुर, माया गोविंद, प्रदीप फौजदार, डॉक्टर सुनील जोगी, मुन्ना बैटरी, शंभू शिखर, गौरव चौहान, अब्दुल गफ्फार, सुदीप भोला, सुमन दुबे, अंकिता सिंह, कविता तिवारी, सुरेश अलबेला, अरुण जेमिनी, विनीत चौहान, राव अजातशत्रु, केसर देव मारवाड़ी, गौरी मिश्रा सहित देश के कई नामी-गिरामी कवि भाग ले चुके हैं। 2019 में विख्यात कवि कुमार विश्वास भी आ चुके हैं। समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कवि सम्मेलन में तीन हजार लोगों का बैठने की व्यवस्था की गयी है। संवाददाता सम्मेलन को समिति के सचिव अनिल कुमार अग्रवाल कहा कि हास्य कवि सम्मेलन में मुंबई स्टॉक एक्सचेंज के चैयरमेन प्रमोद अग्रवाल, प्रसिद्ध व्यवसायी राजकुमार गाड़ोदिया एवं अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। संवाददाता सम्मेलन का संचालन समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, पवन पोद्दार, ललित कुमार पोद्दार, पवन कुमार शर्मा, पुनीत पोद्दार, मनोज बजाज, अनूप कुमार अग्रवाल, कमल कुमार जैन, किशोर कुमार मंत्री, पुनीत अग्रवाल,रतन कुमार मोर, राजेश भरतिया, संजय सर्राफ, निर्भय शंकर हारित, कौशल राजगढ़िया, रमन वोडा, अमित चौधरी, सौरभ बजाज, विकास अग्रवाल, मनीष लोधा, रौनक झुनझुनवाला, अमित बजाज, सनी टिबडेवाल आदि योगदान दे रहे हैं।

## एक्सएलआरआइ का 68वां दीक्षांत समारोह कल

# टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को मिलेगा सर जहांगीर घांदी मेडल

**23 मार्च को एक्सएलआरआइ के 68वें कन्वोकेशन में इंडस्ट्रियल और सोशल पीस के लिए मिलेगा सम्मान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ का 68वां दीक्षांत समारोह 23 मार्च ( शनिवार ) 2024 को आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन शामिल होंगे। वे एक्सएलआरआइ से पासआउट होनेवाले कुल 552 विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस मौके पर उन्हें एक्सएलआरआइ की ओर से वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस से सम्मानित किया जायेगा। दीक्षांत समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इस दौरान टाटा स्टील इंडिया एंड साउथ इस्ट एशिया के एमडी सह एक्सएलआरआइ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, एक्सएलआरआइ के डीन एकेडमिक्स प्रो डॉ संजय पात्रो समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद रहेंगे। इस बार पहली बार एक्सएलआरआइ के दीक्षांत समारोह का आयोजन टाटा ऑडिटोरियम में नहीं होने के बजाय फुटबॉल ग्राउंड में हो रहा है। संस्थान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर खास तौर पर तैयारियां की गयी हैं।




### किस कैटेगरी के कितने विद्यार्थियों को किया जायेगा पुरस्कृत

- बिजनेस मैनेजमेंट : 209
- ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट- 176
- 15 माह के पीजीडीएम ( जीएम ) प्रोग्राम : 113
- फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट ( एफपीएम ) : 14
- पीजीडीएम ( इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर क्रिएशन ) : 40

**क्या है सर जहांगीर घांदी मेडल :** एक्सएलआरआइ बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के पूर्व चेयरमैन सर जहांगीर घांदी के सम्मान में संस्थान की ओर से 1966 में सर जहांगीर घांदी मेडल फॉर इंडस्ट्रियल एंड सोशल पीस की शुरुआत की गयी। यह सम्मान उन हस्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने संस्थान के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया हो, साथ ही राष्ट्र के विकास में भी प्रभाव छोड़ा हो। देश के औद्योगिक और सामाजिक शांति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य को पहचान दिलाने के उद्देश्य से यह सम्मान एक्सएलआरआइ के कन्वोकेशन में प्रदान किया जाता है।

**पद्मश्री अनु आगा से लेकर अरुंधति भट्टाचार्या को मिल चुका है अवार्ड :** पिछले साल यह अवार्ड एमएफसीजी कंपनी मैरिको के चेयरमैन हर्ष मारीवाला को दिया गया था. ।वहीं 2022 में अपोलो हॉस्पिटल्स इंटरप्राइजेज लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ प्रीथा रेड्डी को दिया गया था, जबकि वर्ष 2021 में बाटा कॉरपोरेशन के ग्लोबल सीइओ संदीप कटारिया को यह पुरस्कार दिया गया था. ।वर्ष 2020 में हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के एमडी सह चेयरमैन संजीव मेहता को, 2019 में थर्मेक्स लिमिटेड की पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री अनु आगा को, वर्ष 2018 में यह अवार्ड मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन के चेयरमैन टीवी मोहनदास पाई को जबकि वर्ष 2017 में गोदरेज कंपनी के मालिक आदि गोदरेज को, वर्ष 2016 का सर जहांगीर गांधी अवार्ड हीरो मोटोकॉर्प के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीलकांत मुंजाल को, वर्ष 2015 का टैफे की चेयरमैन मल्लिका श्रीनिवासन को, वर्ष 2014 का अवार्ड एसबीआइ की प्रमुख अरुंधति भट्टाचार्या को दिया गया था।

### कौन हैं एन चंद्रशेखरन

**11 फरवरी 2022 को एन चंद्रशेखरन को टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त किया गया। टाटा समूह के साथ चंद्रशेखरन का साथ तीन दशक पुराना है। उन्होंने 1987 में टाटा के लिए काम करना शुरू किया था। नटराजन चंद्रशेखरन यानी एन चंद्रशेखरन का जन्म 1963 में तमिलनाडु में नमक्कल के निकट मोहानुर में एक तमिल परिवार में हुआ था। वे एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। एन चंद्रशेखरन की नेतृत्व शैली ना सिर्फ टाटा ग्रुप बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल बनी है।**

### सीबीसी, रांची में हिंदी कार्यशाला और त्रैमासिक की बैठक

# राजभाषा के नियमों का पालन करें: अखिल मिश्रा

**कार्यालयों में पत्र व्यवहार की भाषा सरल हो: संजय कृष्ण**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** केंद्रीय संचार ब्यूरो एवं पत्र सूचना कार्यालय, रांची की राजभाषा हिन्दी की संयुक्त त्रैमासिक बैठक एवं कार्यशाला गुरुवार को सीबीसी, कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की शुरूवात अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा, विशेषज्ञ अतिथि श्री संजय कृष्ण, मीडिया एवं संचार अधिकारी श्री राजेश सिन्हा, सीबीसी के कार्यालय प्रमुख श्री शाहिद रहमान एवं पीआईबी के कार्यालय प्रमुख गौरव कुमार पुष्कर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए पीआईबी-सीबीसी के अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को राजभाषा के नियमों का पालन शत-प्रतिशत करना चाहिये।

रांची के वरिष्ठ पत्रकार संजय कृष्ण ने सरकार के काम काज में सरल हिन्दी के प्रयोग को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि कार्यालयों के बीच पत्र व्यवहार में भी ऐसी हिन्दी का प्रयोग होना चाहिए जो आसानी से समझ में आ जाए। कई बार ऐसे अनुवाद किए जाते हैं जिनको आसानी से समझना मुश्किल होता है। कृष्ण ने कहा कि शब्दावली को विकसित करने के लिए लगातार अध्ययन करना जरूरी है। साहित्य, पत्र-पत्रिकाओं के अध्ययन से शब्दों की जानकारी में विकास होता है। अच्छी शब्दावली के जरिए कम शब्दों में प्रभावी संचार किया जा सकता है। सरकारी काम काज में स्थानीय शब्दों के प्रयोग से भी आम जनों को लाभ पहुंच सकता है। पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया एवं संचार अधिकारी श्री राजेश सिन्हा ने कहा कि हिन्दी की बैठकों के दौरान परस्पर चर्चा होने से भी भाषा की अच्छी जानकारी होती है। श्री सिन्हा ने अपने अनुभवों को भी विस्तार पूर्वक साझा किया।

इससे पूर्व सीबीसी के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने विषय प्रवेश कराया एवं धन्यवाद ज्ञापन गौरव कुमार पुष्कर ने किया। बैठक के दौरान पत्र सूचना कार्यालय, रांची एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची के सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


## भक्ति और भव्यता के साथ संपन्न हुआ रंग रंगीलो श्री श्याम अमृत महोत्सव

# 8000 भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फाल्गुन की बड़ी द्वादशी पर आज हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में दर्शन विनय के लिए बाबा का दरबार लगातार खुल रहा। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव के अंतिम दिन हजारों भक्तों ने श्याम प्रभु की आराधना की। खाटू नरेश का विशेष श्रृंगार किया गया। बाबा को नवीन बागा धारण कराया गया। संपूर्ण सवामनी भोग महाभोग मेवा सवामनी अखंड ज्योति संगीतमय भजन अखंड प्रसाद वितरण के दौरान रात 11:00 बजे तक भक्तों की कतारबद्ध भीड़ लगी रही।





श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि कल पूरी रात भजन संकीर्तन हुए। आज प्रातः 5:00 बजे बाबा का मनमोहक श्रृंगार किया गया। 5:30 बजे मंगला आरती और 10:00 बजे द्वादशी की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गयी। खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। रमेश धरणीधरका परिवार ने अखंड ज्योत प्रज्वलित की। रमेश सिंह परिवार ने 104 वें श्री श्याम भंडारा का भोग निवेदित किया। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि महोत्सव पर आज विशेष भंडारा किया गया जिसमें 8000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही जीमणवार भोज में 500 लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। रमेश सिंह परिवार के सौजन्य से आयोजित भंडारे में खीर चूरमा दिलखुशार चंद्रकला काजू बर्फी खोवा बर्फी भुजिया पुरी चना दाल की सब्जी का भोग वितरण किया गया।। पूजन अनुष्ठान सुरेश सरावगी एवं अनिल नारनोली तथा श्रृंगार सेवा श्याम सुंदर शर्मा रत्नाकर शर्मा एवं अनूप दाधीच ने की।

महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया की 17 मार्च से शुरू हुआ 5 दिवसीय श्याम महोत्सव का आज समापन हुआ। इस दौरान बाबा के दरबार में कई कार्यक्रम भजन संकीर्तन हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ निशान यात्रा एकादशी आयोजन आदि किये गये। प्रतिदिन हजारों भक्तों ने श्याम प्रभु के दर्शन किए। समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिला। भंडारा वितरण में अजय मारू, राजीव रंजन मित्तल, सुशील लाखोटिया, रतन शर्मा, राहुल मारू, अमित सरावगी, पंकज गाड़ोदिया, आदित्य लोहिया, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, विशाल पोद्दार, संजय सर्राफ, रौनक पोद्दार, अभिषेक सरावगी, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान, प्रकाश सरावगी, निखिल नारनोली, किशन शर्मा, सर्वेश अग्रवाल आदि ने सहयोग किया।

# श्री महावीर मंडल के पदाधिकारियों की बैठक में लिये गये कई निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महावीर चौक स्थित श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट में श्री महावीर मंडल रांची के सत्र 2024-25 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की प्रथम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री महावीर मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने की। बैठक की शुरुआत श्री राम स्तुति के साथ की गयी। बैठक में इस वर्ष श्री रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श करते हुए श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा आगामी श्री रामनवमी महोत्सव पर किये जाने वाले कार्यों की प्राथमिकताएं तय हुईं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आने वाले प्रथम मंगलवारी जुलूस (26/3) को विभिन्न अखाड़ों से महावीर चौक आयेगा। वहां श्री महावीर मंडल की नयी कमेटी द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया जायेगा। आगामी एक अप्रैल को श्री रामनवमी महोत्सव के लिए बजरंग बली के पूजन के साथ विधिवत कार्यालय का उद्घाटन होगा। कमेटी के सारे लोग घर घर जा कर श्री बजरंगबली का झंडा लगाने का आग्रह करेंगे। बैठक में मंत्री दीपक ओझा ने भी विचार रखा। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा, उपाध्यक्ष राजा सेनगुप्ता, राज किशोर, सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा, अंकेक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता भी मौजूद थे। यह जानकारी श्री महावीर मंडल के प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा ने दी।

# तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव का भव्य समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फाल्गुन सतरंगी महोत्सव का गुरुवार को तीसरे दिन अग्रसेन पथ स्थित श्याम मंदिर में भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर राजत सिंहासन पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का भव्य एवं नैनाभिराम श्रृंगार किया गया। अहले सुबह से ही श्री श्याम प्रभु का द्वादशी दर्शन के लिए अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। संपूर्ण दिवस भक्तगण कतारबद्ध होकर श्री श्याम प्रभु का दर्शन कर ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे।



इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया, जो संपूर्ण दिवस प्रसाद रूपी मंदिर प्रारंग से भक्तगण के बीच वितरण किया गया।

साथ ही संपूर्ण दिवस श्री श्याम मंदिर का परिसर श्याम प्रभु के जयकारों से गूंजता रहा। साथ ही भक्तों द्वारा 401 सवामणि का भोग श्याम प्रभु को निवेदित किया गया। रात्रि 10 बजे महाआरती के पश्चात तीन दिवसीय श्री श्याम सतरंगी महोत्सव का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सारस्वत, बालकिशन परसरामपुरिया, राकेश सारस्वत, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, अरुण धनुका, अजय रूंगटा, महेश शर्मा सुदर्शन चितलंगिया, मनोज सिंघानिया का विशेष सहयोग रहा ।

# हेलमेट नहीं पहनने पर पुलिसिया पिटाई में अरविंद महतो का पैर हुआ फ्रैक्चर

## संजय सेठ ने रांची एसएसपी से की एक्शन लेने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के राहे निवासी अरविंद कुमार महतो को स्थानीय पुलिस ने बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए पकड़ा। इसके बाद थाने ले जाकर निर्ममता से उनकी पिटाई की। इससे उनके पैर में कई फ्रैक्चर हुए। इलाज के लिए वे रिम्स, रांची में एडमिट हुए। जानकारी मिलने पर गुरुवार को रांची सांसद संजय सेठ, कांके विधायक समरी लाल भी रिम्स जाकर अरविंद से मिले। उनके बेहतर इलाज के लिए रिम्स प्रबंधन को निर्देश दिया। मौके पर से ही सांसद ने



एसएसपी, रांची से बात की। स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ऐसी निर्ममता करनेवाले पुलिसकर्मी पर कठोर कार्रवाई करें। उन पर विभागीय कार्रवाई के साथ मुकदमा दर्ज कर उन्हें नौकरी से हटाया जाये। यह रांची पुलिस का अमानवीय चेहरा है, जिससे आम जनता में पुलिस की छवि और खराब हुई है।

# विद्या विकास पब्लिक स्कूल में इंडीवर-2024 प्रदर्शनी और मेला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विद्या विकास पब्लिक स्कूल द्वारा इंडीवर 2024 प्रदर्शन और मेले का आयोजन गुरुवार को स्कूल के प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डीआइजी पटेल मयूर उपस्थित थे। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ समुचित रूप से लगन एवं प्रयास करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बच्चों द्वारा बनाये गये विभिन्न विषयों के नमूनों को भी सराहा और कहा कि ऐसे ही बच्चों में निरंतर लगन एवं अभ्यास का जुनून होना चाहिए, जिससे वे हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। यहां विज्ञान के अलावा विभिन्न विषयों जैसे हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान, संगणक एवं खेल के क्षेत्रों में नवीनतम उपलब्धियों का परिचय हुआ। प्रदर्शनी में 100 से ज्यादा मॉडलों को प्रदर्शित किया गया। बच्चों और अभिभावकों ने गेम्स कॉर्नर और फूड कॉर्नर का भी लुफ्त उठाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को अपनी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर हमेशा मिलते रहना चाहिए।

# ओबीसी समुदाय का उपवास कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा 23 मार्च को शहीद भगत सिंह के स्मृति दिवस पर ओबीसी समुदाय के प्रमुख मुद्दों को लेकर राज्य भर में एक दिवसीय उपवास करेगा। इस उपवास के माध्यम से सभी राजनीतिक दलों से आग्रह करेगा कि वह लोक सभा चुनाव के घोषणा पत्र में इन मुद्दों को शामिल करें। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। श्री गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, समर्थक, सदस्य भी इन मुद्दों को लेकर अपने घर, मकान, कार्यालय, दुकान, खेत खलिहान, खेल मैदान जहां भी हो एक तख्ती पर 23 मार्च को एक दिवसीय उपवास ओबीसी के मुद्दों को लेकर करेंगे। एक तख्ती पर एक दिवसीय उपवास के माध्याम से ओबीसी के मुद्दों को राष्ट्रीय/ क्षेत्रीय पार्टी अपने घोषणा पत्र में शामिल करने का दबाव बनाया जायेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि ओबीसी समुदाय से आने वाले विभिन्न जातीय संगठन के पदाधिकारी सदस्य भी इस उपवास में शामिल होंगे।

# समर कैंप का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेसीआइ यूथ और लिटिल एंजल नर्सरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। जेसीआइ यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने समर कैंप में बच्चों ने डांसिंग, ड्रामा, प्रिंटिंग, मूविंग आर्ट एंड क्राफ्ट, सिंगिंग तथा गेम्स कार्यक्रमों को सिखाया जा रहा है। इस समर कैंप में लगभग 50 छोटे बच्चे शामिल हैं।

यह विशेष कार्यक्रम आगामी 23 मार्च तक चलेगा। बच्चों को प्रतिभावान बनाने में इस समर कैंप का विशेष योगदान होगा। बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालने तथा उनके व्यक्तित्व को निखारने का यह बहुत अच्छा माध्यम है।

इसके अलावा पढ़ाई से हटकर बच्चे कई सारी नयी चीजों के बारे में जान पाते हैं। मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य संध्या बागला, संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बधानी, सचिव ऋचा जालान, मोनिका गोयनका और अन्य सदस्य मौजूद थे।

# ब्राउन शुगर बेचने आये दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में ब्राउन सुगर बेचने आये दो आरोपियों को किशोरगंज स्थित श्री रोडवेज के पास से गिरफ्तार किया है। वहीं सरगना सहित फरार पांच आरोपियों की पुलिस को तलाश है। गिरफ्तार आरोपियों में सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के न्यू आनंदनगर रोड नंबर 7 निवासी मुकेश यादव और राकेश कुमार का नाम शामिल है। मूल रूप से बिहार के नालंदा जिले के अथमलगोला थाना क्षेत्र के रहनेवाले मुकेश यादव की पैंट की पॉकेट से पांच पीस एल्यूमिनियम फॉइल मे रखी ब्राउन शुगर और मोबाइल और राकेश कुमार यादव की पॉकेट से सात एल्यूमिनियम फॉइल में रखी ब्राउन शुगर और



मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है। फरार आरोपियों में सरगना बबलू यादव उर्फ बबलू राय, कृष्णा यादव उर्फ कृष्णा राय, कन्हैया कुमार यादव उर्फ कन्हैया राय, दुर्लभ और पवन उर्फ पवन सोनी उर्फ पारले की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि श्री रोडवेज किशोरगंज के पास कुछ लड़के अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं गांजा की खरीद बिक्री कर रहे है। सूचना पर छापेमारी के क्रम में मुकेश यादव और राकेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से 1.80 ग्राम ब्राउन शुगर सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है।


# जमानत देते समय लगायी गयीं शर्तें कठिन, अनुचित या अत्यधिक नहीं होनी चाहिए : झारखंड हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि अदालतों द्वारा आरोपियों को जमानत देते समय लगायी जानेवाली शर्तें कठिन, अनुचित और अत्यधिक नहीं होनी चाहिए। हाइकोर्ट ने यह टिप्पणी रांची सिविल कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दिये उस आदेश को रद्द करने के लिए दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिसमें आरोपियों को 12 लाख रुपये के भुगतान करने की शर्त पर अग्रिम जमानत दी थी। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की अधिवक्ता शिवानी जालुका ने अपनी बहस में कहा कि यह मामला शादी के लिए पैसों के लेनदेन से जुड़ा है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि नियमित जमानत के मामलों के साथ-साथ अग्रिम जमानत के मामलों में भी अग्रिम जमानत देने के मापदंडों पर विचार करते हुए आदेश पारित करने की आवश्यकता होती है। लेकिन इस मामले में निचली अदालत द्वारा लगायी गयी शर्त कानून के अनुरूप नहीं प्रतीत होती है। सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने रांची सिविल कोर्ट से पारित अग्रिम जमानत याचिका के आदेश के उक्त भाग को रद्द कर दिया, जिसमें उन्हें पैसे भुगतान करने की शर्त पर बेल दी गयी थी।

## हाइकोर्ट ने न्यूक्लियस मॉल मामले में यूनियन ऑफ इंडिया की याचिका स्वीकृत की

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील (एलपीए) पर गुरुवार को फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील को स्वीकृत कर लिया। साथ ही एकल पीठ के




आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामला में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता सेना के अधिकारियों की याचिका को 5 अप्रैल 2023 को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी ने खंडपीठ में अपील दायर की थी। हाइकोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान सेना के अधिकारियों की ओर से कहा गया था कि जिमखाना की जमीन पर जो मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बन रही है, वह सेना की जमीन के बगल में है। नियम के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना की जमीन से 50 मीटर की दूरी पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होना चाहिए था। वहीं प्रतिवादियों की ओर से कहा गया था कि सेना की ओर से जिस गाइडलाइन का हवाला दिया जा रहा है, वह वर्ष 2022 का है, जो इसमें अप्लाई नहीं होता है। वर्ष 2016 की गाइडलाइन इसमें अप्लाई होती है, जिसमें कहा गया है कि सेना की जमीन से 10 मीटर की दूरी पर किसी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो सकता है। जो बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो रहा है, वह सेना की जमीन से 45 मीटर से ज्यादा दूरी पर है।

## हाइकोर्ट ने फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका की खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई द्वारा उगाहे गए लेवी का पैसा शेल कंपनी शिव आदि शक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में निवेश से संबंधित मामले में आरोपी फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने फुलेश्वर की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था फुलेश्वर गोप शिव आदि शक्ति इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे, लेकिन कंपनी में उनका शेयर मात्र 5% का था। लेवी का कोई पैसा इस कंपनी में नहीं लगा है। दरअसल, इस कंपनी में प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की पत्नी हीरा देवी भी डायरेक्टर थी। आरोप है कि इस शेल कंपनी के माध्यम से पीएलएफआई द्वारा अर्जित लेवी का पैसा का विभिन्न कामों में लगाया जाता था। इस मामले में फुलेश्वर गोप 3 साल 6 माह से जेल में है।

# राज अस्पताल में जबड़े की जटिल सर्जरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज अस्पताल, रांची में हाल ही में हजारीबाग के एक 16 वर्षीय लड़के कृष्ण कुमार के जबड़े की अनोखी सर्जरी की गयी। लड़के को छह साल की उम्र में चेहरे में गंभीर चोट (मैक्सिलोफेशियल ट्रॉमा) लगी थी, जिसके कारण मरीज का जबड़ा खुलना कम हो गया था, जो धीरे-धीरे समय के साथ और कम होने लगा। बाद में जैसे-जैसे बच्चा बड़ा हुआ, उसके जबड़े का खुलना लगभग शून्य मिमी पर आ गया, जो मरीज के जीवन के लिए एक गंभीर स्थिति बन गयी। मरीज बाइलैटरल टेंपोरोमैंडिबुलर ज्वाइंट एंकिलोसिस से पीड़ित था। रोगी की हालत इतनी खराब थी कि वह खाना नहीं खा सकता था और केवल तरल और अर्ध-तरल आहार पर ही जीवित था। बीमारी की वजह से रोगी का चेहरा दाहिनी ओर मुड़ने लगा और विकृत हो गया था । मरीज को 11 साल तक अपने चेहरे की इस विकृत स्थिति के कारण बहुत सारे सामाजिक उलाहना और मनोवैज्ञानिक तनाव का सामना करना पड़ा था। राज अस्पताल,



रांची के प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ आशीष कुमार मोदी ने मरीज के जांच में पाया कि मरीज टीएमजे एंकिलोसिस से पीड़ित है। तत्पश्चात अस्पताल के प्रमुख मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ अभिषेक भट्टाचार्य, एनेस्थेटिस्ट एवं क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख डॉ मोहिब अहमद और उनकी टीम ने मिलकर मरीज के इलाज के लिए टेंपोरलिस मसल इंटरपोजिशन के साथ एंकिलोटिक मास (जीएपी आर्थ्रोप्लास्टी) को सर्जरी के द्वारा हटाया। डॉ अभिषेक ने कहा कि सर्जरी में जटिलताओं और मरीज को एनेस्थीसिया देने में जटिलता के कारण, मरीज के परिजनों को राज्य के कई अस्पतालों में अस्वीकृति का सामना करना पड़ा और उसे अपना इलाज कराने के लिए दर-दर भटकना पड़ा। सर्जरी से पहले मरीज का मुंह बिलकुल नहीं के बराबर खुलता था। डॉ अभिषेक भट्टाचार्य द्वारा की गई सर्जरी के बाद बिना किसी सर्जिकल जटिलता के उसका मुंह चार सेमी तक खुल गया।

डॉ. अभिषेक भट्टाचार्य ने कहा कि सर्जरी बहुत जोखिम भरी थी और इस तरह की सर्जरी करके मरीज की जान बचाने के लिए उच्च सटीकता और कौशल की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह भी कहा कि राज अस्पताल, रांची के पास चेहरे की ऐसी गंभीर और उच्च जोखिम वाली सर्जरी को करके मरीज की जान बचाने के लिए सभी उन्नत उपकरण, कुशल तकनीशियन और विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हैं। अब इस तरह के इलाज के लिए मरीज को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# शैक्षणिक प्रशासन और कॉलेज प्रतिभागियों की क्षमता विकास पर कार्यशाला का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** एनइपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए झारखंड के शैक्षणिक प्रशासन और कॉलेज प्रतिभागियों की क्षमता विकास पर तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में किया गया, जो 23 मार्च 2024 को समाप्त होगा। यह कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा योजना एवं प्रशासन संस्थान दिल्ली एवं झारखंड उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गयी है। रांची विश्वविद्यालय इस कार्यशाला की मेजबानी कर रहा है।

कुलपति ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि हमारी जो पहले से शिक्षा पद्धति है, उसमें पूरी तरह से बदलाव आ रहा है और हम सभी प्राचार्यों, एकेडमिक लीडर्स को इसको समझने की जरूरत है और ग्राउंड जीरो तक ले जाने की जरूरत है, क्योंकि प्राचार्य ही किसी भी एकेडमिक कार्यक्रम को ग्राउंड लेवल तक ले जाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य, एकेडमिक लीडर्स, प्लानर्स और एग्जीक्यूटर्स होते हैं। राहुल पुरवार, उच्च शिक्षा के प्रधान सचिव ने कहा कि महाविद्यालयों को समाज के साथ में एक कनेक्ट बनाने की जरूरत है। अभी हम समाज से जुड़े हुए नहीं हैं। महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों के कोर्स करिकुलम उसी के अनुसार हों और स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम चलें। उद्घाटन समारोह में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्रो कुमार सुरेश, निदेशक और प्रमुख, शैक्षिक प्रशासन विभाग, एनआइइपीए, (मुख्य वक्ता), प्रो एके सिंह, प्रोफेसर और प्रमुख, शैक्षिक नीति विभाग, एनआइइपीए और राहुल पुरवार, प्रधान सचिव, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, सरकार की उपस्थिति में हुआ।

इस कार्यशाला का जोर झारखंड के उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के समग्र और बहु-विषयक दृष्टिकोण और एनइपी 2020 के कार्यान्वयन पर है। कार्यशाला में इस विषय के विभिन्न पहलुओं और चुनौतियों पर चर्चा की गयी और प्रतिभागियों को स्थानीय समुदायों से जुड़ने और उनकी ज्ञान प्रणाली को समझने और इसे मुख्य धारा की शैक्षिक प्रणाली में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला में झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों से लगभग 50 पंजीकृत प्रतिभागी उपस्थित थे। यह कार्यशाला डॉ बी नारायण, रजिस्ट्रार, आरयू और डॉ बीके सिन्हा, तकनीकी अधिकारी, वीसी, आरयू के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है। अतिथियों का स्वागत डॉ विभा पांडे, उप निदेशक, डीएचटीइ झारखंड ने किया। इस वर्कशॉप में परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष झा, डॉ पीके झा, डीएचटीइके डॉ धनंजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डायरेक्टर सीवीएस डॉ स्मृति सिंह ने किया।

### अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# जनता की कमाई लूटने वाले बख्से नही जायेंगे : बाबूलाल

- प्रधानमंत्री का दृढ़ संकल्प न खायेंगे...न खाने देंगे, भ्रष्टाचारियों की जगह जेल में

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को इडी की कार्रवाई में हुई दिल्ली के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर तीखी प्रतिक्रिया दी। श्री मरांडी ने कहा कुछ दिनों पहले ही झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर राजनीतिक रोटी सेंकने वाले भ्रष्टाचार के आरोपों में लिप्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इडी द्वारा उपस्थित होने के संदर्भ में 9 समन भेजे गये थे। कहा कि लेकिन रग रग में जिसके भ्रष्टाचार बसा हो, वो आखिर कैसे इडी के प्रश्नों का सामना कर सकता है। कहा कि आज के घटनाक्रम से यह सिद्ध हो गया है कि हमारे देश की न्याय व्यवस्था किसी के सामने नतमस्तक नहीं होती, चाहे वह व्यक्ति कितने भी ऊंचे पद पर क्यों ना हो।

श्री मरांडी ने कहा कि 9 बार समन की अवहेलना करने के बाद, जब इडी ने कार्रवाई की और गिरफ्तारी हुई, तो यह सिद्ध हो गया कि कानून के सामने सभी समान हैं। 'न खायेंगे न खाने देंगे' के दृढ़ संकल्प के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चुन चुनकर सभी भ्रष्टाचारियों को उनकी सही जगह (जेल) तक पहुंचाया जायेगा। कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में ये नया भारत है, ये भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने वाला भारत है।

# रिजर्व कैटेगरी के अभ्यर्थियों के आरक्षण से जुड़े मामले में हाइकोर्ट के तीन जजों की बेंच में सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय, जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस राजेश शंकर की फुल बेंच में जाति प्रमाण पत्र के कारण आरक्षण का लाभ नहीं दिये जाने के खिलाफ दाखिल अपील पर सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 25 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि इस मामले में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है। इस संबंध में डॉ नूतन इंदवार सहित 40 अन्य की ओर से हाईकोर्ट में अपील याचिका दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में प्रार्थियों ने आवेदन दिया था, लेकिन आयोग ने इनके जाति प्रमाण पत्र को नहीं मानते हुए इन्हें सामान्य श्रेणी में शामिल कर लिया, जबकि इन्होंने अपनी श्रेणी में निर्धारित कट ऑफ मार्क्स से ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं। बता दें कि जेपीएससी और जेएसएससी की ओर से दंत चिकित्सक, शिक्षक और रेडियो आपरेटर सहित अन्य पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था।

# होली पर बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने का निर्देश

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने होली में बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए राज्य के सभी सप्लाई ऑफिसों को निर्देश भी जारी कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि होली में किसी तरह बिजली की कमी नहीं होनी चाहिए। टेक्निकल फॉल्ट को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही बिजली उपकरणों की जांच, ट्रांसफॉर्मर जांच, फीडर चेकिंग करने का भी आदेश दिया गया है। ट्रांसमिशन लाइन की पेट्रोलिंग के साथ तार से सटे पेड़ों की टहनियों को भी काटने को कहा है।

# ईद एक्सपो को लेकर प्रचार गाड़ी रवाना

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में डोरंडा स्थित रिसालदार शाह बाबा दरगाह ईद एक्सपो का आयोजन कर रहा है। रांची के इतिहास में पहली बार 28 मार्च से 7 अप्रैल तक ईद एक्सपो लगाया जा रहा है जिसका आयोजन रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमिटी द्वारा रांची के डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा उर्स मैदान में किया जा रहा है। कपड़े, जूते, चप्पल, चूड़ी, ज्वेलरी, क्रॉकरी आइटम, खिलौने, सेवई, ड्राई फूड, आचार पापड़ के साथ फूड के अनेकों प्रकार रहेंगे। ये सभी स्टॉल झारखंड के साथ साथ कश्मीर, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कोलकाता, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि देश के अलग अलग राज्य से अपने विभिन्न प्रकार सामानों के साथ उपलब्ध रहेंगे। शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी जानकारी देने हेतु कई प्रचार वाहन को हरा झंडा दिखाकर दरगाह के सदर एवम अन्य अधिकारियों ने रवाना किया जो रांची के विभिन्न इलाकों में लगातार सुबह से लेकर शाम तक गली मोहल्लों के चक्कर लगायेगी। ईद एक्सपो का उद्घाटन 28 मार्च को किया जाएगा। इस अवसर पर दरगाह कमिटी के सदर अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, उप सचिव जुल्फिकार अली भुट्टो, निवर्तमान पार्षद नसीम गद्दी उर्फ पप्पू गद्दी उपस्थित होकर मीडिया प्रतिनिधि को ये सारी जानकारियां दी।

# विशाल कुमार राम कोकर महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष चुने गये

**रांची (आजाद सिपाही)।** कोकर महावीर मंदिर प्रांगण में गुरुवार को कोकर महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें पुरानी समिति भंग कर नयी समिति के लिए अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसहमति से इस वर्ष भव्य रामनवमी जुलूस शोभायात्रा सह रामनवमी पूजा मनाने के लिए विशाल कुमार राम को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इस बैठक में मुख्य रूप से राजू राम, चंचल चटर्जी, संतोष महतो, सूरज कुमार पासवान, छोटू पासवान, संजय राम, धर्मेंद्र पासवान, दीपक दास, गुडन पासवान, सागर पासवान, मनोहर कुमार, छोटू पासवान, सूरज राम, सागर राम, चिंटू पासवान, मुन्ना पासवान, पप्पू पासवान, संतोष राम सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी मामले के आरोपियों की डिस्चार्ज पिटिशन पर आदेश 3 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** कोरोना काल में राजधानी रांची में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी मामले में आरोपी राजीव कुमार और मनीष कुमार सिन्हा की डिस्चार्ज पिटिशन पर साइबर क्राइम एंड ड्रग कॉस्मेटिक मामले की विशेष अदालत में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। इसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत 3 अप्रैल को अपना फैसला सुनायेगी। आरोप है कि आरोपियों ने देश में कोरोना की आपदा में इस दवा की झारखंड में व्यापक मांग को देखते हुए कालाबाजारी कर दवा की अधिक कीमत की वसूली की थी। फर्जी दस्तावेज और अनाधिकृत रूप से रेमडेसिविर इंजेक्शन की बिक्री इनके द्वारा की गयी थी, जिस पर झारखंड हाइकोर्ट ने संज्ञान लिया था। जांच के लिए तत्कालीन एडीजी अनिल पालटा के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया था। एसआइटी ने जांच पूरी करते हुए अदालत में चार्जशीट दायर कर दिया था। मामले में आरोपी राजीव कुमार और मनीष कुमार सिन्हा के खिलाफ 26 जून 2021 को पहला आरोप पत्र एसआइटी ने दाखिल किया था। मामले को लेकर कोतवाली थाना में कांड संख्या 107/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

# साहित्य 24 झारखंड इकाई का होली मिलन समारोह रंग रसिया सफलतापूर्वक संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** साहित्य 24 मंच की झारखंड इकाई का होली मिलन, सिटी पैलेस में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। सरस्वती वंदना रिम्मी वर्मा ने किया। सभा को संबोधित साहित्य 24 झारखंड इकाई की अध्यक्ष रूपा कुमारी अनंत ने किया। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं भी दीं।

इस कार्यक्रम का संचालन बहुत ही सुंदर तरीके से संयुक्त रूप से अंशिता सिन्हा और सीमा कुमार ने किया। कई मजेदार खेलों का भी सबने मजा लिया और जीतने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया जिसमें सबने खूब मस्ती किया। मधुमिता साहा को मिसेज होली का टैग मिला। नृत्य, गीत, कविता और हास्य रचनाओं ने सभी को होली के रंग से सराबोर कर दिया। जिनमें डॉ सुरेंद्र कौर नीलम, रेणु झा रेणुका, डॉ उर्मिला सिन्हा, निर्मला कर्ण, मीरा सिंह, खुशबू बरनवाल 'सीपी', डॉ रजनी शर्मा चंदा, प्रतिभा सिंह, कविता रानी सिंह, मधुमिता साहा, सरोज गर्ग, सुनीता कुमारी, सुनीता अग्रवाल पिंकी, रंगोली सिन्हा, सुमिता सिन्हा, बिम्मी प्रसाद, सोनल थेपड़ा, माधवी उपाध्याय इत्यादि शामिल हुईं। कार्यक्रम में सबने रैंप वॉक भी किया और अंत में सबने होली गीत पर मिलकर नृत्य किया, गुलाल खेला और स्वादिष्ट नाश्ते का आनंद उठाया।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहनेवाले पीठासीन और मतदान पदाधिकारियों को शो-कॉज

- बिना अनुमति प्रशिक्षण में अनुपस्थित थे 210 पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संपादन को लेकर प्रतिनियुक्त पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों को राजकीय +2 उच्च विद्यालय, कांके में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में बिना अनुमति अनुपस्थित रहनेवाले पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों को शो-कॉज जारी किया गया है। दिनांक 18, 19 और 20 मार्च 2024 को बिना अनुमति अनुपस्थित रहनेवाले कुल 210 पीठासीन/मतदान पदाधिकारियों को कारण पृच्छा समर्पित करने हेतु आदेश जारी किया गया है।

अनुपस्थित रहने वाले उक्त पीठासीन/मतदान पदाधिकारी द्वारा स्वीकार्य योग्य स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं रहने की स्थिति में इनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी।

लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के कार्यालय/प्रतिष्ठान/निकाय/शैक्षणिक संस्थान में सेवारत पदाधिकारी/कर्मचारी की नियुक्ति पीठासीन/मतदान पदाधिकारी के दायित्व निर्वहन हेतु की गयी है। निर्गत नियुक्ति पत्र के पार पृष्ठ पर नियुक्त पीठासीन/मतदान पदाधिकारी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराते हुए निदेशित किया गया है कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, लेकिन दिनांक 18, 19 और 20 मार्च 2024 को बिना अनुमति कई पीठासीन/मतदानकर्मी अनुपस्थित रहे।

# बहावलपुरी पंजाबी समाज 26 को होली की टोली निकालेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** होली को लेकर बहावलपुरी पंजाबी समाज की गुरुवार को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित किंगर कुटीर कॉम्प्लेक्स में एक बैठक हुई। संस्था के अध्यक्ष ललित किंगर की अध्यक्षता में हुई बैठक में हर्षोल्लास के साथ होली मनाने का निर्णय लिया गया। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि 26 मार्च को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा-मंदिर चौक से सुबह दस बजे बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति द्वारा होली की टोली निकाली जायेगी। इसमें सभी सदस्य ढोल और गाजे बाजे के साथ रंग गुलाल खेलते हुए कॉलोनी की सभी गलियों का शाम चार बजे तक भ्रमण करेंगे। इस मौके पर नये शादीशुदा जोड़े और नवजात शिशु के घर जाकर संस्था द्वारा उन्हें बधाई भी दी जायेगी।

बैठक में यह तय हुआ कि 31 मार्च को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित दयालबाग में संस्था द्वारा शाम सात बजे से रात ग्यारह बजे तक होली मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसमें समाज के सभी लोग सम्मिलित होकर नाच- गान, भांगड़ा, कॉमेडी और होली के गीतों का लुत्फ उठायेंगे। इस मौके पर संस्था द्वारा ठंडई के साथ खानपान के व्यंजनों के स्टाल भी लगाये जायेंगे। बैठक का संचालन संस्था के सचिव अश्विनी सुखीजा ने किया। बैठक में संस्था के संरक्षक डॉक्टर सतीश मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, समीर काठपाल, किशोरी पपनेजा, मुकेश बजाज, नरेश पपनेजा, कामराज खत्री, मोहन खीरबाट, प्रमोद चुचरा, आशीष दुआ, सोनू पपनेजा, महेश कुक्कड़, अमरजीत बेदी, रमेश गिरधर समेत अन्य उपस्थित थे।

# आइएचएम रांची में होली मिलन समारोह

- खूब उड़े गुलाल, मौज मस्ती के साथ अलीशा ने छात्रों को सिखाया जिंदगी का सबक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आइएचएम) रांची में गुरुवार को होली मिलन समारोह बड़े हीं धुमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि मिसेज बाहा 2021- ट्राइबल ब्यूटी क्वीन ऑफ इंडिया की उपविजेता अलीशा गौतम रहीं।

समारोह की शुरुआत प्राचार्य के स्वागत भाषण से हुआ। इस दौरान संस्थान के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमे संस्थान के छात्रों ने होली आधारित गीत व नृत्य प्रस्तुत किया जिसकी उपस्थितगणों ने काफी सराहना की **जोहर से हुआ कार्यक्रम का आगाज :** अलिशा गौतम ने सभी का जोहर बोलकर आभार करते हुए सभी को होली की बधाई देते हुए बताया की इंसान को मेकअप की सुंदरता से नहीं खुद की सुंदरता से प्यार करना चाहिए। हमें खुद के सपने को खुद से हीं पुरा करे ना की अपने बच्चों पर अपने सपने थोपे। साथ हीं आइएचएम राँची में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने के लिए संस्थान के प्राचार्य का अभिवादन भी किया।

मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने मुख्य अतिथि एवम् अन्य अतिथियों का अभिवादन करते हुए सभी को जोहार के साथ होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। **महिला शक्ति की झलक दिखी :** इस समारोह के जरिए झारखंड की कला - संस्कृति के साथ दुनिया को झारखंड की विकसित तस्वीर तथा महिलाओं की सशक्तिकरण को दर्शाने का मौका मिलता है। साथ हीं ये भी बताया की भारत त्योहारों का देश है, त्योहारों के कारण अपने देश की एक अलग पहचान है। होली एक प्रमुख त्योहार है, जिसमे लोग आपसी गिले शिकवे को भूल कर रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई देते है। होली त्योहार, प्रेम, भाईचारगी, उत्साह, सौहार्द और एकता का पर्व है। इस त्योहार का सामाजिक, सांस्कृतिक और पारंपारिक महत्व भी है। उन्होने कहा कि विभीन्न प्रकार के रंग मिलकर हमारे जीवन मे खुशियां भरते है। अतिथियों में प्रवीन मगू, विक्की सोनी, प्रदीप गुप्ता, राज कुमार, सुमित सुमन आदि उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र का अखिल भारतीय हिंदी सेमिनार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा देश भर के सभी बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और बीमा कंपनियों के लिए दिल्ली में 'भविष्य की बैंकिंग' विषय पर अखिल भारतीय हिंदी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में अंशुली आर्या, सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक आशीष पांडेय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सेमिनार में चित्रा दातार, महाप्रबंधक, के राजेश कुमार, महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन एवं राजभाषा, हरि शंकर वत्स, अंचल प्रबंधक, दिल्ली अंचल तथा डॉ राजेंद्र श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) प्रमुखता से उपस्थित थे।

इस सेमिनार में वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय के निदेशक जगजीत कुमार तथा उप निदेशक धर्मबीर ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सभी का मार्गदर्शन किया। सेमिनार में सभी बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और बीमा कंपनियों के शीर्ष कार्यपालकों और राजभाषा प्राधिकारियों ने बड़ी संख्या में सहभाग लिया। मुख्य अतिथि अंशुली आर्या ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक और वित्तीय संस्थान किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार हैं। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवा के माध्यम से आप सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंकिंग में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग बहुत आवश्यक है और इससे दूरदराज के ग्राहक भी लाभान्वित होंगे। इस दिशा में बैंक ऑफ महाराष्ट्र और अन्य संस्थाओं द्वारा किये जा रहे प्रयासों की उन्होंने सराहना की। के राजेश कुमार, महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन एवं राजभाषा ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया।

सेमिनार में अतिथि वक्ताओं द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र लिये गये। मंच पर उपस्थित मान्यवरों द्वारा बैंक की गृह पत्रिका 'महाबैंक प्रगति' का विमोचन किया गया तथा पत्रिका के ब्रेल संस्करण का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर बैंक के विभिन्न मोबाइल हिंदी ऐप लांच किये गये। बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा आयोजित अखिल भारतीय हिंदी आलेख प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कार्यपालक निदेशक आशीष पांडेय ने कहा कि यह कल्पना करना बहुत रोचक है कि आने वाले समय में बैंकिंग का स्वरूप कैसा होगा और भविष्य की बैंकिंग किस प्रकार की होगी। पारंपरिक शाखा बैंकिंग से लेकर इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और कन्वरशेसनल बैंकिंग तक की यात्रा हमने पूरी की है।

बैंक और संस्थाएं एआइ, क्लाउड कंप्यूटिंग और मेटावर्स जैसी नवीनतम तकनीक को अपनाकर बाजार और नयी पीढ़ी के ग्राहकों की अपेक्षा के अनुरूप अपने प्रोडक्ट को तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों तक अपने विचारों और अपनी योजनाओं को पहुंचाने के लिए हिंदी और क्षेत्रीय भाषाएं सशक्त माध्यम हैं। चित्रा दातार, महाप्रबंधक ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की और हरि शंकर वत्स, अंचल प्रबंधक, दिल्ली अंचल ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 80159 दिनांक 19.03.2024 मैं सहजदीन परवीन पति सफुल अंसारी उम्र 42 वर्ष साकिन - मौजा आजाद बस्ती गुमला, वार्ड नं 5 थाना, गुमला, जिला - गुमला राज्य - झारखण्ड, शपथ पूर्वक बयान करती हुँ। कि यह उपरोक्त पता का स्थायी निवासी हुँ। यह कि मैं अपने नाम से युनियन बैंक (अन्धरा बैंक) शाखा गुमला में एक खाता खोली हूँ। जिसका खाता सं0 25621201000002 6 है जिसमें मेरा नाम - फरजाना खातुन है जिसमें मेरा पता - हुसैन नगर गुमला थाना- गुमला, जिला - गुमला दर्ज है। यह कि मेरे नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड निर्गत किया गया है। जिसका आधार कार्ड सं0 6204 1148 5528 है जिसमें मेरा नाम - सहजदीन परवीन दर्ज है जिसमें मेरा पता - आजाद बस्ती गुमला थाना - वो, जिला - गुमला है। यह कि आधार नं0 6204 1148 5528 मे भी मेरा नाम - फरजाना खातुन के नाम से आधार कार्ड है। यह एक मेरे उपरोक्त बैंक खाता सं0 256212010000026 है मेरा नाम - फरजाना खातुन के नाम से आधार कार्ड है। यह कि फरजाना खातुन एवं सहजदीन परवीन दोनो नाम एक महिला का है जो मैं स्वयं हुँ। उक्त नाम की दुसरी महिला मेरे मुहल्ले मे नही है। तथा हुसैन नगर गुमला वो जिला गुमला और आजाद बस्ती गुमला थाना वो जिला - गुमला दोनो मेरा ही पता है। यह शपथ पत्र मेरे बैंक खाता सं0 256212010000026 में दर्ज नाम फरजाना खातुन को सुधार करते हुए मेरे आधार कार्ड नं0 6204 1148 5528 में दर्ज नाम सहदीन परवीन करने के लिए कर रही हूँ

## AFFIDAVIT



As per Affidavit Ref. No. 8035 Dated 14.03.2024 I. CHUNNI MAHTO, S/O-BANWARI MAHTO, age about 42 years, by Faith Hindu, by Nationality Indian, by Address Barki Sarla, PO-Sangrampur, PS-Gola, Dist-Ramgarh, (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as under follow- 1. That the correct Name of my daughter is Hemanti Kumari which is Also mentioned in her matriculation certificate issued by JAC Ranchi but due to clerical mistake in my above daughter name has wrongly menboned as Hema Kumari instead Hemanti Kumari is her Aadhar Number 8205 0926 9302. 2. That this affidavit is required for Authority Concern for correction of name of my daughter in her Aadhar Number 8205 0926 9302 Hemanti Kumari instead by Hema Kumars,. 3 That is correct Date of Birth of my daughter is 05/01/2006 which also mentioned in her Matriculation certificate issued by JAC Ranchi, but due to clerical mistake in her Aadhar Number 8205 0926 9302 her Date of Birth is mentioned as 22/06/2008 instead 05/01/2006 to be corrected. That above statements are true and correct to the best of my knowledge

# आखिर हुआ इंसाफ

एनकाउंटर स्पेशलिस्ट और पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा सहित 14 व्यक्तियों को फर्जी मुठभेड़ के एक मामले में बॉम्बे हाइकोर्ट ने आजीवन कैद की सजा सुनायी है। यह सजा न केवल उतार-चढ़ाव और नाटकीय घटनाक्रम से भरे इस खास मामले के तार्किक परिणति तक पहुचंने का अहसास कराती है बल्कि इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि महाराष्ट्र में फर्जी मुठभेड़ के मामले में किसी पुलिस ऑफिसर को दोषी ठहराये जाने का यह पहला मौका है। महाराष्ट्र, खास कर मुंबई में अस्सी के दशक के मध्य से लेकर 2000 के दशक के मध्य तक कथित अपराधियों के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की घटनाएं काफी बढ़ गयी थीं। उस दौरान मुंबई पुलिस फोर्स में ऐसे कुछ अफसर उभरे थे, जो इस काम में उस्ताद माने जाने लगे। उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट और एनकाउंटर किंग जैसे खिताब दिये जाते थे। हालांकि तब भी ऐसे आरोप आम थे कि सारे एनकाउंटर सही नहीं होते। कुछ फेक एनकाउंटर भी किये जा रहे हैं। प्रदीप शर्मा का नाम भी ऐसे ही ऑफिसरों में लिया जाता रहा है। खुद प्रदीप शर्मा 25 साल के अपने करियर में 112 अपराधियों को मारने का दावा करते रहे हैं। यह अलग बात है कि मुठभेड़ में मारे जाने वाले इन कथित अपराधियों को अदालत में अपना पक्ष रखने का कोई मौका नहीं मिला। इन एनकाउंटर स्पेशलिस्ट अफसरों के चलते कहीं न कहीं पुलिस फोर्स के अंदर और बाहर यह भाव कमजोर पड़ रहा था कि पुलिस का काम अपराधियों को सजा देना नहीं, उसे पकड़ कर कानून के सुपुर्द करना है। ऐसे कथित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के प्रति समाज या पुलिस फोर्स के एक हिस्से में उपजी सहानुभूति जांच प्रक्रिया को कैसे प्रभावित कर सकती है, इसके संकेत इस खास केस में भी मिलते हैं। 2006 के इस एनकाउंटर केस में छोटा राजन गैंग के कथित सदस्य लखन भैया के साथ ही पुलिस ने उसके दोस्त अनिल भेदा को भी उठाया था। भेदा उस एनकाउंटर मामले का अहम गवाह था, जिसे चार्जशीट फाइल होने के बाद रहस्यमय ढंग पहले गायब किया गया और फिर मार डाला गया। लेकिन उस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया। अदालत ने अपने फैसले में इसे शर्मनाक और न्याय का मजाक बताया। यह सच है कि फेक एनकाउंटर के इस मामले में फैसला आते-आते काफी देर हुई, यह भी कि ऐसे कई मामलों में शिकायतें अभी भी फाइलों की धूल फांक रही हैं, बावजूद इसके यह फैसला इस विश्वास को मजबूती देता है कि सिस्टम को अपनी जेब में समझने वाले देर-सबेर इसकी जद में आते हैं और उन्हें अपनी करनी का फल भुगतना पड़ता है। इस विश्वास का मजबूत बने रहना जरूरी है।

**खुद प्रदीप शर्मा 25 साल के अपने करियर में 112 अपराधियों को मारने का दावा करते रहे हैं। यह अलग बात है कि मुठभेड़ में मारे जाने वाले इन कथित अपराधियों को अदालत में अपना पक्ष रखने का कोई मौका नहीं मिला।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने धारा 370 को भारत के साथ कश्मीर के एकीकरण में सबसे बड़ा बाधक बताते हुए नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नारा दिया था। वर्ष 1953 में इसी मुद्दे पर संघर्ष करते हुए कश्मीर की जेल में उनकी संदेहास्पद मृत्यु हो गयी। इसी बलिदान से प्रेरित होकर जनसंघ भाजपा ने अपने प्रत्येक चुनावी घोषणा पत्र में इस विभाजनकारी धारा के परिमार्जन पर बल दिया। 70 वर्ष पश्चात जब वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भाजपा पहले से अधिक प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटी, तब उसने इसका सवैधानिक क्षरण कर दिया।**

# चुनाव 2024 : आखिर विपक्ष कमजोर क्यों है

बलबीर पुंज



**कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व राहुल-प्रियंका सहित वही घिसे-पीटे जुमलों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारतीय उद्योगपतियों के खिलाफ विषवमन कर रहा है, तो मजहब के नाम मुस्लिमों को एकजुट और जातियों के नाम पर हिंदू समाज में मनमुटाव और अधिक गहरा करने का उपक्रम चला रहा है।**

देश में 18वें लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। सभी चुनावी सर्वेक्षणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग की तीसरी बार लगातार सरकार बनने की भविष्यवाणी की है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी 400 पार सीटें जीतने का दम भर रहे हैं, परंतु इन दावों के बीच वास्तविक नतीजे क्या होंगे, वह 4 जून को मतगणना के पश्चात पता चलेगा, परंतु एक बात तो तय है कि विरोधी गठबंधन सत्तारूढ़ भाजपा का सशक्त विकल्प बनने में विफल हो रहा है।

अधिकांश विपक्षी दलों और भाजपा में मूलभूत अंतर यह है कि भाजपा सकारात्मक मानसिकता के साथ अपनी विचारधारा से प्रेरित होकर जिन मुद्दों और लक्ष्यों को सामने रख कर चुनाव लड़ती है, वह उसे जनसमर्थन मिलने पर पूरा करने हेतु जी-जान भी लगा देती है। धारा 370, 35ए के मामले में क्या हुआ? भारतीय जनसंघ; वर्तमान भाजपा के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने धारा 370 को भारत के साथ कश्मीर के एकीकरण में सबसे बड़ा बाधक बताते हुए नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नारा दिया था।

**भारत 2014 में 11वें पायदान पर था, तो वर्ष 2027 तक देश के तीसरी बड़ी आर्थिकी बनने की संभावना है।**

वर्ष 1953 में इसी मुद्दे पर संघर्ष करते हुए कश्मीर की जेल में उनकी संदेहास्पद मृत्यु हो गयी। इसी बलिदान से प्रेरित होकर जनसंघ भाजपा ने अपने प्रत्येक चुनावी घोषणा पत्र में इस विभाजनकारी धारा के परिमार्जन पर बल दिया। 70 वर्ष पश्चात जब वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भाजपा पहले से अधिक प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटी, तब उसने इसका संवैधानिक क्षरण कर दिया। परिणाम सबके सामने है। कश्मीर पहले से कहीं अधिक शांत, समरस और समृद्ध दिख रहा है। इस प्रकार प्रतिबद्धता केवल धारा 370 तक सीमित नहीं। भले ही अधिकांश विरोधी वर्षों से राम मंदिर को केवल राजनीतिक चश्मे से देख रहे हैं, परंतु भाजपा के लिए यह सदैव आस्था और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का विषय रहा। 6 दिसंबर 1992 को कारसेवकों द्वारा बाबरी ढांचा ढहाने के बाद कांग्रेस की तत्कालीन केन्द्र सरकार ने चार राज्यों हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में भाजपा सरकारों को गिरा दिया था।

इसके बाद भी वे रामजन्मभूमि की मुक्ति हेतु कटिबद्ध रहे और जिस प्रकार इस मामले की सुनवाई में 2014 से पहले रोड़े अटकाने के प्रयास किये थे, उसे दूर करने के बाद जब नवंबर 2019 में सर्वोच्च न्यायालय ने प्रभु रामलला के पक्ष में निर्णायक फैसला दिया, तब मंदिर पुनर्निर्माण हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था की गयी। परिणामस्वरूप इसी वर्ष 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी ने पुनर्निमित राम मंदिर का भव्य उद्घाटन करके वृहद हिंदू समाज की 500 वर्ष पुरानी प्रतीक्षा को समाप्त कर दिया।

राष्ट्रवादी चिंतक और जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय (1916-68) ने अंत्योदय संकल्पना प्रस्तुत की थी, जिसका उद्देश्य समाज में अंतिम व्यक्ति का उत्थान, विकास को सुनिश्चित, खाद्य सुरक्षा प्रदान और आजीविका के अवसरों में वृद्धि करना है। इसी चिंतन से प्रेरणा लेकर 25 सितम्बर 2014 को मोदी सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना को आरंभ किया। इस प्रकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं, जिसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना भी शामिल है, उसका लाभ यह हुआ कि देश की लगभग 25 करोड़ आबादी बहुआयामी गरीबी से बाहर निकल आयी।

आत्मनिर्भर भारत मेक इन इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया रूपी योजनाओं और आधारभूत ढांचे के कायाकल्प आदि नीतिगत उपायों से भारत दुनिया की 5वीं बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया। भारत 2014 में 11वें पायदान पर था, तो वर्ष 2027 तक देश के तीसरी बड़ी आर्थिकी बनने की संभावना है। भारतीय तकनीक, विज्ञान, अनुसंधान कौशल के इतिहास में स्वदेशी कोविड वैक्सीन और चंद्रयान-3 परियोजना में विक्रम लैंडर के सफलतापूर्वक चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर पहुंचना मील के पत्थरों में से एक है। इस आमूलचूल परिवर्तन को मोदी सरकार के शीर्ष स्तर का भ्रष्टाचार से मुक्त होना और अधिक स्वागतयोग्य बनाता है।

इस पृष्ठभूमि में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों; तृणमूल, सपा, राजद, वामपंथियों की स्थिति क्या है? कांग्रेस वर्ष 1969 में दोफाड़ होने के बाद से विचारधारा विहीन है। धीरे-धीरे इसके वैचारिक अधिष्ठान पर वामपंथियों ने कब्जा कर लिया, तब कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी के रूप में एक सशक्त नेतृत्व था, परंतु आज पार्टी के पास न तो वैसा नेतृत्व है और न ही विचारधारा। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व राहुल-प्रियंका सहित वही घिसे-पीटे जुमलों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारतीय उद्योगपतियों के खिलाफ विषवमन कर रहा है, तो मजहब के नाम मुस्लिमों को एकजुट और जातियों के नाम पर हिंदू समाज में मनमुटाव और अधिक गहरा करने का उपक्रम चला रहा है।

अपने विवादित वक्तव्यों के कारण राहुल गांधी सार्वजनिक विमर्श में है। आखिर असली राहुल कौन है? क्या वह जिसने 2009 में हिंदू संगठनों को घोषित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तोयबा से अधिक खतरनाक बताया था? या वह जिसने 2013 में अपनी ही सरकार द्वारा पारित अध्यादेश को फा ड़कर फेंक दिया था? या वह जिसने 2016 में जेएनयू में भारत विरोधी नारे लगाने वाले आरोपियों का न केवल समर्थन किया अपितु कालांतर में उन्हीं आरोपियों में से एक को अपनी पार्टी में शामिल तक कर लिया? या वह जिसने स्वयं को 2018 में दत्तात्रेय गोत्र का हिंदू बताया? या वह जो चुनाव के समय मंदिर-मंदिर घूम कर, कुर्ते के ऊपर पवित्र जनेऊ धारण और पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा का दावा करके स्वयं को आस्थावान हिंदू सिद्ध करने की कोशिश की? या फिर वह जो आदिवासियों को भारत का असली मालिक बताता है और अब राह चलते लोगों से उनकी जाति पूछ कर देश को वामपंथियों की भांति वर्ग संघर्ष की आग में झोंकने का प्रयास कर रहा है?

यदि विपक्ष को सत्तारूढ़ दल का सशक्त विकल्प बनना है, तो उसे अंबानी-अडानी के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी को गरियाने आदि संबंधित विमर्श से बहुत आगे बढ़ना होगा। उसे जनता को बताना होगा कि मोदी सरकार की वह कौन-सी नीतियां या फैसले गलत हैं, उसके दुष्परिणाम क्या हैं और उसका व्यावहारिक-सकारात्मक समाधान क्या है।

## जमशेदपुर की खबरें

### एग्रिको मैदान से शहीदों के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा आज

# एकता, अखंडता, भाईचारा और राष्ट्रभक्ति का संदेश वाहक है तिरंगा यात्रा : काले

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के एग्रिको मैदान से शुक्रवार को सुबह 9.55 बजे एकता, अखंडता,भाईचारा, समरसता और राष्ट्रभक्ति का संदेश वाहक तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जायेगा। गुरुवार को नमन संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह कल ने इसकी जानकारी दी। मौके पर श्री काले ने बताया शहर में शहीदों के सम्मान में निकाली वाली शहीद सम्मान यात्रा सह अखंड तिरंगा यात्रा नौवें वर्ष में प्रवेश करते हुए पूरे उत्साह और जोश के साथ निकाली जायेगी। यह यात्रा देश की भव्यतम यात्राओं में से एक है। उन्होंने कहा शुक्रवार को सुबह 9:55 में एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से निकलने वाली तिरंगा यात्रा हर वर्ष की तरह एग्रीको गोलचककर, भालूबासा, साकची, वसंत सिनेमा, कालीमाटी रोड से आर डी टाटा चौक होते हुए पुलिस लाइन में भी अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। वहां से वापस एग्रीको मैदान में आकर समाप्त होगी। उन्होंने कहा नमन परिवार शहीदों के सपनों को राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों के गौरव को जीवंत बनाए रखने के लिए समर्पित संस्था है। इस मंच के माध्यम से हम समाज में प्रेम,भाईचारा और सौहार्द कायम रखने का हर संभव प्रयास की जाती है। यह संस्था गैर राजनीतिक और गैर सांप्रदायिक भावना से प्रेरित होकर गठित की गई है। जिसमें समाज के हर तबके व हर धर्म एवं समाज के गण्यमान व्यक्ति, चिकित्सक व्यवसायी, पत्रकार, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, संपादक, मजदूर नेता और विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं की पूर्ण सहभागिता रहती है। श्री काले ने कहा सन 2016 में देश में भारत तेरे टुकड़े होंगे हजार जैसी विध्वंसक नारेबाजी की गई थी। इस घटना के प्रतिकार में इस संस्था का गठन किया गया। सर्वप्रथम उसे वर्ष 2016 में जमशेदपुर से अखंड तिरंगा सह शहीद सम्मान यात्रा निकाली गयी। जो ऐतिहासिक रही। तब से हर वर्ष 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव जी के शहादत दिवस पर इस यात्रा को निकालने की परंपरा बन गई है। आगामी 23 मार्च को लगातार 9 वे वर्ष उक्त तिथि को हमारी संस्था ने यह यात्रा निकालने की तैयारी की है। जिसमें सभी शहर वासियों का सदैव की तरह पूर्ण समर्थन, सहभागिता, सहयोग व आशीर्वाद की अपेक्षा है। यह यात्रा अत्यंत ही अनुशासित ही ढंग से निकाली जाती है। जिसमें जमशेदपुर और आसपास के देशभक्त युवा, मातृशक्ति, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य सहित हजारों आम और खास लोग सहित विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधि बड़े उत्साह से शामिल होते हैं। उल्लेखनीय है इस यात्रा का नेतृत्व मां भारती का रथ करता है। यह यात्रा एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से प्रातः 9:55 में प्रारंभ होती है। पूर्व में एक संक्षिप्त सभा में पूर्व सैनिक परिवारों सहित शहीद परिवारों का सम्मान किया जाता है। इस यात्रा का शहर में कई स्थानों पर स्वागत भी किया जाता है। साथ ही यात्रा में शामिल देशभक्तों का भी स्वागत किया जाता है। इस दौरान पुलिस लाइन में ठहरकर शहीद स्थल पर भी श्रद्धांजलि दी जाती है।

# आदिवासी युवा संगठन का बाहा और सरहुल महापर्व 31 मार्च को, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आदिवासी युवा संगठन के केंद्रिय समिति द्वारा आगामी रविवार (31 मार्च) को गोपाल मैदान में आदिवासियों का महापर्व बाह्रा और सरहुल पुरे रीति-रीवाज के साथ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। को-ऑपरेटिव कालेज सभागार में आदिवासी युवा संगठन के केन्द्रिय समिति द्वारा इसकी जानकारी दी गयी। यह कार्यक्रम युवा समाजसेवी बबलु सोरेन के नेतृत में आगामी रविवार को गोपाल मैदान में संथाल,हो, मुण्डा,भुमिज सहित अन्य उपसमुदायों के युवाओं को एक मंच पर लाने का एक प्रयास है। ताकि झारखंड के कला और संस्कृति को विश्वपटल पर प्रदर्शित किया जा सके। मौके पर आदिवासी युवा संगठन के मुख्य संरक्षक बबलू सोरेन ने बताया आगामी रविवार (31 मार्च) को गोपाल मैदान अपराहन 2:00 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड के गौरव, कोल्हान टाईगर सह झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शामिल होंगे। केंद्रीय अध्यक्ष हरिराम टुडु ने बताया बाहा और सरहुल महापर्व के साथ-साथ आदिवासियों का सामाजिक उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए संस्था हमेशा कार्यरत रहेगा। उन्होंने आदिवासी समुदाय के सभी उपसमुदाय के युवाओं को बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आग्रह किया। केंद्रिय सचिव अरुण मुर्मू ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समुदाय के सभी उपसमुदायों के लोगों में खासकर युवाओं को एक मंच पर लाने के लिए यह एक सकारात्मक पहल है। आने वाले समय में यह आदिवासी युवाओं के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा। आदिवासी समुदाय के सभी युवा संगठन से जुड़ कर लोगो को समाज के प्रति जागरूक करने और झारखंड की कला संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए विश्वपटल तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। केंद्रिय उपाध्यक्ष बुधराम बेसरा ने कहा कि आने वाले दिनों में संगठन आदिवासीयों के लिए बुलंद और क्रातिकारी आवाज बनकर खड़ा होगा। इस अवसर पर हरिराम टुडु,अरुण मुर्मू, बुधराम बेसरा, भीमसेन मुर्मू, कांतो मुर्मू, सचिन सामड़, निर्मल किस्कू, सुमित किसकू, सागेन बेसरा, गोविंद सोरेन, अजय दुछु, उदेश सोरेन, सिता सोरेन, प्रदिप मुर्मू,करन दुदु,दाखन सोरेन सहित काफी संख्या में संगठन के सक्रिय सदस्य और आदिवासी युवा उपस्थित रहे।

# फागुन के हुड़दंग में सराबोर हुईं महिलाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय महिला संघ द्वारा अनुग्रह नारायण सिंह शिक्षण एवं सेवा संस्थान बागबेड़ा कॉलोनी में ₹फगुआ के संग होली हुड़दंग₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्धघाटन अध्यक्ष डॉक्टर कविता परमार, संरक्षक प्रतिमा सिंह, पूनम सिंह, नीतू सिंह,नीरू सिंह व महासचिव मंजू सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में रीता के टीम द्वारा एक से एक फगुआ गीत प्रस्तुत की गई। गीत पर सभी महिलाएं झूमते नाचते नजर आए। फगुआ गीत के बाद शहर में विभिन्न समाज की प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं व समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष डॉक्टर कविता परमार ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य शहर की सभी सामाजिक कार्य से जुड़े महिलाओं को एक साथ होली मनाने का संदेश देना है। उन्होंने कहा आज विभिन्न समाज के प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं एक साथ खुशियां मनाई। बहुत जल्द सभी एक साथ बृहद पैमाने पर इक्ट्ठा होकर आपसी प्रेम व एकजुटता का संदेश देंगे।धन्यवाद ज्ञापन महासचिव मंजू सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बागबेड़ा की केंद्रीय पदाधिकारी पुष्पा सिंह, अध्यक्ष संध्या सिंह,बागबेड़ा समिती के शिवानी सिंह व अन्य सभी का सराहनीय योगदान रहा। सभी महिलाओं ने फगुआ गीत पर नृत्य के साथ-साथ लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया। मौके पर विनीता सहाय,पूर्वी घोष,विमला सिंह, सुनीता जायसवाल, कुसुम पूर्ति, पूर्णिमा मल्लिक, गीतिका प्रसाद, नंदिनी साहू,एकता जायसवाल, चंदन जायसवाल, प्रतिमा मुंडा, रीमा साहू शामिल रही। वही विभिन्न इकाइयों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गईं। कार्यक्रम में आर आई टी, आदित्यपुर, सोनारी, बिष्टुपुर, कदमा, साकची, गोलमुरी, सीतारामडेरा, टेल्को, शिदगोड़ा, गोविंदपुर, बागबेड़ा, जुगसलाई, सुंदर नगर इकाई के अध्यक्ष सहित पूरी कमिटी ने फगुआ का आनंद उठाया। केन्द्रीय पदाधिकारियों में जीनू सिंह, शम्मी सिंह,पुष्पा सिंह,सीमा सिन्हा, प्रीति सिंह, शिवानी सिंह, सरिता सिंह, सीमा सिंह, कुमुद सिंह, विमला सिंह, संध्या सिंह, मनोरमा सिंह, निशा सिंह, कंचन सिंह, राधा सिंह, रानी सिंह, रागिनी सिंह को सम्मानित किया गया।

# दीवा ग्रुप के होली मिलन समारोह में महिलाओं ने जम कर उठाया आनंद

आजाद सिपाही संवाददता



**जमशेदपुर।** दीवा ग्रुप के द्वारा शहर के एक होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित होली मिलन समारोह में काफी संख्या में शहर की महिलाएं शामिल हुई। सभी में एक दूसरे को रंग अमीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा होली के एक से बढ़ कर एक गीत और नृत्य पेश की गयी। मौके पर भाजपा नेत्री रानी ठाकुर समेत काफी संख्या में शहर की महिलाएं शामिल होकर होली मिलन समारोह का आनंद उठाया।

## मझिआंव आरके पब्लिक स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित




मझिआंव (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के आर के पब्लिक स्कूल ऊंचरी में गुरुवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक अलख नाथ पांडेय के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। सीबीएसई समानता प्राप्त लगभग 13 स्कूल है, जिसमें सभी विद्यालय के संचालन के लिए आर के पब्लिक स्कूल के प्रचार की जिम्मेदारी दिया गया है। बच्चों को खेल कुद इत्यादि में भी भाग अवश्य लेनी चाहिए, वहीं नर्सरी से लेकर वर्ग 7 तक के प्रत्येक वर्ग में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए हुए सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करती की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस स्कूल में अत्यंत गरीब 25 प्रतिशत छात्र -छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है। सभी छात्र छात्राओं को अपने क्लास में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किये गये को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार पांडेय, धनंजय सिंह मिथिलेश सिंह, गीतांजलि देव सुप्रिया सुनिधि दिव्या संजुक्ता ठाकुर, आकांक्षा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिका और काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## पुलिया में बाइक गिरने से दो घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर खरौंधी मुख्य पथ में झगराखांड के समीप पुलिया में बाइक गिरने से बाइक पर सवार दोनों साढ़ू भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस तथा एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल लाया गया। बनसानी पंचायत के ललकी दामर टोला निवासी रामाधार राम के दोनों दामाद बागेशोती निवासी सुनील राम तथा अमरोरा मझिगावां निवासी विनोद राम अपने ससुराल आयें थे। गुरुवार को दोनों साढ़ू ससुराल से भवनाथपुर मोटरसाइकिल पर सवार होकर घुमने जा रहें थे कि झगराखांड के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गया। घटना की सुचना मिलते ही एसआई प्रभू मेहता दलबल और एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंच कर दोनों घायलों को अस्पताल भेजवाया, जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा/मेराल/श्री बंशीधर नगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के गढ़वा, मेराल और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। आयुक्त ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के राजकीयकृत बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के मतदान केंद्र संख्या 117, 118, 119 और 120, उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी मेराल में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 58, 59 और 60 का भ्रमण किया। साथ ही भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय पाल्हे कला स्थित मतदान केंद्र संख्या 268 और 269 का भ्रमण किया। इसके अलावा राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय नगर उंटारी स्थित मतदान केंद्र संख्या 237, 258, 259 और राजकीय कन्या मध्य विद्यालय नगर उंटारी के मतदान केन्द्र संख्या 240, 241, 262 और 263 का भ्रमण किया।

आयुक्त ने उक्त विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध करायी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। उन्होंने दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा इनके निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों की संरचना, मतदान केंद्रों पर रैंप, व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर का सहयोग लेने संबंधी जानकारी ली और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति को जाना। उन्होंने बीएलओ से मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या से भी अवगत हुए। साथ ही जो मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए फॉर्म 12डी को भरवाने का निदेश दिया। आयुक्त ने गढ़वा और भवनाथपुर के मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं से संतुष्ट हुए। साथ ही मामूली कमियों को तत्काल दूर करने का निदेश दिया।

**स्ट्रॉंग रूम और डिस्पैच सेंटर का भी किया निरीक्षण :** आयुक्त बाल किशुन मुंडा, उपायुक्त शेखर जमुआर सहित अन्य पदाधिकारियों ने सदगुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज गढ़वा स्थित स्ट्रॉंग रूम/डिस्पैच सेंटर और मल्टीपरपस हॉल का निरीक्षण किया। आयुक्त के भ्रमण के दौरान गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील, गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी विजय, जिला योजना पदाधिकारी-सह-प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## चुनाव के मद्देनजर इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर 24 घंटे जांच की जायेगी : एसपी

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने गुरुवार को नगर उंटारी थाना अंतर्गत बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया एसपी दीपक कुमार पांडे ने बताया कि चुनाव के मद्दे नजर इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर 24 घंटा जांच किया जायेगा। कोई भी अवैध वाहन का प्रवेश वर्जित है। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार का हथियार लेकर क्षेत्र में प्रवेश करना वर्जित है। उन्होंने विभिन्न अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा मादक पदार्थ, अवैध शराब, अस्पष्ट अत्यधिक धनराशि तथा अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं के अवैध परिवहन पर सभी वाहनों की जांच हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और जवान को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अरसली उत्तरी का युवक चढ़ा पलायन की भेंट

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अरसली उत्तरी का रहनेवाला एक युवक पलायन की भेंट चढ़ गया। घर से काम की तलाश में निकला वह युवक कुछ कमा कर तो नहीं ला पाया, पर उसका शव जरूर घर आ गया। खबर के अनुसार अरसली उत्तरी पंचायत के खड़ार टोला निवासी रेयाज अंसारी का 26 वर्षीय पुत्र नूरे आलम परिवार की बेहतर परवरिश के लिए रायपुर में कमाने गया था। रायपुर में मेकेनिकल वाहन चलाता था। बीते चार से पांच दिन पूर्व एकाएक बेहोश हो गया, जिसके बाद उसके साथियों ने उसे अचेतावस्था में अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मृत्यु हो गयी। गुरुवार की सुबह युवक का शव उसके पैतृक आवास पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। अरसली उत्तरी मुखिया प्रतिनिधि समाजसेवी तसबीन अंसारी, पिंटू आलम, दयानंद प्रजापति, अकबर अंसारी, कलाम अंसारी, अख्तर अंसारी, सुनील, इरशाद, अजय, पपु, पंकज, नंदू सहित दोनों समुदाय के कई लोगों ने मौके पर पहुंच शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

## ओबरा दलको स्थित सरस्वती इंग्लिश स्कूल में बच्चों के बीच परीक्षा परिणाम का वितरण



बरडीहा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ओबरा दलको गांव स्थित सरस्वती इंगिलश स्कूल में बच्चों के बीच परीक्षा परिणाम वितरण किया गया। कार्यक्रम की शरुआत मुख्य अतिथि रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर बच्चों ने स्वागत गान व कई मनमोहक झांकी प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों के बीच परीक्षा परिणाम का वितरण डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। श्री चंद्रवंशी ने बच्चों को शिक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिया। मौके पर मझिआंव मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, अरविंद राम सहित स्कूल के प्राचार्य, पंचायत की मुखिया, वार्ड पार्षद तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका व छात्र-छात्रा मौजूद थे।

# दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** टाउनशिप स्थित सेल मैदान में सेल तुलसीदामर खदान समूह के सीएसआर विभाग के तहत गुरुवार को दो दिवसीय नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्वघाटन भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम, सेल के प्रभारी जीएम डॉ. विजय राम, उप प्रबंधक (कार्मिक) बुलु दिग्गल, एजीएम राजेश कुमार व सिंदुरिया पंचायत के उपमुखिया वैश खां ने संयुक्त रूप से खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को कीक मारकर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम ने कहा की सेल प्रबंधन ने फुटबॉल टूनार्मेंट कराकर ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखराने का अवसर प्रदान कर रही है। कहा कि खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का पहला मैच सिंदुरिया एवं मकरी के बीच खेली गयी, जिसमें सिंदुरिया की टीम ने मकरी की टीम को 2-0 से हराया। दूसरा मैच कैलान एवं घाघरा टीम के बीच खेला गया, इसमें कैलान की टीम ने घाघरा की टीम को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। जबकि प्रतियोगिता का तीसरा मैच मंगरदह व अरसली दक्षिणी टीम के बीच खेला गया, जिसमे अरसली दक्षिणी की टीम ने मंगरदह टीम को 2-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच में रेफरी की भूमिका सुनील कुमार, अवधेश कुमार व संजय कुमार ने निभाई। इस मौके पर सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर आदर्श कुमार सिंह, एसबीआई शाखा प्रबंधक आदेश कुमार, सेलकर्मी डोमन यादव, सुशील कुमार, डॉली रानी, बिनय कुमार सिंह, राजेश यादव, डोली रानी, हीरालाल यादव, प्रसून आदि उपस्थित थे।

# बाबू दिनेश सिंह विवि में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गयाक जिसमें महाविद्यालय के बीएड और डीएलएड के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लियाक छात्र-छात्राएं महाविद्यालय से फरठिया गांव तक पैदल मार्च करते हुए सभी ग्रामीणों को मतदान में भाग लेने और मतदान करने हेतु जागरूक किया क कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर लल्लन सिंह ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की पहचान आपके मतदान के द्वारा ही हो सकता है। यह सब की जिम्मेदारी है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। हमें इस अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह तथा कुलपति प्रो० (डॉ०) एमके सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम देश में लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस पदाधिकारी शशिकांत सिंह यादव के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अरविंद तिवारी, जनार्दन शुक्ला, मनोज गुप्ता, आनंद कुमार चौबे, ओम प्रकाश, अभिमन्यु शुक्ला, डॉक्टर आशुतोष मिश्रा आदि प्राध्यापक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों में बीएन सिंह का सक्रिय सहयोग रहा।

## शिवपुर गांव निवासी शांति कुंवर की मौत



कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर गांव निवासी स्वर्गीय श्यामाकांत चंद्रवंशी की 62 वर्षीया पत्नी शांति कुंवर की मौत हो गयी। घटना गुरुवार की सुबह तकरीबन 07 बजे की है। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि शांति कुंवर अपने घर के पास ही सड़क पर टहल रही थी, जहां सड़क पर बने ब्रेकर में ठोकर लग कर गिर पड़ी। परिजनों ने देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। मृतिका अपने पीछे चार पुत्र व एक पुत्री छोड़ गयी। अंतिम संस्कार कोयल नदी में कर दिया गया।

## हरिहरपुर में शांति समिति की बैठक



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर ओपी परिसर में होली व रमजान के पर्व को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अफताब आलम के द्वारा किया गया। शांति समिति की बैठक में चार पंचायत हरिहरपुर, मझिगावां, डुमरसोता, लोहरगड़ा के सभी पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य लोग के साथ ही साथ दोनों समुदायों के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसी समुदाय का पर्व त्यौहार हो आपस में मिलजुल कर व आपसी सौहार्द के साथ मनाने से आपसी भाईचारा हमसबो के बीच में बढ़ता है। इस होली के के समय में लोकसभा का चुनाव होने की वजह से चुनाव आयोग के तहत आदर्श आचार संहिता लागू किया गया है। इसलिए हमसबो को सरकारी गाईडलाइन का पालन करते हुए होली के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाना है। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट नहीं एक दूसरे के पास नहीं भेजना है। हरिहरपुर ओपी प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि शराब का निर्माण व सेवन करने पर पुर्ण तरीके से पाबंदी लगाई गई है। इसमें संलिप्त व्यक्ति को पकड़ें जाने पर पूर्ण रूप से कानूनी कार्रवाई किया जायेगा । मौके पर सूर्य देव सिंह , राहुल कुमार सिंह, पंकज सिंह, सीता राम शर्मा , शंभू नाथ साह, श्रवण कुमार पासवान, दिलीप सिंह, मुन्ने आजीम ,सफीक अंसारी, उस्मान अंसारी सहित ओपी के सभी चौकीदार मौजूद थे ।

# आपसी भाईचारे के साथ मनायें होली : संदीप

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** थाना परिसर में होली महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया की अध्यक्षता में की गयी। सभी को आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनाने का अपील की गयी। इस मौके पर अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने कहा की प्रशासन हर समय आपलोगों के साथ है। पर्व में सोशल मीडिया से सावधान रहने की जरूरत है, बिना सत्यापन किये मैसेज को वायरल करने से बचना है, अगर कोई अफवाह खबर वायरल हो रहा है, तो पहले जनाकारी प्रशासन को दे, उसकी सत्यता की जांच कर अविलंब कारवायी की जायेगी। सोसल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर है। होली पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनायें। उन्होंने पर्व के दौरान डीजे पर अश्लील गाना पर रोक लगाया है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता में किसी के घर पर झंडा या पोस्टर नहीं लगाना है। लगाने से पहले उसकी अनुमति लेना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध कारोबार के बारे में जनाकारी दे, जनाकारी मिलते ही कारवायी की जायेगी। उन्होंने कहा कि होली त्योहार के दौरान मंचलों एवं दो पहिया वाहनों पर खास नजर रखने की जरूरत है। तेज रफ्तार से चलाने वाले लोंगो पर कारवायी किया जायेगा। वहीं थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व प्रेम और आपसी भाईचारे का पर्व है, जिसे समाज के सभी वर्गों को मिलजुल कर पर्व को मनाने की जरूरत है। उन्होंने किसी भी अफवाह से बचने की बात कही, उन्होंने कहा कि अगर किसी तरह की असमाजिक तत्वों द्वारा सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करते है, तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें। उस पर अविलंब कारवायी की जायेगी।

वहीं विहिप के जिला धमार्चार्य प्रमुख राधेश्याम पांडेय ने कहा कि पिछले कई वर्षो से हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ सभी पर्व को मनाते आरहे है। इसके बाद सभी लोग एक दूसरे को रंग अबीर लगा कर होली महापर्व की शुभकामनाये दिया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव, सांसद प्रतिनिधि पुलस्त्य शुक्ल, प्रमुख दीपा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, कामख्या नारायण सिंह, लतीफ अंसारी, ऐनुल, संजय चंद्रवंशी, सहित कयी लोग उपस्थित थे।

## खटखारिया नदी के पास बोलेरो पलटी

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के धुरकी शक्ति गांव के बीच खटखारिया नदी के पास एक बोलेरो जेएच14 डी 8401 अनियंत्रित होकर पलट गयी, चालक फरार हो गया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से पलटी हुई बोलेरो को खिंचवा कर थाना में ले आया है। उन्होंने बताया कि मुख्य पथ से लगभग 10 फीट नीचे गिरने के बाद भी कोई हताहत नहीं होना बड़ा आश्चर्य है। उन्होंने बताया कि वाहन चालक तथा वाहन मालिक का पता कराया जा रहा है, पता चलते ही करवाई किया जायेगा।

## होली का त्योहार शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द्र के साथ मनायें : सत्येंद्र नारायण



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। रंगों का त्योहार होली को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसलिए धारा 44 लागू है। होली पर्व को अच्छी तरह से मनाये। सोशल मीडिया पर प्रशासन का विशेष नजर रहेगी। किसी प्रकार कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे। शराब को लेकर स्पेशल टीम गठित की गयी है। मौके पर पुलिस अवसर निरीक्षक रत्न कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, झामुमो नेता सूर्यदेव मेहता, भाजपा एसी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, पूर्व मुखिया राकेश चौबे, विकाश पांडेय, कमलेश मेहता, सदर तौहिद खान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय ने किया।

# आज के युवाओं को साहित्य से जुड़ने की जरूरत: पीडीजे

सृजन साहित्यिक मंच द्वारा हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** सृजन साहित्यिक मंच गढ़वा द्वारा होली के अवसर पर बुधवार की शाम हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्थानीय मेलोडी मंडप में आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार और उतर प्रदेश के कवियों ने विभिन्न विधा के अपनी रचनाओं से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधान जिला जज राजेश शरण सिंह, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राम बचन सिंह और सेवानिवृत जज केएन पांडेय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर किया। कवि सम्मेलन की शुरूआत भभुआ से आये शंकर कैमूरी ने वर दे वीणावादिनी वर दे... सरस्वती वंदना से की। इसको आगे बढ़ाया बनारस से आये कवि नागेश त्रिपाठी ने अपनी हास्य व व्यंग्य रचना की प्रस्तुति कर की. उनकी हे ऋतुराज वसंत आओ... व मेरे साढ़ू घुले रहते हैं रहर की दाल की तरह सुनाकर तालियां बटोरी। इसके पश्चात यूपी के चंदौली से आये मनोज द्विवेदी मधुर ने अपने एक से बढ़कर एक सस्वर गीतों की प्रस्तुति कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर डाला, उनकी रचना ऐसा क्या हो गया, मन बहकने लगा, प्रीत का गीत गाकर चहकने लगा..., भउजी ओराइल जाला फगुनवां... भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर- राम ही ताकत, राम निवारक, राम महामुंद मंगलकारी...सुनाकर श्रंगार रस व भक्तिरस दोनों का आनंद दिलाया। पटना से आये फारूक सरइयाबी ने दीन, धरम इमान की बातें करते हैं, हम तो हिंदुस्तान की बातें करते हैं...राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। प्रतापगढ़ यूपी से आये दिनेश सिंह गुकज ने मंडप में मैने देखा जो बीवी का नजारा...सुनाकर सबको हंसी से लोटपोट कर दिया। मंच पर गढ़वा की पुनमश्री ने होली खेले सबके संग, होली का हुड़दंग...गाकर सबको होली के रंग में डुबोने का प्रयास किया। सृजन के उपाध्यक्ष राजमणि राज ने अपनी रचना रोशन सुबह तूझी से, चांदी निशां बनी है...की प्रस्तुति कर सबको प्रभावित किया। स्थानीय लोकगायक राजकिशोर राय व संजय चौबे ने भी अपनी प्रस्तुति से सबका मनोरंजन किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अध्यक्ष विनोद पाठक ने, संचालन शंकर कैमूरी व राकेश त्रिपाठी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रासबिहारी तिवारी ने किया। इसके पूर्व सचिव सतीश कुमार मिश्र ने अपने शहरनामा में गढ़वा शहर की वर्तमान दशा पर अपने व्यंगात्मक प्रस्तुति से समस्याओं को बखूबी से उठाया। समारोह में मंच की ओर से डॉ पातंजलि केसरी, विजय पांडेय, राजकुमार मधेशिया, राजमणि राज आदि ने सभी कवियों व अतिथियों को अंगवस्त्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रधान जिला जज राजेश शरण सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि आज के युवाओं को साहित्य से जुड़ने की जरूरत है। समाज का निर्माण इसी तरह के सांस्कृतिक पहल से होगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर आज सबकुछ मिल जाता है, परंतु मोबाइल पर कार्यक्रम देखना और मंचीय कार्यक्रम देखना दोनों में काफी अंतर होता है।

**ये थे उपस्थित :** भाजपा के वरिष्ठ नेतासह समाजसेवी अलखनाथ पांडेय, समाजसेवी विजय केसरी, कंचन साहू, राकेश पाल, चैंबर अध्यक्ष बबलू पटवा, डॉ एमपी गुप्ता, डॉ जेपी सिंह, दीपक तिवारी, शशिशेखर गुप्ता, अनितादत्त, उपेंद्र सिंह, भृगुनाथ चौबे, विजय चौबे, विवेकानंद उपाध्याय आदि।

## बाइक और कार की टक्कर में एक की मौत

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा थाना क्षेत्र के तिलदाग नहरचौक के पास मोटरसाइकिल और कार के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गयी, मृतक लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग गांव निवासी स्वर्गीय बालेश्वर साव का पुत्र मनदीप कुमार 35 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया गया कि मृतक मनदीप कुमार कमल फैन कैप प्राइवेट लिमिटेड समूह में एक मार्च से गढ़वा में ब्रांच मैनेजर के पद पर गढ़वा में नया जॉइनिंग किये थे। इसके बाद गुरुवार को गढ़वा थाना अंतर्गत बनपुरवा गांव समूह के काम से सर्वे करने के लिए जा रहे थे, इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल एक कार से टक्कर हो गयी। इसमें मनदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये, घटना के बाद काफी देर तक अकेले अचेत अवस्था में सड़क पर पड़ा रहा। इसके बाद आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी मिलने के बाद उसे गंभीर स्थिति में 108 एंबुलेंस के मदद से इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है। इधर घटना के बाद कार चालक अपना कार को लेकर भाग रहा था, इसी दौरान पुलिस ने उसके कार व चालक को गढ़वा शाहपुर मार्ग से पकड़ लिया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## खूंटी के एथलिटों ने जीते दो स्वर्ण और एक रजत पदक






खूंटी (आजाद सिपाही)। देवघर में चल रही राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खूंटी के एथलिटों ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। बाबा की नगरी देवघर में 20 से 22 मार्च तक आयोजित राज्यस्तरीय जूनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खूंटी की एथलीट हीरा सांगा ने 800 मीटर 15 सौ मीटर में दोहरा स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया, वहीं खूंटी के ही कालो मुंडू ने 1500 मीटर रेस में रजत प्राप्त किया। एथलीटों की इस सफलता पर कमेटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, सचिन दशरथ महतो, परमानंद कुमार, जुनास मुंडू, आनंद राम आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## नहीं रहे जनसंघ काल के वयोवृद्ध भाजपा कार्यकर्ता हीरालाल चौधरी



फाइल फोटो हीरालाल

खूंटी (आजाद सिपाही)। जनसंघ काल के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हीरालाल चौधरी का निधन गुरुवार को 84 वर्ष की उम्र में उनके पैतृक गांव खूंटी के बिरहू में हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। हीरालाल चौधरी के निधन पर भाजपा कें वशेवृद्ध नेता पद्मभूषण कड़िया मुंडा, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुडा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक कोचे मुंडा सहित कई भाजपा नेतओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। संवेदना व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष चंद्र शेखर गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काशी नाथ महतो और संतोष जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू , कृपा सिंधु बेहरा, तुलसी भगत, कैलाश राम, गंदौरी गुड़िया, विष्णु सोनी, महामंत्री बिनोद नाग, शशांक शेखर राय, मंत्री गोपाल स्वर्णकार, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, संजय नाग आदि शामिल थे।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें होली: ग्रामीण एसपी



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैक्लुस्कीगंज थाना परिसर में होली पर्व को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक सर्किल इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।ग्रामीण एसपी सुमित कुमार ने क्षेत्र के लोगों से शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली में अफवाह फैलाने वाले और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तथा हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जायेगी। इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने भी उपस्थित लोगो से प्रशासन को सहयोग करने तथा किसी भी तरह की परेशानी पर पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया। थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने कहा कि पुलिस आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। इस मौक पर जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी,मुखिया संतोष कुमार महली, मुखिया शिवरत मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार, दीपक कुमार, देव कुमार दास, एएसआई दिनेश मंडल, जितेंद्रनाथ पांडेय, विजय गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थें।

## ग्रामीण एसपी ने खलारी के संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण, दिया निर्देश



खलारी (आजाद सिपाही)। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने गुरूवार को खलारी प्रखंड क्षेत्र के संवेदनशीन बुथों का निरीक्षण किया। इस क्रम में वे राय, चुरी कोलियरी, करकट्टा, घमधमिया, लपरा के कई बुथों में गए। इस दौरान वे खलारी, मैकलुस्कीगंज थाना व धमधमिया पिकेट का भी निरीक्षण किये। संवेदनशीन बुथों में मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिए। निर्देश दिया कि मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करें। संवेदनशीन बुथों पर मतदान के दिन अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चित करने कहे। चुनाव को लेकर लगातार पेट्रोलिंग व वाहन चेकिंग करने का भी निर्देश दिए। एसपी ने अवैध शराब सहित नशा के दूसरे सामान के खिलाफ अभियान चलाने कहा। थाना के लंबित कांडों का निष्पादन करने कहा। अपराधिक चरित्र के लोगों पर नजर रखने का निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ खलारी के थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह भी थे।

## चुनाव में 2194 सीसीएल कर्मियों की लगेगी ड्यूटी

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारियों को इस वर्ष लोकसभा चुनाव के ड्यूटी में लगाया जायेगा। इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी का उपायुक्त चतरा के द्वारा पिपरवार एरिया में कार्यरत कुल 2194 सीसीएल कर्मचारियो का नाम चुनाव ड्यूटी के लिए भेजा गया है। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मियों के चुनाव ड्यूटी में नाम आने से कोयलांचल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।सूत्रों की माने तो जिला से आयी लिस्ट के अनुसार सभी के चुनाव ड्यूटी मे जाने से पिपरवार में कोयला खनन का काम पूरी तरह से बंद हो जायेगा। स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन ने भी कोयला खनन का काम जारी रखने को लेकर कुछ सीसीएल कर्मियों को रोकने की अपील जिला से की है, जिससे कोयला खनन का काम जारी रह सके। बताया गया कि पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना, पिपरवार यूनिट, सीएचपी परियोजना, जीएम युनिट के सीसीएल कर्मचारियों को इस वर्ष लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगाया जायेगा, जिसको लेकर सीसीएल कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

## दूसरों की भावना का ख्याल कर मनायें होली: कुमुद झा

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा के बाल मित्र थाना सभागार में गुरुवार को एसडीपीओ खरीस्टोफर केरकेट्टा की अध्यक्षता में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमारझा ने कहा कि चुनाव आचार संहिता और दूसरों की भावना का ख्याल रखते हुए उत्साहपूर्वक होली मनायें। उन्होंने कहा कि होली एक महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल देकर खुशियां मनाते हैं। बैठक में कहा गया कि शराब का सेवन करने वालों और शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में इंस्पेक्टर अशोक सिंह, प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कर, सीओ पूजा बिन्हा, रेफरल अस्पताल के प्रभारी मिडेन मुंडू, मुखिया जॉन तोपनो, विनिता नाग, मंजीत तोपनो, संजय यादव, कैसर खान, कलीम खान, राधेश्याम भगत, एमपी सिंह, दीपक तिग्गा, राजू साहू, नीरज जायसवाल सहित कई मौजूद थे। बैठक के दौरान रेफरल अस्पताल प्रभारी मिडेन मुंडू ने बताया कि अस्पताल में एक्सरे मशीन ठीक हो गई है। अब एक्सरे लिए लोगों को बाहर जाना नहीं पड़ेगा।

# पुआल लदे पिकअप वैन से पुलिस ने जब्त किया 360 किलो डोडा

आजाद सिपाही संवाददाता





खूंटी। पुलिस की आखों में धूल झोंक कर अफीम के तस्कर हर दिन नये तरीके निकालते रहते हैं, ताकि आसानी से अफीम और डोडा की तस्करी की जा सके। ऐसा ही मामला बुधवार को आया, जब पलिस ने पुआल लदे एक पिक अप वैन से भारी मात्रा में अफीम का डोडा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अफीम का डोडा ले जाने वाले हैं। एसपी ने छापामर टीम का गठन कर अभियान चलाने का निर्देश दिया। पुलिस टीम ने बुधवार को पोसेया गांव के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाकर एक मारुति पिकअप वैन से 21 बोरों में भरकर तस्करी के लिए अन्यत्र ले जाये जा रहे 306 किलो अवैध अफीम का डोडा जब्त किया। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने गुरुवार को खूंटी थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापामार टीम जब वहां एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चला रही थी, उसी समय पुआल लदे उक्त पिकअप वैन के चालक और उसमें सवार लोगों ने दूर से ही पुलिस टीम को देख लिया और सड़क किनारे वाहन को खडा कर वहां से फरार हो गए। संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे खड़े उक्त पिकअप वैन की जब पुलिस ने जांच की, तो पुआल के नीचे छिपा कर रखे गये 21 बोरों में भरे अफीम का डोडा मिला। इस पर वाहन सहित अफीम डोडा को जब्त कर लिया गया। इस संबंध में खूंटी थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान और अग्रतर करवाई की जा रही है। छापामार टीम में खूंटी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कृष्ण सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## आदिवासियों को समझाने की नहीं, समझने की जरूरत है: मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



तमाड़। भाजपा के खुंटी लोकसभा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा का तमाड़ प्रखंड के कासमबुरुडीह गांव में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन और भव्य स्वागत किया गया। अर्जुन मुंडा का भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, बुथ अध्यक्षों संग ग्रामीणों के साथ बैठक हुई। मंत्री अर्जुन मुंडा ने संबोधित करते हुए देश हित और जनहित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत स्वस्थ्य कार्ड आदि अन्य योजनाओं की जानकारी के साथ ही जनजातीय मंत्रालय और कृषि मंत्रालय की ओर से चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के साथ मुकाबला कर रहा है और विश्व गुरु बनने के लिए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को समझानें की नहीं समझने की जरूरत है, विकास शिक्षा पर आधारित है शिक्षित समाज होनी चाहिए, गांव की ताकत ही गांव की पुंजी है। आज पांच सौ साल बाद राम मंदिर बना किसान सम्मान निधि किसानों को मिल रहा है। मंत्री का स्वागत गांव के जमींदार भोलानाथ सिंह मुंडा ने मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, तो दूसरी ओर मंत्री ने मंडल अध्यक्षों तथा बूथ अध्यक्षों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विष्णु पद महतो ने जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने किया। बैठक में ग्राम प्रधान भोलानाथ सिंह मुंडा के अलावे पंचायत समिति सदस्य कृष्ण सिंह मुंडा, वार्ड सदस्य बसंती देवी, सुबोध कांत मुंडा, काली साहु,ललन साहु, मंगल स्वांसी, सहित कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, दिलीप सेठ, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, सुरेंद्र साहु, मदन सिंह मुंडा, कन्हाई पातर, हरि सिंह मुंडा सहित सैकड़ों महिला पुरुष कार्यकर्त्ता शामिल थे। वहीं दूसरी ओर रायडीह में चल रहे एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण में कृषि मंत्री पहुंचे और किसान को भारत सरकार और उनके कृषि मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों को ऑर्गेनिक खेती और प्राकृतिक खेती अपनाने का सुझाव दिया। किसान गोष्ठी में मुख्य रूप से सिंगराय टुटी, सत्यनारायण स्वांसी, जुगनेस मुंडा, पूर्णचंद्र मुण्डा, रंजित स्वांसी सहित दर्जनों किसान शामिल थे।

## प्रबंधन ने दिया रैयतों की लंबित मांगों को पूरा करने का भरोसा

**पिपरवार में सीसीएल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में गुरुवार को सीसीएल प्रबंधन और ग्राम राजधर, बहेरा, कारो के विस्थापित ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और संचालन भूमि और राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह ने किया। इस बैठक मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजधर साईडिंग से विस्थापित हुए ग्रामीणों के द्वारा सीसीएल प्रबंधन को सौपे गये मांग पत्र पर चर्चा की गयी। जिसमें मुख्य रूप से विस्थापित रैयतो के लंबित पड़े नौकरी, मुआवजा और पुनर्वास का मुद्दा छाया रहा। बैठक मे अधिग्रहित भूमि के बदले लंबित नौकरी और मुआवजा को लेकर रैयतों से कागज जमा करने, रैयतों के पेड़ पौधा का मुआवजा देने, रैयतो के लंबित पुर्नवास केंद्र मुहैया कराने, विस्थापित गांव में सीएसआर योजना के कार्यो में स्थानीय विस्थापित रैयतों की भागीदारी सुनिश्चित करने, ठेकेदारी में 70 प्रतिशत काम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को देने हैं, साईडिंग से निकलने वाले सरकारी और गैर सरकारी रेट में त्रिपालिंग करने, साइडिंग में चल रहे हैं निजी कंपनियों के कार्यों में स्थानीय लोगों की बहाली करने, कल्याणपुर में बंद पड़े डीएवी स्कूल को चालू करने, साइडिंग से उत्पन्न प्रदूषण के नियंत्रण पर पहल करने, साइडिंग में हैंड लोडिंग कार्य शुरू करने, नयी खुलने वाली भूमिगत खदान में स्थानीय ग्रामीणों को प्राथमिकता देने सहित अन्य मांगो पर चर्चा की गयी। प्रबंधन द्वारा उक्त मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया गया। बैठक में प्रबंधन से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों द्वारा 25 मार्च से होने वाले राजधर साईडिंग बंद को स्थगित कर दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि 4 जून तक प्रबंधन को समय दिया गया है यदि मांगे पूरी नहीं होती है तो 5 जून से हड़ताल किया जायेगा। बैठक मे प्रबधंन की ओर से परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, एसओसी सुमन कुमार,भूमि और राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह, नीरज कुमार, राजीव रंजन सहित ग्रामीणो मे बहेरा मुखिया रेखा देवी,पंसस बंसती देवी, वार्ड सदस्य फहीम रजा, जाहिद अली, रमेश मुंडा, सोनु गुप्ता, बिरेंद्र उरांव, मोहम्मद इलियास, देवकुमार उरांव,परेश उरांव, नरेश उरांव, नुमन उरांव, फूलमनी देवी, मालती देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## 286वीं जयंती पर याद किये गये क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो

चंदन कुमार महतो






ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो मूर्ति स्थापना संकल्प समिति झिमड़ी की ओर से महानायक क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो की 286वीं जयंती मनायी गयी। नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी स्थित सोनाडुंगरी परिसर में क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिकृति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर मूर्ति स्थापना संकल्प समिति के संयोजक प्रभात कुमार महतो ने कहा कि क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो ने देश की आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों को नाकों चने चबवा दिए थे। उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध प्रथम संगठित जन विद्रोह चुआड़ विद्रोह (1767 - 1778 ई०) किया था। अंग्रेजों के जुल्म और महाजनों के शोषण के खिलाफ किसान वर्ग का नेतृत्व करते हुए उन्होंने पहला बिगुल फूंका था। इस विद्रोह के शुरूआती दौर में लगभग तीन साल तक आदिवासी कुड़मी समुदाय के लोग ही मोर्चा संभाले हुए थे। फिर संथाल, भूमिज, कोल, मुंडा आदि धीरे-धीरे इस मुहिम में जुड़ने लगे। क्रांतिवीर रघुनाथ महतो की सेना में लगभग 5000 लोग शामिल थे। यह सेना तीर-धनुष, टांगी, फरसा, तलवार, बल्लम, घुंइचा आदि से सुसज्जित था। देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी व चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो को जितना सम्मान मिलना चाहिए था, वह उन्हें अब तक नहीं मिला। इसलिए झाड़खंड सरकार से मांग है कि वीर शहीद की गौरवगाथा को इतिहास विषय में समुचित स्थान देने का काम करें और प्राइमरी शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालय स्तरीय पाठ्यक्रम में देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी महानायक वीर शहीद रघुनाथ महतो की जीवनी शामिल करें। वहीं आदिवासी कुड़मी समाज के ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष भोला नाथ महतो ने कहा कि 21 मार्च 1738 को वर्तमान के सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह थाना अंतर्गत रघुनाथपुर के समीप घुंटियाडीह गांव में जन्मे क्रांतिवीर रघुनाथ महतो विद्रोह के दौरान लड़ते-लड़ते 05 अप्रैल 1778 को सिल्ली के लोटा गांव के 'गढ़तैंतेइर' में अंग्रेजों की गोली से शहीद हुए थे। इस प्रकार उन्होंने देश की आजादी के लिए अंतिम सांस तक लड़ते रहे। ऐसे क्रांतिकारी शहीदों की जीवनादर्श सभी वर्गों, जातियों और मजहबों आदि से ऊपर होते हैं। 5 अप्रैल शहादत दिवस के अवसर पर 6 फीट की आदमकद मूर्ति की स्थापना होगी। इसके लिए 1 अप्रैल से शहीद स्थल सिल्ली प्रखंड स्थित किता-लोटा से 81 शहीद-मिट्टी कलश पदयात्रिओं की रवाना झिमड़ी के लिए होगी। इसके लिए पूरी तैयारी की गयी है। क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से भोला महतो, गणेश महतो, पद्मलोचन महतो, गुहीराम महतो, सुशील मछुआ, अगस्त मछुआ, मंगल महतो, नारायण महतो, भद्रेश्वर महतो, चण्डी महतो, संजय महतो, ललित महतो, शंकर महतो, बृहस्पति महतो आदि शामिल थे।

## घायल युवक से मिले सांसद और विधायक



रांची-राहे (आजाद सिपाही)। ओपी थाना क्षेत्र के सताकी (भेलवाटीकर) के युवक अरविंद कुमार महतो (31 वर्षीय) की राहे पुलिस के द्वारा पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है। घायल युवक का इलाज रिम्स में चल रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर रांची सांसद संजय सेठ गुरुवार को रिम्स पहुंचे और घायल युवक से भेंट की। युवक ने सांसद को बताया कि मंगलवार शाम को राहे पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मधुसूदन महतो को बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए पकड़ा था, उसी को लाने वो थाना गया था, जहां थाने में मुंशी द्वारा स्कूटी नहीं देने और जेल भेजने धमकी देते हुए प्रभारी के इशारे पर एएसआई द्वारा जमकर पिटाई की, जिससे उनके पैर में कई फ्रैक्चर हुए। वहीं मुंशी द्वारा भी काफी टॉर्चर किया गया। स्थिति बिगड़ता देख आधी रात को आनन फानन पुलिस द्वारा उसे अनुमंडल अस्पताल बुंडू ले जाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार कर रांची भेज दिया गया। सांसद ने उनके बेहतर इलाज के लिए रिम्स प्रबंधन को निर्देश दिया। मौके पर एसएसपी रांची से बात किया और स्पष्ट निर्देश दिया की ऐसी निर्ममता करने वाले पुलिसकर्मी पर कठोर कार्रवाई करें। उन पर विभागीय कार्रवाई के साथ मुकदमा दर्ज कर उन्हें नौकरी से अविलंब हटाया जाए। यह रांची पुलिस का अमानवीय चेहरा है, जिससे आम जनता में पुलिस की छवि और खराब हुई है। मौके पर कांके विधायक समरीलाल भी मौजूद रहे।

## कुंडीय राष्ट्र चेतना गायत्री महायज्ञ शुरू



खूंटी (आजाद सिपाही)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा निर्देश पर गायत्री परिवार खूंटी शाखा द्वारा खूंटी क्लब परिसर में आयोजित चार दिवसीय 24 कुंडीय राष्ट्रीय चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ गुरुवार को प्रारंभ हुआ। महायज्ञ के पहले दिन गुरुवार सुबह शहर में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गयी। आयोजन स्थल खूंटी क्लब परिसर से निकाली गई मंगल कलश यात्रा डाक बंगला रोड से भगत सिंह चौक, मेन रोड, नेताजी चौक, कर्रा रोड, चौधरी तालाब रोड होते हुए लियाकत अली लेन में निकल कर मिश्रा टोली मेन रोड होते हुए वापस आयोजन स्थल खूंटी क्लब परिसर में पहुंच कर समाप्त हुआ। आयोजन के दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह आठ से 11 बजे तक देव पूजन गायत्री महायज्ञ आदि अनुष्ठान होंगे, जबकि अपराह्न तीन से चार बजे तक कार्यकर्ता गोष्टी और शाम छह बजे से रात नौ बजे तक संगीत प्रवचन का आयोजन होगा। इस आयोजन को विधिवत संपन्न करने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे टोली में श्रीनिवास तिवारी, रामनारायण यादव, देवी सिंह, मनसाय कश्यप, सुनील सिंह और राजेंद्र यादव शामिल हैं।

## कला और खेल महोत्सव का आयोजन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के मरधान स्कूल मैदान में आयोजित ग्रामीण कला और खेल विकास मंच, संपूर्ण जन जागृति ऑर्गनाइजेशन तथा विवेकानंद नवयुवक संघ, यूनिक सॉल्यूशन के तत्वाधान में ग्रामीण कला और खेल महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी अमित कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो जगतपाल, मुखिया राजकिशोर मुंडा, जैक सदस्य डॉ राधारमण साहू प्रिंसिपल कृष्ण सिंह मुंडा आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के बीच फुटबॉल क्रिकेट कुर्सी रेस पेंटिंग नृत्य सहित दर्जनों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विजेता उप विजेता विद्यार्थियों को कप देकर सम्मानित किया गया। वहीं पंच परगना आर्टिस्ट सहित क्षेत्र में शिक्षा तथा समाज में अहम योगदान देने वाले गणमान्य लोगों को शॉल उड़ाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बताते चले के पंच परगना क्षेत्र के युवा आर्टिस्ट मनीष कुमार महतो अपने जन्म दिन के अवसर पर हर वर्ष खेल प्रतियोगिता का आयोजन करते आ रहे है। इस अवसर पर रिंग बॉल के राष्टीय खिलाड़ी, राष्टीय पुरस्कर उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा सम्मान 2021 के विनोद कुमार महतो, राजेंद्र प्रसाद महतो, काजल महतो, बोकारो गोजा प्रोडक्शन के सभी कलाकार, बहुत सारा यूट्यूबर, कुरमाली कॉमेडी घनश्याम दा, मनोज महतो, आनंद महतो प्रताप महतो के साथ साथ सैकड़ों ग्रामीण कला और खेल महत्सव के सदस्य उपस्थित थे।

## लिफ्ट इरीगेशन का निर्माण 2018-19 में हुआ था, लेकिन अब तक नहीं हुआ शिलान्यास

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू प्रखंड के डारूहातु गांव में सिंचाई के लिए लिफ्ट इरीगेशन का निर्माण 2018-19 में कराया गया था, जिसका अब तक शिलान्यास नहीं हो पाया है और ना ही इसका उद्घाटन हो पाया है। इस कारण गांव के हजारों एकड़ खेत सिंचाई के अभाव में बेकार पड़े हुए हैं। इस विषय में विधायक प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा से बात करने पर बताया गया कि इसका निर्माण पूर्ण कर लिया गया, सिर्फ इसमें ट्रांसफार्मर लगाना बाकी है। इस पर पूछा गया कि इसका निर्माण कौन करवाया तो उन्होंने बताया कि विधायक प्रतिनिधि सह संवेदक हर्षवर्धन शर्मा के द्वारा करवाया गया है, साथ ही बताया गया कि यह कार्य एनआरईपी वन के तहत कराया गया था। इस कार्य को पूरा नहीं किया गया है, कहीं-कहीं पर गड्ढा खोदकर पाइप नहीं डाला गया है और ना ही चालू किया गया है। गांव वालों ने बताया गया कि विगत 5 सालों से विधायक और संबंधित पदाधिकारी को भी इसकी जानकारी दी गयी है, इसकी कितनी लागत है यह भी गांव वालों को पता नहीं है। इस मौके पर बुधराम बड़ाईक मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर लोहरा सत्यनारायण मुंडा, जादू राय मुंडा, सुखराम बड़ाईक, जगमोहन मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिल्ली में होली मिलन समारोह का आयोजन

सिल्ली(आजाद सिपाही)। सिल्ली थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह की अध्यक्षता की गयी। बीडीओ रेणु बाला ने कहा कि होली रंगों का त्योहार और भाईचारे का पर्व है, इसे शांतिपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ मनाएं। किसी के बहकावे में आकर हुड़दंग ना मचाएं। वहीं डीएसपी ने कहा, शराब के नशे में वाहन ना चलाएं हेलमेट का उपयोग हमेशा करें। रंगों का त्योहार को आपस में मिलकर भाईचारे के साथ मनाएं। बैठक समापन के बाद आपस में एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर इंस्पेक्टर हमशे उरांव, सिल्ली थाना प्रभारी मोहीत कुमार, ओपी प्रभारी कुंदन सिंह, उप प्रमुख आरती देवी, राजेंद्र प्रसाद साय, मोहम्मद फारुख, राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव समेत बुद्धिजीवी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## कुआं में डूबने से चांपी गांव निवासी की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। जरियागढ थाना क्षेत्र की उड़ीकेल पंचायत के चांपी गांव निवासी जेमन आईंद (उम्र 54 वर्ष) की मौत बुधवार को कुआं में गिरने से हो गयी। पानी भरने के दौरान जमन का पैर फिसल गया और वह कुआं में गिर गया और वहीं उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने गुरुवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया।

## गौतम राय की अध्यक्षता में होली को लेकर शांति समिति की बैठक



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना में होली के उपलक्ष में थाना प्रभारी गौतम राय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर्षोल्लास के साथ होली और सरहुल का त्यौहार मनाया जाएगा। होली के पर्व के दौरान पिठोरिया पुलिस के द्वारा गस्ती की जाएगी। मुख्य चौक-चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी शांति समिति के सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहेंगे ताकि इसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हो। पर्व के दौरान शराब की बिक्री नहीं की जाएगी और किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने की सूचना हो से तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी जाएगी। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, समाजसेवी और विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेतागण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सीआइटी में प्री होली महोत्सव आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में गुरुवार को प्री होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आपस में जमकर होली खेली व एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने फिल्मी व होली के गानों की धुन पर जमकर ठुमके लगाए। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ व अन्य अतिथियों नें दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने सबों को होली की शुभकामनायें देते हुए अनुशासित रहकर होली की मस्ती का आनंद लेने की अपील की। कार्यक्रम में कैंब्रिज ट्रस्ट की जॉइंट सेक्रेटरी डॉ पल्लवी चौहान व सीआईटी एल्युमुनाई एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो राशिका नवनीत सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा विद्यार्थियों को होली की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के कल्चरल कमिटी की देखरेख में संपन्न हुआ।

## चान्हो थाना में शांति समिति की बैठक



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना में आज होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता खलारी डीएसपी आर एन सिंह ने की बैठक में चान्हो के प्रभारी अजीम अंसारी एवं क्षेत्र के अमन पसंद एवं पर बुद्धजन उपस्थित हुए लोगों को संबोधित करते हुए डीएसपी आरएन सिंह ने कहा कि इस बार होली का त्यौहार और रमजान का पवित्र महीना एक साथ है सभी शांति समिति के सदस्यों से आग्रह है कि अपने-अपने क्षेत्र में शांति समर सत्ता को बनाए रखते हुए आपसी भाईचारा एवं प्रेम के साथ रंगों का त्योहार होली मनाए शांति समिति के इस बैठक में समाज सेवी मुजीबुल्लाह मोहम्मद गफ्फार अविनाश कुमार कृष्णामोहन सफीक अंसारी मोहम्मद गयास अजीत सिंह के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे सभी उपस्थित लोगों ने होली के त्यौहार की एक दूसरे को शुभकामनाएं एवं बधाई दी ।

## रातू में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी

**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने गुरुवार को इलाके के काठी में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में काठीटांड़ के लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर 25 हजार रुपया। का जुमार्ना लगाया गया है। आरोपियों में एतवारी मुंडाईन पति स्व कारी उरांव वशकुन्तला देवी पति कर्मा उरांव शामिल है। दोनों काठीटांड़ के रहने वाले है। छापेमारी दल में नवनीत कुमार चौबे, विवेक द्विवेद्वी, मा० दि० कर्मी, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, प्रवीण कुमार रजक, भीम कुमार सिंह व अन्य कर्मचारी मौजूद थे। मामले को लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## आचार संहिता को ध्यान में रख कर उत्साहपूर्वक मनायें होली : एसडीओ

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** होली पर्व को लेकर गुरुवार को खूंटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इस बात का ध्यान रखकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में उत्साह पूर्वक होली पर्व मनायें। इससे पूर्व बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने होली के दौरान होनेवाले आयोजनों की जानकारी देते हुए त्योहार के दौरान पानी, बिजली की निर्बाध आपूर्ति के साथ ही समुचित साफ-सफाई और कर्रा रोड में सड़क किनारे हो रही जल जमाव की समस्या का निराकरण करने की मांग की। सदस्यों की इस मांग पर अनुमंडल पदाधिकारी ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों से अपील की कि त्योहार मनाते समय किसी की धार्मिक भावना आहत न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में एसडीपीओ वरूण रजक, अंचलाधिकारी जया शंखी मुर्मू, बीडीओ ज्योति कुमारी, नगर पंचायत की प्रशासक दीप्रिया सृष्टि मिंज, खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार कें अलावा जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, पूर्व उप प्रमुख जितेंद्र कश्यप, राजकुमार गुप्ता, किशोर गौंझू, श्रीपाल चंद जैन, अनूप साहू, गणपत चौधरी, योगेश वर्मा, राजेंद्र प्रजापति, विजय मिश्रा, ए दास, मो मेराज, मुजफ्फर हुसैन सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रधानाध्यापक अनुपस्थित पाये गये, तो कार्रवाई होगी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो ।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान अधिक से अधिक मतदाता वोटिंग करें और बूथ पर उन्हें किसी तरह की दिक्कत ना हो इसको लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा के साथ बुधवार को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मांडर विधान सभा क्षेत्र स्थित बेड़ो प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

**बूथों पर पहुंच कर किया मुआयना :** निर्वाचन पदाधिकारी ने गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मांडर विधानसभा क्षेत्र के बेड़ो स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय में बूथ संख्या 231,232,233 राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या-235, 235, 236 और प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय जरिया बेड़ो-2, बूथ संख्या-225,226 का निरीक्षण किया। मतदान बूथों पर पहुंचकर पेयजल,शौचालय,बिजली सहित की सुनिश्चितता को लेकर सभी बूथों पर पहुंच कर मुआयना करते हुए सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए हुए मतदान केंद्रों में साफ-सफाई पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने, विद्यालयों में न्यूनतम मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराने साथ इसे ससमय पूरा कराने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया।निरीक्षण क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक कुमार सुमन, विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी, बीडीओ राहुल उरांव व सीओ प्रताप मिंज थे।

**मतदान बूथ पर बीएलओ से दिए गए उत्तरदायित्व के बारें में जानकारी ली :** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मतदान बूथ पर बीएलओ से दिए गए उत्तरदायित्व के बारें में विस्तृत जानकारी लेते हुए उनसे बूथ स्तरीय जागरूकता समूह के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें विशेष रुप से कहा गया की कोई मतदाता छूटे नही सभी अपना मतदान अवश्य करें इस पर विशेष ध्यान दे।

**प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित पाए जाने पर दिए कार्रवाई के आदेश :** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो-1 के प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित पाये जाने गंभीर नाराजगी जताते हुए अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा की कोई भी सरकारी कर्मचारी कार्य दिवस पर अनधिकृत अनुपस्थित पाये जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# बेड़ो में रंगों और पिचकारियों से सजी दुकानें

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** रंगों के पर्व होली को लेकर बेड़ो में दुकानें व साप्ताहिक गुरुवार बाजार सज चुकी हैं। दुकानों पर रंग-गुलाल, सजावटी कैप व पिचकारियों से सज गए हैं। लेकिन अभी तीन दिनों से हो रही वर्षा के कारण बिक्री कम है। वही लोग खुलकर होली खेलने के लिए खासे उत्साहित है। वैसे भी होली के त्योहार को उल्लास और मस्ती का प्रतीक माना जाता है। इसे लेकर बच्चों व युवाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। वहीं बच्चों में पर्व के प्रति उल्लास देखते ही बन रहा है। दुकानों पर मम्मी-पापा के साथ पहुंच रहे बच्चे पसंदीदा पिचकारी और रंग खरीद रहे है।पहले के मुकाबले इस बार रंग-गुलाल के दामों में तेजी आई है। इस बार होली को लेकर बाजार में खासा उत्साह है।वही चौक चौराहों व बाजारों में होली की दुकानें सज गई है। गांव के मोहल्लों में भी रंग, गुलाल और पिचकारियों से सजी दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी है। दुकानो में होली खेलने को लेकर टोपी, टी-शर्ट, पगड़ी,बुलडोजर, वाटर टैंक, वजूबा, स्पाइडर मैन की पिचकारियां बच्चों को खूब पसंद आ रही हैं। इसके अलावा डरावने मुखौटे समेत अन्य वस्तुएं उपलब्ध है। हर्बल रंग व गुलाल को लोग पसंद कर रहे है। बाजार में रंग व गुलाल के पैकेट 10 से 50 रुपये तक बिक रहा है।

# हुवांगहातू पंचायत में सरहुल सह होली मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** प्रखंड अंतर्गत हुवांगहातु पंचायत के हुवंगहातु गांव में गुरुवार को सरहुल सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय छोटा नागपुर सरना समिति के अध्यक्ष बिरसा पाहन, संचालन सोहराई पहान व धन्यवाद ज्ञापन शंकर सिंह मुंडा ने किया। इस अवसर पर छोटानागपुर सरना समिति के संरक्षक राज्यसभा सांसद डां प्रदीप वर्मा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सरना धर्मलंबियों ने संकल्प लिया कि सरना समाज की धर्म, संस्कृति अपनी परंपरा रूढ़िवादी परंपरा को आगे बढ़ाएंगे और आने वाले समय में प्रत्येक गांव में छोटानागपुर सरना समिति का गठन कर समिति को पूरे झारखंड प्रदेश में मजबूत बनाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने जनजातीय समाज के लिए बहुत से काम किए है। पहली बार भगवान बिरसा मुंडा के गांव पहुंचकर बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का जनजाति समाज को सम्मान दिया है। राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि मुझे छोटानागपुर सरना समिति का संरक्षक बनाकर राज्यसभा सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामावतार केरकेट्टा, मुखिया नूतन पाहन, शंकर सिंह मुंडा, रितेश उरांव, जितन देवी, धनंजय पांडे, सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।

# सरना धर्म में घर वापसी करायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** 21 मार्च प्रखंड के नारों गांव में सरना समिति के बैनर तले गांव के एक परिवार को सरना धर्म में घर वापसी करायी गयी। मौके पर नारो गांव के घोड़ी पहान ने गांव के निवासी सुदर्शन कच्छप उसकी पत्नी अनिमा केर-केट्टा, पुत्र अश्विन जॉर्ज कच्छप पुत्री अस्मिता ज्योति कच्छप, एल्विन कच्छप को सरना स्थल में आदिवासी रीति रिवाज से पूजा, जल अर्पित करते हुए और सरना भजन करते हुए सरना धर्म में घर वापसी कराया मौके पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने कहा कि सरना धर्म आदि धर्म है हमें अपने धर्म का प्रचार प्रसार कर सरना धर्म के विषय में जागरूक करना है इसके पश्चात पहन और गांव की सरना समिति के लोगों ने सरना भजन करते हुए और जय सरना धर्म जय सरना मां की जयकारा करते हुए सुदर्शन कच्छप के घर पहुंच कर झंडा घड़ी सरना झंडा गड़ी और मुर्गा पूजा कराया कार्यक्रम का संचालन गांव के महतो सह समाजसेवी प्रभात तिर्की और धन्यवाद ज्ञापन करम उरांव ने किया मौके पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष राजेश रंथू उरांव, प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा, राष्ट्रीय प्राचारिका रेनू तिर्की,जिला अध्यक्ष वीरेंद्र उरांव, बांदे उरांव, बालमुनी तिर्की,प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव, युवा साथी राहुल टोप्पो, अरुण उरांव, 12 पाड़हा के अध्यक्ष राहुल उरांव, कुलदीप तिर्की ,सुमन तिर्की, बबलू तिर्की, प्रकाश तिर्की, अरुण लकड़ा संजय, तिर्की बप्पी कच्छप सहित नारो गांव के दर्जनों गणमान्य लोग,महतो, पाहन, पैनभोरा, कोटवार एवं गांव के प्रत्येक घर से सभी सरना परिवार के सदस्य उपस्थित थे ।

# इटकी में होली और रमजान को लेकर लिये गये कई निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** इटकी थाना परिसर में गुरुवार को होली और रमजान त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई । बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। । मौके पर सीओ विजय कुमार ने त्योहारों पर किसी भी प्रकार राजनीतिक गाना नही बजाने का हिदायत देते हुए आचार सहिता का अनुपालन करने की अपील की।डीएसपी अखिल नितिश कुजूर ने लोगों को सोशल मिडिया के अफवाह से बच कर रहने के साथ होली त्योहार को सौहार्द पूर्ण वतावरण में मनाने का आग्रह किया। होली में किसी को भी जबरन रंग नही लगाने, रसायन युक्त रंगों से परहेज, हुड़द गियों पर नजर, बाजार परिसर में पुलिस बल तैनात करने सहित कई निर्णय ली गई। केन्द्रीय हिन्दु जागरण समिति के अध्यक्ष लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने इटकी में 24 मार्च की रात होलिका दहन और 25 मार्च को सुबह से होली खेलने के बाद डोल मेला लगाने की घोषणा की। इसके बाद अंतराष्ट्रीय धावक बुधवा उरांव निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रदाजंलि दी गई । बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, केन्द्रीय हिन्दु समाज के अध्यक्ष लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, उप प्रमुख परवेज राजा,हाजी मोईन, देवेन्द्र महतो, नन्द लाल महतो, मुखिया रमेश महली, राजन किस्पोट्टा, सलीम अंसारी सहित दर्जणों लोग उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर भंडारे का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर नामकुम रेलवे स्टेशन का 25वां वार्षिक महोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। सुंदर कांड और विशेष पूजन के बाद दोपहर दो बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नामकुम क्षेत्र एवं उसके आसपास से हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मंदिर के अध्यक्ष मनीष राय ने बताया कि हर साल हनुमान मंदिर का वर्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी सभी के सहयोग से वार्षिकोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने बताया कि हनुमान जी की कृपा से पूरे नामकुम क्षेत्र में सुख शांति बनी रहती है। इधर, रांची से आई भजन मंडली के सदस्यों ने देर रात तक भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंदिर के अध्यक्ष मनीष राय, चंदन यादव, मुन्ना यादव, अजय सिंह, रामकुमार यादव, सुनील राय, विशाल यादव, दीपक सिंह, बबन यादव के साथ मंदिर के अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## चकला मध्य विद्यालय में बाल मेला का आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत मध्य विधालय चकला,ओरमांझी में विद्यालय परिवार एवं विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के एक से तीन वर्ग के बच्चों ने भाग लिया।बाल मेला में एफ एल एन शिक्षन सामग्री स्टॉल लगाकर गतिविधि के माध्यम से जोड़,घटाव,आकृति पहचान, पेटर्न,पजल, माप- तौल आदि जानकारियां दी गई। बच्चे गतिविधि के माध्यम से सवालों को जवाब देकर काफी उत्साहित थे। इससे पूर्व बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा का महत्व को बतलाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित बीईईओ सीमा कुमारी, बीपीओ रीना यादव, प्रधानाध्यापिका कुमारी किरणमाला, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक, संगीता कुमारी, अनूपाशैल बाला कुजूर, विक्रमाशीला संस्था के सुशीला कुमारी, पंकज कुमार महतो सहित विद्यालय के छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

## बेड़ो क्षेत्र में जलजमाव से फसलों को नुकसान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से बेमौसम हो रही वर्षा से पुरियो फादिलमरचा गांव के आसपास खेतों पर लगी हरी मिर्च, फ्रेंच बीन्स,मटर व गेहूं के फसल जलजमाव के कारण सड़ रहे हैं। जिससे किसानों को भारी नुक्सान हुआ है। इधर पुरियो फादिलमरचा गांव के किसानों में क्रमशः गोपाल महतो,ईश्वर महतो,दिनेश महतो,खद्दी उरांव,सोमनाथ उरांव,राजेंद्र महतो, राजेश बैठा व प्रेम महतो ने बताया कि लगातार हुई वर्षा व तेज हवा से खेतों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिससे मटर,फ्रेंच बीन्स व हरी मिर्च के फसल को नुकसान हुआ है। वहीं खेतों पर गेहूं के फसल गिरकर सो गए हैं। इससे उनके खराब होने की संभावना प्रबल हो गई है। जिससे किसानों की कमर टूट गई है। उन्होंने कहा कि बेमौसम वर्षा ने किसानों को भारी आर्थिक क्षति पहुंचाया है। किसानों ने कहा कि भारी वर्षा से खेतों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिससे फसलों के सड़ने की आशंका उत्पन्न हो गई है। यदि यही हाल रहा तो किसानों के समक्ष भारी आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाएगा। जो किसानों के आजीविका व जीवन को प्रभावित करेगा।

## प्रकृति से मानव जीवन का अस्तित्व जुड़ा है : पारसनाथ उरांव



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सरना प्रार्थना सभा के तत्वावधान में गुरूवार को खिजरीटोली में सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं द्वारा सरना पूजा स्थल पर कलश जल अर्पण कर पारंपरिक पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव थे। मौके पर कहा कि सरना धर्म की वजह से आज मानव जाति सुरक्षित है। क्योंकि हमारा धर्म कहता है कि प्रकृति से हीं मानव जीवन का अस्तित्व जुड़ा है। इसलिए जल जंगल जमीन की रक्षा हर हालत में किया जाना चाहिए। धर्म मां चारी उरांव ने कहा कि खिजरी टोली प्रार्थना सभा के माध्यम से आदिवासी धर्मावलंबियों में अपने सरना धर्म के प्रति जागरूक आई है। आज सरना प्रार्थना सभा की वजह से क्षेत्र के आदिवासी समुदाय में धर्म परिवर्तन लगभग बंद हो चुका है। लोगों का इस सरना स्थल के प्रति काफी श्रद्धा आस्था और विश्वास है। लोग यहां आकर पारंपरिक रीति रिवाज के साथ शादी विवाह, नए वाहन का पूजा अर्चना आदि शुभ कार्य करते हैं। इस अवसर पर धर्म मां चारी उरांव द्वारा गरीब महिलाओं के बीच सरना साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बंधु उरांव, सुखराम उरांव, प्रेम उरांव, सुनीता उरांव, जौरी देवी, दुलारी टोप्पो, सरिता उरांव, अनु उरांव, मंटू उरांव सहित सैकड़ों महिला - पुरुष शामिल थे।

## शादी की नीयत से नाबालिग युवती को भगाया

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शादी की नियत से बहला-फुसलाकर एक नाबालिग युवती को भगाने के मामले को लेकर में हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ही एक गांव का है। इस संबंध में युवती के पिता ने हुसैनाबाद थाना में एक लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में उसने औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के बढ़वान गांव निवासी दशरथ प्रजापति उर्फ राजा को नामजद अभियुक्त बनाया है। उसने पुलिस से बताया है कि घटना एक दिन पूर्व की है। आरोपित साजिश के तहत लड़की को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया है, मेरी बेटी घर मे रखे नकद 50 हजार रुपये, एटीएम कार्ड व मोबाइल फोन भी साथ लेकर भागी है। दशरथ प्रजापति हुसैनाबाद के एक निजी क्लिनिक में काम किया करता था। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

## हरिहरगंज में हेमंत सोरेन के हिरासत से बाहर निकलने तक नहीं मनेगी झामुमो की होली



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के न्यायिक हिरासत से बाहर निकलने तक हरिहरगंज में भी होली मिलन समारोह आयोजित नहीं होगी और नहीं होली खेलेगें। उक्त बातें झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने गुरुवार को फोन पर कही। उन्होंने कहा कि झामुमो एक परिवार है और इस परिवार का सबसे प्रमुख सदस्य हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं। षड्यंत्र के तहत उन्हें जेल जाने पर मजबूर किया गया है। ऐसे में झामुमो के सभी कार्यकताओं में उदासीनता है। हमारे नेता हेमंत सोरेन जिस दिन न्यायिक हिरासत से बाहर आयेंगे उसी दिन झामुमो परिवार होली और दिवाली दोनों मनायेंगे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव तैयारी को लेकर की समीक्षा बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बीएलओ सुपरवाईजर के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं का निबंधन, एएसडी वोटर वेरिफिकेशन, सीनियर सिटीजन वेरिफिकेशन, ईपी जेंडर रेश्यो वेरिफिकेशन आदि की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने एएसडी (अब्सेंट, शिफ्टेड या डेड) वोटरों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये साथ ही आवश्यकतानुसार फॉर्म 7 भरकर उचित कारवाई करने के निर्देश दिये। इसके बाद अंतिम रूप से नामंकन के आखिरी दिन वोटर इन्फॉर्मेशन स्लीप के वितरण के पश्चात एएसडी के मार्किंग करने के निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीएलओ सुपरवाईजर को प्रत्येक बूथ पर व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावे बीएजी व वीएएफ को क्रियाशील करने व उनके साथ बैठक करने के भी निर्देश दिये।

**जो योग्य मतदाता है उनका 12 डी फॉर्म भरना सुनिश्चित करें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

बैठक में उन्होंने एवीएससी व एवीपीडी मतदाताओं का आवश्यकता अनुसार सर्वेक्षण करते हुए उन सभी का 12 डी फॉर्म भरना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावे सभी बूथों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी अंतर्गत बेसिक सुविधाओं को बहाल करने में कोई कसर नहीं रहने देने की बात कही।

**डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान पर भी हुई बैठक**

सभी बीएलओ सुवरवाईजर के साथ बैठक के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान की बैठक की जिसमें सभी एआरओ व एईआरवो उपस्थित रहे। इसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने सभी से कम्युनिकेशन प्लान, रुट चार्ट प्लान, वाहनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। इसके साथ ही सभी वैसे स्थान जहां इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाने की आवश्यकता है उसकी सूची भी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावे कई अन्य बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी को वोटर हेल्पलाइन एप इंस्टॉल करने पर बल दिया साथ ही सभी को अन्य दूसरों लोगों को भी एप इंस्टॉल करने हेतु प्रेरित करने की बात कही।

## मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह में श्रोताओं ने होली गीत का आनंद उठाया



**विश्रामपुर(पलामू)(आजाद सिपाही)।** रेहला शहर में गढ़वा रोड स्टेशन के समीप अवस्थित सिद्ध पीठ श्री योगीवीर बाबा मंदिर परिसर में मन्दिर कमेटी की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल लोगों ने न सिर्फ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी बल्कि बलिया से आये भोजपुरी के चोटी गायक कलाकारों की ओर से प्रस्तुत होली गीतों का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित,स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार,रामनाथ कश्यप,पुलिस मंत्री ललेश्वर राम, विजय चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोगों ने दीप जलाकर किया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे कोई भी पर्व त्योहार न सिर्फ हमारी सभ्यता संस्कृति की याद दिलाती है बल्कि सामाजिक समरसता को भी कायम रखने में मददगार साबित होती है। लेकिन दुर्भाग्य है कि आज हम अपनी सभ्यता- संस्कृति को भुलाकर पाश्चात्य सभ्यता का नकल करने व अपनाने में लग गए हैं। उन्होंने सभी को बैर भाव भुलाकर होली मनाने की शुभकामनाएं दी। समारोह में कमेटी की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्प हार देकर सम्मानित किया गया। बलिया से आये भोजपुरी के चर्चित व्यास स्वामीनाथ की टीम ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ कर एक से बढ़कर एक कई विधाओं की होली गीत प्रस्तुत कर न सिर्फ अपनी गायकी का लोहा मनवाया बल्कि श्रोताओं पर एक अमिट छाप भी छोड़ दिया। मंच संचालन डॉ बीपी शुक्ला ने किया। समारोह में संजू सिंह,वचनदेव चौधरी,आयोजक ज्वाला गुप्ता,श्याम चंद्रवंशी,रामनाथ कश्यप,इदरीस हवारी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डीसी ने जीएलए कॉलेज में स्ट्रांग रूम और काउंटिंग हॉल का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहर के गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज मेदिनीनगर पहुंच स्ट्रांग रूम व काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शिता व सुव्यवस्थित तरीके से क्रियान्वित करने की दिशा में संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने काउंटिंग हॉल में कुर्सी, टेबल, बिजली, एसी, पंखा इत्यादि वस्तुओं का जायजा लिया तथा उसे दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने विधानसभा वाइज स्ट्रांग रूम एवं काउंटिंग हॉल के भवनों का निरीक्षण करते हुए मैप अनुसार व्यवस्था बहाल से संबंधित जानकारी ली व भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को ससमय चुनाव से संबंधित तैयारियां पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हॉल में लाइटिंग की पूर्ण व्यवस्था, सुरक्षाबलों के रहने हेतु की जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवायें। कॉलेज परिसर की साफ-सफाई सहित अन्य जरूरी कार्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह नगर आयुक्त जावेद हुसैन, हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष कुमार सिन्हा, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, एसडीओ गढ़वा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग डीएसओ प्रीति किस्कु सहित अन्य उपस्थित थे।

## रेहला फैक्ट्री गेट के समीप होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**विश्रामपुर/ पलामू(आजाद सिपाही)।** नगर परिषद विश्रामपुर के प्रमुख कस्बा रेहला के डंडिला में वहां के नवयुवकों द्वारा गुरुवार को ग्रासिम इंडस्ट्रीज फैक्टरी गेट के समीप होली मिलन समारोह में जुटे लोक कलाकारों ने अपनी सुर व कला का जादू बिखेर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पहले समारोह के बतौर मुख्य अतिथि झारखंड विकास पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व विस प्रत्याशी विकास दुबे ने मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि होली सभी भेदभाव व वैमनस्यता भुलाकर मनाने का त्योहार है। उन्होंने यह भी कहा कि यह वोट मांगने का अवसर नहीं है और न वे वोट मांगने आये हैं लेकिन यह कहना भी अतिश्योक्ति होगी कि अबतक जितने भी जनप्रतिनिधि इस विधानसभा क्षेत्र से जीतकर गए वे सभी जनता की दुःख दर्द भुलाकर अपनी जेब भरने में लग गए । मौके पर रणजीत सिंह, बाबूलाल शुक्ला, रामकुमार शुक्ला, यमुना शुक्ल,सुशील शुक्ला , डुलडुल शुक्ला, मिथिलेश चौबे, विक्की सहित कई लोग शामिल थे।

# भाजपा के हैदरनगर और मोहम्मदगंज बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज मंडल के मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। मौके पर पलामू सांसद सह लोकसभा से भाजपा सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी जो कहती है, वही करती है। इस पार्टी के अंदर ही चाय बेचने वाला देश का प्रधानमंत्री बन कर देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में पूरी ईमानदारी से लगा है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी के सबसे महत्वपूर्ण कार्यकर्त्ता होते है । हैदरनगर में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव एवं मोहम्मदगांज में मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ने किया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, प्रफुल्ल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, रामेश्वर राम, सी बी रमन सिंह, मानिक शर्मा, कामेश्वर सिंह ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, हुसैनाबाद मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, सांसद निजी सचिव अलख दुबे, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, डॉ. अजय जायसवाल, संतोष सिंह, महीला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुशुम देवी, प्रदीप सिंह, ईश्वरी पांडे, शयामबिहारी सिंह, विजय राम ,रूपेश कुमार एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आजसू का सम्मान समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ आयोजित



समारोह का संबोधित करते संजय रंजन सिंह व उपस्थित अन्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** शहर के रानी मैरेज हॉल में गुरुवार को आजसू पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष अजित कुमार सिंह के अध्यक्षता में सम्मान समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। समारोह में आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता तथा केंद्रीय महासचिव सह सेवानिवृत्त डीआईजी संजय रंजन सिंह को जोरदार तरीके से फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर श्री मेहता ने कार्यकताओं को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बुथ स्तर पर मजबूती से काम करने लिए कहा। वहीं सेवानिवृत डीआईजी संजय रंजन ने कहा कि झारखंड की माटी से जुड़े पार्टी प्रमुख सुदेश महतो के विजन और विचारों को आगे बढ़ाना उनका ध्येय है। इसके पहले उन्होंने कार्यकताओं से परिचय प्राप्त करते हुए आजसू के नीति और सिद्धांतों को जन जन तक लोगों से पहुंचाने की अपील की। लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं को मन लगाकर काम करने कि बात कही। मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, जितेन्द्र विश्वकर्मा, अनिल सिंह, रामजी पासवान, केपी सिंह, रामलायक सिंह, गुड्डू सिंह, नरेश सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पर्यावरणविद ने पौधरोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर मनाया विश्व वानिकी दिवस और पोती का जन्मदिन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के कौशल नगर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान में पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन कर 54 वां विश्व वानिकी दिवस व अपनी पोती आद्रिका का छठी जन्मोत्सव मनाया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की भी शपथ दिलायी। कार्यक्रम में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए श्री कौशल ने कहा कि समय रहते अगर लोग सचेत नहीं हुई तो कोरोना की कहर से भी ज्यादा तबाही प्रदूषण की जहर से मचेगी। पर्यावरण धर्म से जुड़े लोगों के साथ पर्यावरणविद ने वनों पर राखी बांधकर उसे बचाने की शपथ दिलाई। विश्व वानिकी दिवस पर आयोजित गोष्ठी में पर्यावरणविद कौशल किशोर ने कहा कि प्रकृति से केवल लेना नहीं देना भी सीखें क्योंकि अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ के कारण कोरोना से भी अधिक भयावह प्रदूषण का खतरा लोगों के सिर पर मंडरा रहा है। विश्व वानिकी दिवस पर उन्होंने ब्रह्माण्ड के सभी जीवों की रक्षा के लिए पौधरोपण करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मदेव यादव ने किया। जबकि संचालन छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के प्रतिनिधि सुचित कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल के प्रतिनिधि पूर्व उप मुखिया अफजल अंसारी ने किया। मौके पर जुबेर अंसारी, सूरज देव यादव, कृष्ण प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, कामेश्वर राम, कामेश्वर सिंह, रूपेश कुमार, अजय कुमार, श्रवण कुमार, विशाल कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## स्पोर्ट्स



चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी की कप्तानी में ही गुजरात टाइटंस को हराकर पांचवीं बार खिताब जीता था।

# एमएस धोनी ने छोड़ी सीएसके की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को मिली टीम की कमान



**एजेंसी।** एमएस धोनी की जगह सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ चेन्नई सुपर किंग्स के नए कप्तान बन गए हैं। आईपीएल के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने इसकी पुष्टि की। धोनी की कप्तानी में सीएसके ने पांच बार खिताब जीता है। आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक चेन्नई सुपर किंग्स ने आगामी आईपीएल सीजन से पहले टीम में बड़ा बदलाव किया है। एमएस धोनी की जगह सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ चेन्नई सुपर किंग्स के नए कप्तान बन गए हैं। आईपीएल के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने इसकी पुष्टि की। इससे पहले एमएस धोनी ने आईपीएल 2022 से पहले सीएसके की कप्तानी छोड़ी थी और रविंद्र जडेजा को टीम का कप्तान बनाया गया था लेकिन टीम के खराब प्रदर्शन के कारण उन्होंने टूनार्मेंट के बीच में फिर से टीम की कप्तानी की थी। एमएस धोनी के नेतृत्व में चेन्नई सुपर किंग्स ने पांच खिताब जीते हैं। पिछले सीजन चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी की कप्तानी में ही गुजरात टाइटंस को हराकर पांचवीं बार खिताब जीता था। हालांकि धोनी ने अपने संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए कहा था कि वह अगले सीजन (आईपीएल 2024) भी खेलेंगे। लेकिन फैंस को उन्होंने सीजन के शुरू होने से ठीक कुछ घंटे पहले ही बड़ा झटका दिया है। वह सीएसके की कैप्टेंसी से हट गए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ विराट कोहली रचेंगे इतिहास, एक साथ दो रिकॉर्ड निशाने पर सीएसके ने कप्तानी को लेकर जारी बयान में कहा, ₹एमएस धोनी ने आईपीएल 2024 की शुरूआत से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंप दी है। ऋतुराज 2019 से चेन्नई सुपर किंग्स का अभिन्न अंग हैं और उन्होंने इस दौरान आईपीएल में 52 मैच खेले हैं। सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ 2019 से चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के अहम सदस्य रहे हैं। इस दौरान उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। आईपीएल 2023 में गायकवाड़ का योगदान महत्वपूर्ण था, उन्होंने 16 मैचों में 590 रन बनाए। एमएस धोनी ने 250 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें 38.79 की औसत से 5,082 रन और 24 अर्धशतक बनाए हैं।

# एडम जम्पा ने आइपीउएल 2024 से नाम वापस लिया



**एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग-2024 से ठीक पहले राजस्थान रॉयल्स को एक और बड़ा झटका लगा हैं। टीम के लेग स्पिनर एडम जम्पा ने मौजूदा सीजन से अपना नाम वापस ले लिया है। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 1.5 करोड़ रुपए में खरीदा था। क्रिकइन्फो ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि 31 साल के जम्पा निजी कारणों के चलते लीग के मौजूदा सीजन से बाहर हुए हैं। राजस्थान की टीम ने अब तक एडम जम्पा के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है। खिलाड़ी के मैनेजर ने उनके भारतीय लीग से हटने की पुष्टि की है। हालांकि, फ्रेंचाइजी और क्ढछ टीम की ओर से इस संबंध में कोई बयान नहीं आया है। टीम के टॉप-3 स्पिनर्स में शामिल थे जम्पा ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा के हटने से राजस्थान रॉयल्स का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर होगा। वे रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के साथ जंपा राजस्थान रॉयल्स के तीन शीर्ष स्पिनरों में शामिल थे। उन्होंने पिछले सीजन में फ्रेंचाइजी की ओर से 6 मैच खेले थे, जिनमें 23.50 की औसत से 8 विकेट लिए थे।

## उत्तरी छोटानागपुर के लोगों ने शिबू सोरेन के परिवार को कभी पसंद नहीं किया: बाबूलाल

### गांडेय सीट से संभावित प्रत्याशी कल्पना सोरेन पर कसा तंज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गिरिडीह।** इंडी गठबंधन से कल्पना सोरेन के गांडेय उपचुनाव लड़ने को लेकर गुरुवार को भाजपा प्रर्देश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कड़े हमले किए। कहा कि जहां तक उन्हें याद है कि पूरे उत्तरी छोटानागपुर की जनता ने कभी भी शिबू सोरेन के परिवार से किसी को अपने जनप्रतिनिधि के रूप में पंसद नहीं किया। भाजपा प्रर्देश अध्यक्ष गिरिडीह के बेंगाबाद के. एन बक्सी कॉलेज में कोडरमा की भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में गांडेय विस के तहत आयोजित बूथ सम्मेलन को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। कल्पना सोरेन के चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि कोई भी कहीं से चुनाव लड़ सकता है। लेकिन कल्पना जी को याद रखना चाहिए कि उन पर शिबू सोरेन परिवार की बहू होने का मुहर है। मरांडी ने इस दौरान मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कहा कि पीएम मोदी ने पिछले पांच सालों में जो वादे किए। उसे पूरा भी किया। मंदिर निर्माण और जम्मू-कश्मीर से 370 हटाना इसमें प्रमुखता से शामिल है। कहा कि शिक्षा नीति की सौगात देकर युवाओं की शिक्षा को सरल किया गया। जबकि किसानों के लिए तो मोदी सरकार ने खजाने ही खोल दिए। इस दौरान बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अब गांवो का परिवेश वैसा नहीं रह गया है। जो पहले हुआ करता था। सड़के और शौचालय के साथ पीएम आवास ने एक-एक गांव की तस्वीर को बदल दिया है। और अब तो नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में नैतिक शिक्षा उपलब्ध करााना मोदी सरकार के सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 2024 के चुनाव में भाजपा कार्यकताओं को सिर्फ अपने बूथों की चिंता करना है। इधर सम्मेलन को पार्टी के प्रर्देश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह, प्रणव वर्मा, प्रर्देश मंत्री प्रणव वर्मा, सांसद प्रतिनिणी दिनेश यादव, जिप अध्यक्ष मुनिया देवी, विनय सिंह, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। लेकिन बूथ सम्मेलन में करीब एक दर्जन गांवो की हजारों की संख्या में महिलाओं का जुटान हुआ था। तो पूरा पंडाल भाजपा समर्थकों से भरा हुआ था। इधर सम्मेलन में पार्टी के अध्यक्ष महादेव दुबे, प्रर्देश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साहु, जिला महामंत्री संदीप डंगाईच सुभाष चन्द्र सिन्हा, पुरुषोतम राय, रंजीत मंराडी, उषा कुमारी, संजू देवी समेत कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। सम्मेलन की शुरूआत पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया।

## जंगल की कटाई के कारण शुद्ध हवा नहीं मिल रही है : विकास

**टुंडी (आजाद सिपाही)।** टुंडी प्रखंड मुख्यालय के बगल परसातांड स्थित वन विभाग के हाईटेक नर्सरी में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर एक समारोह आयोजित की गयी। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल साहित टुंडी एवं तोपचांची के रेंज ऑफिसर एके के मंजुल मुख्य रूप से उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा जंगल के कटाई के कारण आज हम लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल रही है जिसके कारण कई तरह के बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है एवं पेड़ हमें ऑक्सीजन देता है और कार्बन डाइऑक्साइड को कम कर संतुलन बनाने का काम करता है आज हम सब संकल्प लें कि हमें जीने के लिए स्वयं व्यवस्था करें इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ों पेड़ लगावे और उनकी रक्षा करें ताकि आप स्वस्थ रह सकें इसके अतिरिक्त गर्मी के दिनों में जंगल से महुआ चुनने के लिए कुछ लोगों द्वारा जंगल में आग लगा दिया जाता है।

## डिप्टी मेयर नीरज सिंह की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद नगर निगम के प्रथम डिप्टी मेयर स्व नीरज सिंह जी की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर कोयलानगर नेहरू काम्प्लेक्स स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने 02 मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की तथा पुष्प अर्पित करते हुए स्वर्गीय नीरज सिंह जी को श्रद्धांजलि दी । तत्पश्चात लोगों ने शाहिद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मरीजों को फल वितरण किया। साथ ही संध्या को पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह के फोटो पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दिया गया। इस अवसर पर अरविंद सिंह, मिनी मिश्रा,नीरज सिंघल, मेजर सिंह, भुनेश्वर सिंह, अमृत मंडल, राजेंद्र सिंह, दिनेश रवानी, रवि रवानी, शिवांश मुकेश,मनीष अग्रवाल, झंटू सेख, मुकेश सिंह,अलोक, मनोज सिंह ,हरीष कुमार, मानस रंजन , विशु सिंह, श्याम सूंदर मिश्रा, रूद्र प्रताप सिंह, राकेश सिंह, आदि सैकड़ो की संख्या मैं भैया के चाहने वाले मौजूद थे।

## सिटी पार्क में विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस 23 को




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला द्वारा स्थानीय सिटी पार्क के पास आयोजित प्रेसवार्ता में समाज के जिला अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र ने जानकारी दी कि 23 मार्च 2024, शनिवार को संध्या 3.30 बजे से बोकारो के सिटी पार्क में पश्चिमी गेट की तरफ (पूर्व में आयोजित होने वाले वसंत मेला स्थल पर) आयोजित होने वाले विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस को लेकर विप्रगणों में भारी उत्साह है तथा इसे भव्य और यादगार बनाने के लिए सारी तैयारियां पूरे जोरशोर से पूरी की जा रही हैं। बोकारो में विप्र होली मिलन समारोह दो दशकों से भी अधिक समय से लगातार आयोजित किया जा रहा है जिसमें पूरे प्रदेश से अनेकों विप्रश्रेष्ठ उपस्थित होते हैं। इस वर्ष इस समारोह में मुख्य रूप से बीएसएल के नव नियुक्त निदेशक प्रभारी बी के तिवारी, पूर्व सांसद यदुनाथ पाण्डेय, पूर्व सांसद चन्द्रशेखर दुबे, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पाण्डेय सहित अनेकों विप्र श्रेष्ठ उपस्थित रहेंगे तथा इसमें पूरे झारखंड प्रदेश से हजारों हजार की संख्या में विप्रगण पहुंच रहे हैं। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस समारोह का शुभारंभ आराध्यदेव भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और 501 शंखध्वनि एवं वेद मंत्रों से की जाएगी तथा पूरे विश्व के कल्याण एवं शांति हेतु प्रार्थना की जाएगी। मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, होली गायन तथा समाज की भावी योजनाओं पर चिंतन के साथही इस समारोह का मुख्य आकर्षण फूलों से खेली जाने वाली होली होगी। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से भैरवानंद मिश्र, दिवाकर दुबे, बबलू पांडेय, अरुण पाठक, बिमलेश पांडेय, वीरेन्द्र चौबे, मनोज कुमार पाण्डेय, सुनिल कुमार झा, कुंदन उपाध्याय, ब्रजेश रंजन, विनय मिश्रा, देवकांत तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, मनींद्र चतुवेर्दी, राकेश ओझा आदि मौजूद रहे।

## बीएसएल में लांच हुआ समक्ष बायोमीट्रिक अटेंडेंस प्रणाली एप



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** विगत एक मार्च से बोकारो इस्पात संयंत्र में फेशियल रिकग्निशन बेस्ड उपस्थिति प्रणाली को सुगमतापूर्वक सभी कर्मचारियों के सहयोग से बिना किसी तकनीकी बाधा के सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया। कर्मचारियों के लिए इसे और सुलभ बनाने के उद्देश्य से बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली का एक मोबाइल ऐप (समक्ष) भी तैयार किया गया है जिसे 21 मार्च को अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री बी के तिवारी ने औपचारिक रूप से लॉन्च किया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री हरी मोहन झा सहित अन्य मुख्य महाप्रबंधक और वरीय अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बीएसएल में बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली में कार्मिकों की भागीदारी काफी उत्साहजनक रही है। कार्मिकों की सुविधा के लिए संयंत्र एवं गैर-संकार्य, दोनों क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में मशीन भी लगाए गए है ताकि उन्हें उपस्थिति दर्ज करने में परेशानी न हो। बायोमेट्रिक अटेंडेंस पहले से ही उपयोग में अत्यंत सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक है। अब इसके ऐप के उपलब्ध हो जाने से संयंत्र या कार्यालय परिसर में इस्पातकर्मी अपनी उपस्थिति एंड्रॉइड मोबाइल फोन से भी बना सकेंगे. समक्ष नाम से गूगल प्ले स्टोर में उपलब्ध इस ऐप को डाउनलोड कर वैसे एंड्राइड मोबाइल फोन में इंस्टॉल कर उपयोग किया जा सकता है । जिसमें उपयोगकर्ता कर्मी का फिंगरप्रिंट या फेशियल रिकग्निशन ऑथेंटिकेशन द्वारा लॉग इन एक्टिवेट किया हुआ हो। जल्द ही यह ऐप आईओएस मोबाइल फोन के लिए भी उपलब्ध करा दी जाएगी। ज्ञातव्य है कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली के अगले चरण में इसे संयंत्र में कार्यरत ठेका-मजदूरों के लिए भी लागू करने की योजना है जिससे ठेका मजदूरों से जुड़े विभिन्न समस्याओं का भी निदान हो सकेगा।

## किसी भी कार्यक्रम के आयोजन के लिए लेनी होगी अनुमति: उपायुक्त

### सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में होली त्यौहार को लेकर आज न्यू टाउन हॉल में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू है। साथ ही पूरे धनबाद अनुमंडल में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 भी लागू है। इसलिए कोई भी राजनैतिक या गैर राजनैतिक कार्यक्रम के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करना भी अनिवार्य है। यदि आयोग के दिशा निर्देश का उल्लंघन होगा तो अनुमति लेने वाले पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा। उपायुक्त ने कहा कि इसलिए किसी भी कार्यक्रम के आयोजक मॉडल कोड आफ कंडक्ट के सभी नियमों को अच्छे से पढ़ ले और उसका पालन सुनिश्चित करे। इस आदेश का उल्लंघन होने पर डीजे सप्लायर पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की भी अपील की। उपायुक्त ने कहा कि होली के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। ऐसी सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। स्ट्रीट लाइट की समस्या पर उपायुक्त ने नगर निगम को सभी हाई मास्ट लाइट को दुरुस्त करने और पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उसका भी सभी को आदर करना है। किसी की धार्मिक भावना को आहत नहीं पहुंचे, इसका विशेष ख्याल रखना है। एसएसपी ने कहा कि त्यौहार के साथ चुनाव भी होने है। सभी को विशेष सतर्कता बरतनी है। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित की है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले पर कठोर कार्रवाई करते हुए सीधे जेल भेजा जाएगा। किसी की पैरवी नहीं सुनी जाएगी। एसएसपी ने लोगों से संदिग्ध आचरण वाले लोगों की सूचना देने की अपील की। कहा कि लोगों को एकता दिखानी है। किसी भी अपराधी को समाज में स्थान नहीं देना है। जहां बड़े वाहन नहीं जा सकेंगे वहां मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग की जाएगी। जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में बैजनाथ यादव, भोला राम, भगत सिंह, आनंद कुमार सिंह, मेराज खान, संतोष कुशवाहा, राजकुमार प्रमाणिक, सुनील पांडेय, सिंह सहित अन्य लोगों ने अपने-अपने सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे। इसमें मुख्यत जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों को आइडेंटी कार्ड जारी करने, अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करने, लहरिया स्टाइल में मोटरसाइकिल चलाने वाले युवाओं पर कार्रवाई करने, नाइट पेट्रोलिंग बढ़ाने, सड़क पर वाहनों में बैठकर शराब पीने वालों पर कार्रवाई करने, होली के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक उपलब्ध कराने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हुए। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## न्यू टाउन हॉल परिसर में चलाया गया मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** न्यू टाउन हॉल में जिला शांति समिति की बैठक के दौरान लोकतंत्र को मजबूत बनाने, क्षेत्र मे शत प्रतिशत मतदाताओ के द्वारा मतदान सुनिश्चित करने एवं समाज को अधिक से अधिक मतदान के लिए उत्साहित करने हेतु स्वीप कोषांग द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने के लिए मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान शांति समिति में आए जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी , पुलिस पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर किया। साथ ही मतदान के प्रति लोगों जागरूक करने हेतु स्वीप कोषांग द्वारा लगाए गए सेल्फी स्टैंड में सभी ने सेल्फी भी ली। इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओ को जागरूक करना है। स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान नगर आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग श्री रविराज शर्मा ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान के दिन सभी मतदाता अपने घर से निकले एवं अपने मत का प्रयोग करें। मतदाताओं की जागरूकता से लोकतंत्र का भविष्य निर्धारित होता है। प्रत्येक मतदाता को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए।

## 65 हजार रुपए मूल्य की 15 बॉक्स नकली शराब बरामद

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर उत्पाद विभाग लोकसभा चुनाव 2024 तथा होली त्यौहार के मद्देनजर जिले के अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में आज उत्पाद विभाग ने तोपचांची थाना क्षेत्र में छापेमारी कर लगभग 65 हजार रुपये मूल्य की नकली अंग्रेजी शराब बरामद की। इस क्रम में एक तहखाने से विभिन्न कंपनियों के 15 बॉक्स नकली अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसकी कीमत लगभग 65 हजार रुपये बताई जा रही है। छापेमारी की खबर मिलते ही नकली शराब का कारोबारी मंटू गोस्वामी फरार हो गया। उत्पाद विभाग ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल करने की तैयारी कर रहा है।

## सांसद आवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो जिला भाजपा के द्वारा सांसद कार्यालय सह जिला भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष जयदेव राय ने किया और संचालन वीर भद्र प्रसाद सिंह ने किया। जिसमें पारंपरिक लोक संगीत का गायन स्थानीय कलाकारों के द्वारा किया गया। सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली मनाया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से उस्थित धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कहा कि सनातनी परंपरा में मनाया जाने वाला होली का त्योहार बड़ी महत्व रखता है। आज के ही दिन सनातनी परंपरा के अनुसार भक्त के रूप में प्रहलाद ने भगवान की कृपा से आसुरी शक्तियों पर विजय पाई थी। प्रभु ने नर सिम्हा अवतार लेकर यह स्थापित किया की प्रभु किसी भी हद तक जाकर अपने भक्त की रक्षा करते हैं। इस दिन लोग अपने मतभेद भुलाने का काम करते हैं। होली उमंग का त्योहार है ,जिसे आपसी भाई चारे को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी ने कहा की होली रंग गुलालों का त्योहार है। प्रकृति भी बसंत ऋतु में हरी भरी और आकर्षक हो जाती है वातावरण भी मनमोहक हो जाता है। हिंदू परंपरा के अनुसार भगवान का भक्त के प्रति अनुराग को याद करने करने का त्योहार है। इस अवसर पर मुख्य रूप से वेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, धनबाद लोकसभा के संयोजक सतेंद्र नारायण सिंह, झारखंड प्रदेश भाजपा मंत्री सरोज सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष जयदेव राय, कमलेश राय,रोहित लाल सिंह, कमलेश राय ,भइया आर एन ओझा, परिंदा सिंह, संजय त्यागी, डॉक्टर प्रकाश सिंह, विद्या सागर सिंह, वीर भद्र प्रसाद सिंह, गौर रजवार, अर्चना सिंह, लीला देवी, विनोद कुमार, विनय आनंद,राकेश सिंह, मिर्गेंद्र प्रताप सिंह, पन्ना लाल कंदू, धीरज झा, विशाल गौतम,हरे राम मिश्र, चंदू सिंह, मधु, मोंटी सिंह,विनय ठाकुर, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झरिया में अवैध लॉटरी का कारोबार चलने नही दिया जाएगा : डीएसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनसार / झरिया।** बुधवार को जोड़ापोखर पुलिस ने अवैध लॉटरी के खिलाफ बड़ी कार्यवाई की है। 200 , 100 और 50 रुपये के 336 केजी लॉटरी जब्त किया है। इस बरामदगी को लेकर चार शातिरों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है। गुरुवार को सिंदरी एसडीपीओ ने जोड़ापोखर थाना में प्रेस वार्ता के दौरान मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा की वरीय पुलिस अधीक्षक को बुधवार को गुप्त सूचना मिली थी कि जोड़ापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कीटांड़ में बड़े पैमाने पर अवैध लॉटरी का भंडारण है .सूचना के सत्यापन हेतु सिंदरी एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जिसमें जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा व थाना के अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। टीम द्वारा बुधवार की देर शाम बड़कीटांड़ में जहांगीर नामक व्यक्ति के आवास में छापेमारी की गई । जिसमें बड़े पैमाने पर अवैध लॉटरी जब्त किया गया। इसमें किसी की गिरफ्तारी नही हुई। जिसे जामाडोबा का तनवीर झरिया का समीर और सब्बीर अवैध लॉटरी का भंडारण के लिए गोदाम के रूप में लिया था . जांच पड़ताल के बाद चार नामजद के जहांगीर , तनवीर , समीर और सब्बीर के खिलाफ अवैध लॉटरी भंडारण का मामला दर्ज किया गया है। चारों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी नामजद पुलिस के गिरफ्त में होंगे। किसी भी हाल में अवैध लॉटरी का कारोबार चलने नही दिया जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**
**(E -MAIL ID - midloh632@gmil.com)**

पत्रांक ................................../
लोहरदगा, दिनांक................................../

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 242 दिनांक– 15.03.2024 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/ LOHARDAGA/F2-43/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 322876 Lohardaga(23-24).D द्वारा प्रकाशित है को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

PR 323245 Lohardaga (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी**
**–सह–उपायुक्त, कोडरमा**
**(परिवहन शाखा)**

**–:प्रेस विज्ञप्ति:–**

एतद् द्वारा कोडरमा जिला में निबंधित सभी व्यवसायिक वाहन (BUS, LMV) के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि लोक सभा (आम) निर्वाचन, 2024 के निमित आपके वाहनों को अधियाचित किया गया है, तथा दिनांक 11.05.2024 (स्क्रोपियो, बोलेरो, सवारी, मैजिक, एवं छोटी वाहन) एवं दिनांक 17.05.2024 (बस) के अपराह्न में बागीटांड स्टेडियम, कोडरमा में जमा करने का निदेश है। वाहन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित दर पर वाहन के लिए उपयुक्त मुआवजा का प्रावधान है।
उल्लेखनीय है कि निर्धारित तिथि को वाहन जमा नहीं करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 के तहत कार्रवाई की जायेगी। जिसके तहत एक वर्ष तक के कारावास एवं जुर्माना का प्रावधान है।

अतः उक्त सभी वाहन स्वामियों को निदेशित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय को अचूक रूप से अपना वाहन बागीटांड स्टेडियम, कोडरमा में निम्नांकित कागजातों की प्रति के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

कागजातः–
1. निबंधन पुस्तिका की छाया प्रति।
2. चालक अनुज्ञप्ति की छाया प्रति।
3. मतदाता पहचान पत्र की छाया प्रति।
4. वाहन स्वामी के बैंक खाता संख्या, IFSC CODE के साथ।

नोडल पदाधिकारी, (वाहन कोषांग)
–सह–जिला परिवहन पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 323224 (Transport)23-24*D

